दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 328 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 23 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# अरावली पर्वतमाला में किसी भी तरह की छेड़खानी नहीं होने दी जाएगी : सीएम शर्मा

## मुख्यमंत्री ने सोमवार को झालावाड़ जिले में कांग्रेस पार्टी पर जोरदार हमला बोला और कहा कि कांग्रेस लोगों को गुमराह कर रही, कांग्रेस रोजाना नए-नए शगुफा ला रही

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को प्रदेश के झालावाड़ जिले की धरती से कांग्रेस पार्टी पर जोरदार हमला बोला और कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के लोगों को सिर्फ गुमराह करने के अलावा और कुछ नहीं कर रही उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास मुद्दा उठाने के लिए कुछ बचा ही नहीं है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है कांग्रेस पार्टी लगातार देश में एक के बाद एक राज्यों में लोगों का विश्वास होती जा रही है इसलिए कांग्रेस पार्टी के नेता अपनी जमीन को खिसकता हुआ देखकर बेवजह के मुद्दे रोजाना ढूंढ ढूंढ कर लाते हैं पहले ईवीएम मशीन फिर वोट चोरी और अब अरावली पर्वतमाला को लेकर जो शगुफा छेड़ा है वह बिल्कुल तथ्यहीन है उन्होंने कहा कि केंद्रीय वन मंत्री अरावली पर्वतमाला के संदर्भ में स्पष्ट बयान दे चुके हैं इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी इसको मुद्दा बनाकर लोगों को गुमराह कर रही है उन्होंने कहा कि अरावली पर्वतमाला के संरक्षण के लिए केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश सरकार दोनों संकल्पित है उन्होंने कहा कि पर्वतमाला में किसी भी तरह की छेड़खानी नहीं होने दी जाएगी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में झालावाड़ के दुधालिया में आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि हमारे देश की आधी आबादी महिलाओं के सशक्तिकरण से ही देश का विकास संभव है महिला हमारे परिवार का आधार है और राष्ट्र निर्माण की सच्ची शिल्पकार है प्रदेश के विकास में महिला शक्ति अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और हमारी सरकार भी महिला उत्थान के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान की धरा रानी पद्मिनी रानी कर्णावती हाड़ी रानी जैसी वीरांगनाओं की धरा है इनके शौर्य एवं पराक्रम से राजस्थान वीर भूमि बना उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के गौरवशाली 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हम प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में जाकर गरीब युवा महिला किसान सहित हर वर्ग से संवाद कर रहे हैं आज यह कार्यक्रम एक सम्मेलन नहीं बल्कि नारी के सम्मान का उत्सव है ।



### प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में 10 लाख गर्भवती महिलाएं लाभान्वित

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार ने पूरे प्रदेश में महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक कदम उठाए हैं प्रदेश में 19 लाख 45 हजार महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर 12 लाख से अधिक लखपति दीदी बनाई गई 1051000 साइकिल और 39586 स्कूटीयां छात्रों को देखकर बालिका शिक्षा को गति दी है इसके अलावा राज्य सरकार एक करोड़ 22 लाख महिलाओं एवं बालिकाओं को हर महीने निशुल्क सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध करवा रही है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत दी जाने वाली राशि को बढ़ाकर 6500 किया है इसमें लगभग 10 लाख गर्भवती महिलाओं को लाभ मिला है इसी प्रकार मां वाउचर योजना में 226000 महिलाओं को लाभ मिला है राज्य में 500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का गठन कर उनका प्रभावी संचालन किया जा रहा है इसके अलावा हमने प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत की है जिससे अपराध में उल्लेखनीय कमी आई है।

### नारी शक्ति सामाजिक बदलाव की अग्रदूत

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं वे केवल घर ही नहीं संभालती बल्कि देश-प्रदेश को सशक्त करने में भी अपना अमूल्य योगदान दे रही हैं विशेष तौर पर ग्रामीण महिलाएं अपने सीमित संसाधनों में भी परिवार समाज और आने वाली पीढ़ी को संवारने का कार्य कर रही हैं उन्होंने कहा की खुरपी से काम करने वाली महिलाओं के हाथ में आज टैबलेट और लैपटॉप आ गया है साथ ही स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं तथा सामाजिक बदलाव की अग्रदूत भी बन रही हैं ।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की कई विभिन्न घोषणाएं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बारा झालावाड़ के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए 100 हेड पंप 50 ट्यूबवेल और 25 किलोमीटर पाइपलाइन से संबंधित कार्यों की घोषणा की उन्होंने छोटी काली सिंध नदी पर बांध बनाने के लिए डीपीआर शीघ्र तैयार करने की घोषणा की मुख्यमंत्री शर्मा ने डग मैं स्थित पशु अनुसंधान केंद्र में स्वदेशी गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना करने की घोषणा की इस केंद्र में मालवी और गिर गोवंश सहित अन्य स्थानीय नस्ल के संरक्षणउन्नयन और सुधार के कार्य होने के साथ ही आधुनिक डेयरी प्रजनन कृत्रिम गर्भाधान आदि अत्यधिक सुविधा उपलब्ध होने की बात कही इस परियोजना पर लगभग 15 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे।

## भजनलाल शर्मा और वसुंधरा राजे सोमवार को फिर एक मंच पर साथ-साथ नजर आए

इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे झालावाड़ सांसद दुष्यंत सिंह और जिले के भारतीय जनता पार्टी के विधायक और पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेता मौजूद रहे इसके अलावा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दिखाई कार्यक्रम में अपने भाषण में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और स्थानीय सांसद दुष्यंत सिंह की प्रशंसा की और दुष्यंत सिंह को लोकप्रिय सांसद के रूप में संबोधित किया राजनीति के जानकार लोगों का कहना है कि वसुंधरा राजे और भजनलाल शर्मा के बीच पिछले कुछ महीनो से लगातार मजबूत राजनीतिक संबंध कायम हुआ है वसुंधरा राजे पार्टी और सरकार से जुड़े कार्यक्रमों में लगातार अपनी उपस्थिति दिख रही हैं पिछले दिनों प्रदेश के अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव के दौरान भी भजनलाल शर्मा और वसुंधरा राजे ने दो बार बड़े रोड शो का आयोजन करके कांग्रेस पार्टी के नेताओं की जुबान को विराम दे दिया था और सोमवार को भी झालावाड़ में आयोजित सरकार के बड़े कार्यक्रम में मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने अपनी उपस्थिति दिखाकर यह संदेश देने का प्रयास किया है कि उनकी ना तो मुख्यमंत्री से कोई नाराजी है और ना ही पार्टी से । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी हमेशा वसुंधरा राजे का पूरा आदर और सम्मान करते हैं और झालावाड़ और हाडोती आंचल की पार्टी की राजनीति रणनीति और विकास कार्यों के बारे में वसुंधरा राजे से सलाह लेकर ही निर्णय लेते हैं वसुंधरा राजे के सम्मान में मुख्यमंत्री शर्मा अपनी ओर से कोई कमी बाकी नहीं छोड़ते वसुंधरा राजे भी मुख्यमंत्री शर्मा के व्यवहार और उनकी वर्किंग स्टाइल से काफी प्रभावित हैं ।

## ऊर्जा मंत्री ने कोटा में दी 23.32 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

**जयपुर (कासं.)**राज्य सरकार के 2 साल का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर निकाली जा रही सांगोद विधानसभा क्षेत्र की विकास रथ यात्रा सोमवार को विभिन्न गांवों में पहुंची। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने भी विकास रथ के साथ गांवों का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने 23.32 करोड रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास कर ग्रामीणों को सौगातें दी। गांवों में विकास रथ पर लगी एलईडी के माध्यम से सरकार की 2 साल की उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इस दौरान ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के सहयोग से सांगोद विधानसभा क्षेत्र में खेतों तक रास्ते के लिए 35 करोड रुपए की सौगात मिली है। जिससे गांवों में हर खेत तक रास्ता पहुंचाने के हमारे संकल्प को पूरा करने में सहयोग मिला है। इन सड़कों के निर्माण कार्य पूर्ण होने पर ग्रामीणों की एक बड़ी मांग पूरी होगी। सड़कों का जाल बिछ रहा है। जिससे पूरी विधानसभा में कनेक्टिविटी बढ़ेगी। किसानों की उपज को खेतों से लाने और मंडी तक पहुंचाने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि 2 साल में राज्य सरकार ने शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, पानी, बिजली समेत हर क्षेत्र में काम किया है।ऊर्जा मंत्री ने ग्राम बरगु जेजेवाई के संवर्धन कार्य, ग्राम कुराड़ी से बरगू के मध्य पुलिया के नवनिर्माण कार्य, ग्राम भांडाहेड़ा से हनोतिया मेघवाल बस्ती में क्षतिग्रस्त सड़क के नवनिर्माण कार्य, ग्राम सुहाना से भांडाहेड़ा के मध्य पुलिया निर्माण कार्य और ग्राम सेवा सहकारी समिति भंडारण चौमा कोट के 500 मेट्रिक टन क्षमता के गोदाम का लोकार्पण किया। उन्होंने ग्राम पोलाई से कराड़िया बरगू मिसिंग लिंक रोड के 1.94 करोड रुपए की लागत से होने वाले निर्माण कार्य, 1.45 करोड रुपए की लागत से बनने वाले हनोतिया से रेलगांव भांडाहेड़ा मिसिंग लिंक सड़क तथा 1.86 करोड रुपए की लागत से बनने वाले ग्राम चोमा मालियान से हनुमान मंदिर संपर्क सड़क की पट्टिका का अनावरण भी किया।

## अल्पसंख्यकों पर हमलों के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर बढ़ा दबाव

ढाका

**(एंजेसी )**बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर बढ़ती हिंसा और कथित उत्पीड़न को लेकर राजधानी ढाका में विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक संगठनों ने अंतरिम सरकार पर सुरक्षा देने में नाकामी का आरोप लगाया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि देश में कानून-व्यवस्था कमजोर हुई है और अल्पसंख्यक समुदाय खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। सोमवार को अल्पसंख्यक संगठनों के नेताओं ने ढाका में मानव श्रृंखला बनाकर विरोध जताया। यह प्रदर्शन हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या के खिलाफ था। दास को मध्य मयमनसिंह शहर में एक कपड़ा फैक्ट्री से भीड़ जबरन बाहर ले गई और पीट-पीटकर मार डाला। इसके बाद उसके शव को आग के हवाले कर दिया गया। इस घटना ने पूरे देश में आक्रोश फैला दिया। माइनॉरिटी यूनिटी फ्रंट के संयुक्त संयोजक मनिंद्र कुमार नाथ ने अंतरिम सरकार के प्रमुख यूनुस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार मानवीय बांग्लादेश की बात करती है, लेकिन हकीकत में हिंसा, हत्या और अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न बढ़ा है। उनका आरोप है कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीन के सत्ता से हटने के बाद से हालात लगातार बिगड़े हैं। सरकार की ओर से कहा गया है कि दीपू चंद्र दास की हत्या के मामले में अब तक 12 लोगों को जेल या हिरासत में लिया गया है। रैपिड एक्शन बटालियन और पुलिस ने कुल 21 संदिग्धों की पहचान की है। इसके अलावा, राजधानी में प्रथोम आलो और डेली स्टार अखबारों के दफ्तरों, छायानट और उदिची शिल्पी गोष्ठी जैसे सांस्कृतिक संगठनों पर हमलों के सिलसिले में भी नौ लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

## नेशनल हेराल्ड मामला: दिल्ली हाई कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर सुनवाई, सोनिया और राहुल को नोटिस जारी

**नई दिल्ली** दिल्ली हाई कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी, सोनिया गांधी और अन्य के खिलाफ मनी-लॉन्ड्रिंग शिकायत पर ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें कोर्ट ने शिकायत का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश हुए। दिल्ली हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की ईडी की याचिका पर सोनिया और राहुल गांधी से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च 2026 को होगी। हाईकोर्ट में ईडी ने 16 दिसंबर के ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कहा गया था कि एजेंसी की शिकायत पर संज्ञान लेना कानूनन अस्वीकार्य है, क्योंकि यह किसी एफआईआर पर आधारित नहीं है। विशेष जज विशाल गोगने ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को खारिज करते हुए कहा था कि गांधी परिवार पुलिस की एफआईआर पाने का हकदार नहीं। दरअसल मजिस्ट्रेट कोर्ट ने गांधी परिवार को नेशनल हेराल्ड मामले में एफआईआर की प्रति देने का निर्देश दिया था। विशेष जज ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले को चुनौती वाली दिल्ली पुलिस की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश सुनाया। जज ने हालांकि कि कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में आरोपियों को यह सूचना दी जा सकती है कि एफआईआर दर्ज की है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में 3 अक्तूबर को कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

## मोदी सरकार में निःशुल्क विधिक सहायता से मजबूत हुआ आम नागरिक का भरोसाः मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने



कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरणों की पारदर्शी और जवाबदेशी व्यवस्था से देश के आमजन में न्याय प्रणाली पर भरोसा मजबूत हुआ है। मोदी सरकार के नेतृत्व में देशभर में निःशुल्क विधिक सहायता को एक सुदृढ़ पारदर्शी और प्रभावी प्रणाली के रूप में विकसित किया गया है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा सभी राज्यों से मासिक गतिविधि रिपोर्ट प्राप्त कर नियमित समीक्षा की जाती है जबकि वार्षिक रिपोर्ट संसद के समक्ष रखी जाती है। इसके अतिरिक्त संसदीय स्थायी समिति और विभिन्न राष्ट्रीय व क्षेत्रीय बैठकों के माध्यम से भी विधिक सेवा प्राधिकरणों के कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है। राठौड़ के सवाल पर केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सदन में यह जानकारी दी। राठौड़ ने बताया कि राजस्थान में बड़ी संख्या में जरूरतमंद नागरिकों को निःशुल्क विधिक सेवाओं का लाभ मिला है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में राजस्थान में 20,290 लोगों को, 2024-25 में 22 216 लोगों को और 2025-26 में अक्टूबर 2025 तक 16584 लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की गई। यह आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि न्याय केवल कागज़ों तक सीमित नहीं बल्कि आम जन तक वास्तविक रूप में पहुँच रहा है। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों विशेषकर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए देशभर में व्यापक विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बच्चों श्रमिकों आपदा पीड़ितों और दिव्यांगजनों के लिए शिविरों के साथ-साथ सरल भाषा में बुकलेट और पंपलेट वितरित किए जा रहे हैं।

# भजनलाल सरकार में बजरी माफिया और खाकी की दोस्ती को तोड़ने का सिलसिलाशुरू, 11 थाना अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई

## पुलिस महानिदेशक राजेश शर्मा की और से ताबड़तोड़ कार्रवाई, बजरी माफिया और बजरी माफिया से दोस्ती करने वाले पुलिस अधिकारियों में मचा हड़कंप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में पिछले कई सालों से बजरी माफिया और पुलिस के अधिकारियों के बीच आपस में चल रहे मिली भगत के खेल को बंद करने के लिए इस बार प्रदेश की भजनलाल सरकार ने अपना दृढ़ संकल्प दिखा दिया है इसी क्रम में सोमवार को पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने बजरी माफिया से 60 घाट और दोस्ती सोमवार को पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने बजरी माफिया से साथ गांठ करके प्रदेश को आर्थिक रूप से चूना लगा रहे और प्रदेश में बजरी के अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रहे पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना शुरू कर दिया है इसी क्रम में सोमवार को पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने प्रदेश के पांच थाना प्रभारी को निलंबित किया है और पांच आधा दर्जन थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया है यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय की विजिलेंस टीम की ओर से विशेष रूप से की गई जांच पड़ताल में दोषी पाए गए पुलिस अधिकारियों के खिलाफ की गई है जानकारी के अनुसार पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने टोंक जिले के बरौनी पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह पीपलू पुलिस स्टेशन के थाना अधिकारी रघुवीर सिंह बरौनी, पुलिस स्टेशन अजमेर के पीसांगन पुलिस स्टेशन और धौलपुर के कोतवाली पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी को निलंबित किया है इस तरह से फिलहाल 5 पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी को निलंबित किया गया है इसके अलावा प्रदेश में 6 अन्य थाना प्रभारी को लाइन हाजिर भी किया गया है जिन थाना प्रभारी को लाइन हाजिर किया गया है उसमें दोसा जिले के लालसोट जोधपुर के लूनी लूनी थाना गंगरार पुलिस स्टेशन गुलाबपुरा थाना कुन्हाड़ी पुलिस स्टेशन शामिल है ।



*उल्लेखनीय है कि प्रदेश में चाहे भारतीय जनता पार्टी की सरकार रही हो या फिर कांग्रेस पार्टी की सरकार रही हो बजरी माफिया पुलिस और प्रशासन के बीच आपस में सेटिंग होने की वजह से प्रदेश में अवैध बजरी खनन का सिलसिला पिछले कई सालों से लगातार जारी है इस अवैध बजरी खनन को लेकर कोर्ट की ओर से भी कई बार कड़ी टिप्पणी की गई कोर्ट की ओर से कई तरह की गाइडलाइन भी निर्धारित की गई लेकिन इसके बावजूद भी बजरी माफिया पुलिस के लोकल अधिकारियों और लोकल थानों में नियुक्त पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारी से दोस्ती करके अवैध बजरी खनन के कार्य को लगातार अंजाम दे रहे थे इस अवैध बजरी खनन के कारोबार से एक तरफ जहां प्रदेश सरकार को हर साल करोड़ों रुपए का चूना लग रहा था तो दूसरी तरफ प्रदेश की बनास और कई अन्य नदियों के अस्तित्व पर संकट के बादल छा रहे थे इसलिए स्थानीय लोग कई बार अवैध बजरी खनन का विरोध भी करते रहे सड़कों पर आंदोलन भी करते रहे लेकिन बजरी माफिया पुलिस प्रशासन के सहयोग से लगातार प्रदेश में बजरी के कारोबार को अवैध रूप से संचालित करते रहे और करोड़ों रुपए हर महीना कमाते रहे लेकिन इस बार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जीरो टॉलरेंस की नीति के आधार परसभी विभागों को कार्य करने के कड़े निर्देश दिए हैं इसी के चलते इस बार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कड़े निर्देश के बाद पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने 18 और 19 दिसंबर को प्रदेश भर में बजरी माफिया और पुलिस के बीच आपस की दोस्ती का पता लगाने के लिए विशेष अभियान को संपादित किया जिसमें फिलहाल प्रदेश में दर्जन भर पुलिस स्टेशन में तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारी की मिलीभगत होने का पता चला इसके बाद सोमवार को पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने पांच पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी को जहां निलंबित किया वहीं आधा दर्जन पुलिस थानों के प्रभारी को लाइन हाजिर किया । पुलिस मुख्यालय की ओर से हुई इस कार्रवाई के बाद पूरे प्रदेश भर में जहां-जहां पुलिस और बजरी माफिया के बीच आपस में सेटिंग का खेल चल रहा है वहां बजरी माफिया और खाकी से जुड़े लोगों में घबराहट छा गई है ।*

## अनिल जोनवाल आईटी सेल सदस्य मनोनीत

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)** भीम आर्मी भारत एकता मिशन की ओर से करवावाल निवासी अनिल जोनवाल को संगठन में प्रदेश आईटी सेल कमेटी सदस्य नियुक्त किया गया है। यह जानकारी संगठन के प्रदेश आईटी सेल प्रभारी सोनू बामणिया ने दी है इस नियुक्ति से कार्यकर्ताओं मै खुशी की लहर है प्रभारी ने बताया कि जोनवाल 6 वर्षों से पार्टी और संगठन के साथ है वो पहले भी अनेकों पदों पर कार्यरत रहे चुके हैं।

## लाभार्थी सतीश कुमार एवं राकेश कुमार का शहरी समस्या समाधान शिविर में सुगमता से हुआ काम

### वन राज्यमंत्री शर्मा के द्वारा पट्टा मिलने पर लाभार्थियों के चेहरों पर आई राहत भरी मुस्कान



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** राज्य सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एवं सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित शहरी समस्या समाधान का नगर निगम कार्यालय में शनिवार को आयोजन किया गया जिसमें वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने अलवर निवासी राकेश कुमार विजय एवं सतीश कुमार खण्डेवाल को पट्टा प्रदान कर लाभांवित किया। लाभार्थियों ने बताया कि मकान का पट्टा नहीं होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा था। हमने पूर्व में पट्टे के लिए आवेदन किया था। शिविर की सूचना पर नगर निगम कार्यालय में आकर नगर निगम आयुक्त को पट्टे के आवेदन के बारे में अवगत कराया, जिस पर नगर निगम आयुक्त ने आवेदन और दस्तावेजों की जांच कराकर अत्यंत ही सुगमता से हमारी समस्या को प्राथमिकता में रखते हुए त्वरित कार्यवाही कर पट्टे से संबंधित दस्तावेज जारी कर दिए और वन मंत्री संजय शर्मा ने हमें पट्टे के दस्तावेज प्रदान किए। इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा का आभार जताते हैं।

## महिला योग शक्ति दिवस कार्यक्रम 24 को

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारतीय योग संस्थान अलवर इकाई की ओर से महिला योग शक्ति दिवस कार्यक्रम 24 दिसंबर बुधवार को दोपहर 2 से 4 बजे तक लॉईस सिटी होम्स सोसायटी, 200 फीट रोड अलवर में आयोजित किया जाएगा। संस्थान के प्रांतीय संगठन मंत्री एवं विभागीय अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी महिला योग शक्ति दिवस वार्षिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. पवन सिंह शेखावत, प्रदेश संयोजक आयुर्वेद मेडिकल एसोसिएशन राजस्थान एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. एस सी मित्तल, निदेशक मित्तल हॉस्पिटल अलवर होंगे। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता डॉ. शेखावत 'स्वस्थ दीर्घायु जीवन में आयुर्वेद एवं योग' की महत्ता विषय पर व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम में भारतीय योग संस्थान से जुड़े जिले भर के योग साधक भाई बहने एवं योग प्रेमी बंधु सम्मिलित होंगे।



## जेडी सीनियर सेकेंडरी व ऑरेकल अकादमी का खेलकूद महोत्सव का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** जेडी सीनियर सेकेंडरी एवं ऑरेकल अकादमी में वार्षिक खेलकूद महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को संस्था प्रधान द्वारा रिबन काटकर , दीप प्रज्वलन व स्टेच्यू ओपनिंग के साथ किया उद्घघाटन के बाद विद्यार्थियों का अनुशासित मार्च पास्ट व सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आकर्षण रहीं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। सांता क्लॉज़ की एंट्री और उपहार वितरण ने बच्चों में खास खुशी भर दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम हर्षोल्लास व अनुशासन के साथ संपन्न हुआ।

## शुद्ध आहार–मिलावट पर वारः रोस्टेड चना के नमूने लिए, 150 किलो माल जप्त

**अलवर(निसं.)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्तालय जयपुर, जिला कलेक्टर अलवर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर डॉ. योगेंद्र शर्मा के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे शुद्ध आहार–मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने बाजार में कार्रवाई की। आयुक्तालय से प्राप्त निर्देशानुसार रोस्टेड चना के नमूने लिए गए। केंडल गंज, अलवर स्थित बाजार में कनिष्क एंटरप्राइजेज से रोस्टेड चना का एक नमूना जांच हेतु लिया गया तथा लगभग 150 किलोग्राम रोस्टेड चना की पांच बोरियां जप्त की गईं। वहीं मनु मार्ग, अलवर स्थित रिलायंस रिटेल लिमिटेड के रिटेल स्टोर से रोस्टेड चना के दो अलग-अलग ब्रांडों के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी जय सिंह यादव, केशव गोयल, अशोक लखेरा एवं विश्व बंधु गुप्ता उपस्थित रहे। विभाग ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भगवान के नाम पर राजनैतिक रोटियां सेंकने वाले भाजपा नेता राजनीतिक स्टंट कर रहें हैं - नेता प्रतिपक्ष जूली

### मिनी सचिवालय पर जिला कांग्रेस कमेटी की और सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया गया

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** केन्द्र की मोदी-शाह सरकार द्वारा राजनीतिक षड्यंत्र के तहत मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) का नाम परिवर्तन करने के प्रयास के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर के अध्यक्ष प्रकाश गंगावत के नेतृत्व में मिनी सचिवालय, अलवर के बाहर गांधीवादी तरीके से सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन, अलवर को सौंपा गया। प्रदर्शन में सेव अरावली मुहिम को भी शामिल किया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि भगवान के नाम पर राजनैतिक रोटियां सेंकने वाले भाजपा के नेता राजनीतिक स्टंट कर रहें हैं । उन्होनें कहा कि नरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाना उनकी दूसरी राजनीतिक हत्या के बराबर है। जूली बोले भगवान श्रीराम के नाम पर राजनीति करने वालों को उनसे सीखना चाहिए। उन्होनें तो सबरी के झूठे बेर खाए थे, आप तो यूपीए सरकार के कानून को कमजोर कर गरीबों के निवाले पर डाका डालने का काम कर रहें है। उन्होंने कहा कि हठधर्मी सरकार में मनरेगा का सिर्फ नाम ही नहीं बदला बल्कि गरीबों के हक को छीनने का प्लॉन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में पूरे देश मे नरेगा के माध्यम से जरूरतमंदों को रोजगार देकर आर्थिक सुदृढ बनाया गया। खनन माफियाओं को देंगे मुंह तोड देश व प्रदेश की अरावली पर्वतमालाओं को छलनी करने वाले खनन माफियाओं को किसी भी सूरत में पनपने नहीं देंगे जिसका खामियाजा पूरी भाजपा सरकार को भुगतना पडेगा। आज अरावली का यह मुददा कांग्रेस पार्टी का नहीं बल्कि देश के प्रत्येक व्यक्ति के लिए जन आंदोलन बन गया है। अरावली की सम्पदा अपने उधोगपति मित्रों को सौंपने की साजिश कभी पूरी नहीं होगी। राष्ट्रीय सचिव व भरतपुर सांसद संजना जाटव ने कहा की यह विरोध केवल एक नाम परिवर्तन का नहीं बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यो, संविधान की भावना व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की विरासत की रक्षा का संकल्प है। जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने कहा कि यह केवल एक योजना का नाम बदलने का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार, दर्शन और उनके नाम को सार्वजनिक स्मृति से मिटाने की एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश है। मनरेगा महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज, श्रम की गरिमा और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत के विचारों की जीवंत अभिव्यक्ति है। यह योजना करोड़ों ग्रामीण गरीबों को काम का अधिकार देती है – जो गांधी जी के सामाजिक न्याय के सिद्धांत का मूल है। मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि भूख, पलायन और असमानता के खिलाफ एक संवैधानिक सुरक्षा कवच है। मनरेगा ने अब तक करोड़ों परिवारों को रोजगार दिया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सहारा दिया, पलायन रोका और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया। यह सरकार पहले भी गांधी, नेहरू, अंबेडकर और आज़ादी के आंदोलन से जुड़े प्रतीकों को कमजोर करने का प्रयास करती रही है। जिस योजना ने कोरोना काल में करोड़ों गरीबों को भुखमरी से बचाया, उसी योजना के नाम पर आज राजनीति करना संवेदनहीन और शर्मनाक है। कांग्रेस पार्टी स्पष्ट विरोध करती है कि मनरेगा का नाम बदलने का कोई भी प्रयास स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अपमान और संविधान की भावना के विरुद्ध है। यदि सरकार ने यह षड्यंत्र नहीं रोका, तो कांग्रेस पार्टी सड़क से संसद तक लोकतांत्रिक संघर्ष करेगी। साथ ही अरावली को बचाने हेतु कांग्रेस पार्टी का हर एक कार्यकर्ता तैयार है। प्रदर्शन की शुरुवात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर की गई जबकि महात्मा गांधी अमर रहे-अमर रहे-अमर रहे के नारे के साथ प्रदर्शन का समापन किया गया। इस अवसर पर उपजिला प्रमुख ललिता मीणा, प्रधान नसरु खान, अजीत यादव, आर्यन जुबेर खान, पूर्व जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, जगदीश बेनीवाल, जोगेन्द्र कोचर, पुष्पेन्द्र धाबाई, सुरेश पूंछरी, दीनबन्धु शर्मा, कमलेश सैनी, लीली यादव, सुनील बोहरा, जे डी आर्यन, प्रीतम मेहदीरत्ता, हरिशंकर रावत, विश्राम गुर्जर, मुकेश सारवान, रामबहादुर सिंह तँवर, हिरेन्द्र शर्मा, राजेश कृष्ण सिद्ध, रमन, सैनी, अंकित गोयल, रिपुदमन गुप्ता, के.के. खण्डलेवाल, जमशेद खान, एस. आर यादव, प्रमेन्द्र शर्मा, दीपेन्द्र सैनी, गौरव यादव, रवि मीणा, ओमप्रकाश ढहलावास, नरेन्द्र मीणा, प्रशांत राजा, गौरीशंकर विजय, सोनू गोपालिया, हिमांशु शर्मा, कमल सैन, रामकिशन थानेदार, बीना नरुका, अनिल जैन, विकास बबेरवाल, सहित जिला एवं शहर कांग्रेस पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, सेवादल के पदाधिकारी व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विकास रथ के माध्यम से जनसंवाद कर गांवो को मिली विकास की सौगात

जयपुर टाइम्स



**बहरोड़(निसं.)।** विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव द्वारा विधानसभा क्षेत्र में विकास रथ यात्रा के माध्यम से जनसंपर्क किया गया। राजस्थान सरकार के 2 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह विकास रथ यात्रा ग्राम पंचायत कारोड़ा से होकर गुजरी, जहां स्थानीय नागरिकों ने यात्रा का स्वागत उत्साहपूर्वक किया। विकास रथ यात्रा के दौरान लोगों को सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस दौरान कांकर दोपा गांव में ग्रामीण सेवा शिविर-2025 के अंतर्गत स्थानीय लोगों की समस्याओं को विधायक ने सुना और अधिकारियों को त्वरित समाधान का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत कांकर डोपा में डॉ. जसवंत सिंह यादव ने पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विधायक कोष से 3 फेज बोरवेल के लिए 14 लाख रुपये की और सड़क निर्माण के लिए 05 लाख की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं को लेकर अपने सुझाव भी शेयर किए। इस अवसर पर विधायक ने कहा, 'हमारा लक्ष्य सरकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुँचाना है। सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के साथ ही लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में योगदान देना हमारी प्राथमिकता है।' डॉ. यादव ने श्यामपुरा और शिमला में भी जनता से संवाद किया जहां उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना, उनकी आवश्यकताओं और सुझावों को समझा और उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवश्यक समाधान समयबद्ध रूप से लागू हों। इन कार्यक्रमों में एसडीएम रामकिशोर मीणा, तहसीलदार राजेन्द्र मोहन, बस्तीराम प्रधान प्रतिनिधि, राजेश फौजी मण्डल अध्यक्ष बर्डोद, शिवचरण गुरूजी, देवेन्द्र यादव, कृष्ण यादव, नरेन्द्र यादव, कर्मवीर यादव उपस्थित थे।

## सरकारी स्कूल में स्टील फर्नीचर दिया, प्रतिभाओं को किया सम्मान

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 2 राजगढ़ में बच्चों के बैठने के लिए कुर्सी तथा टेबल प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार व उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीणा थी जबकि अध्यक्षता संरक्षक दौलत राम हजरती ने की। कार्यक्रम में स्कूल को फर्नीचर शिक्षाविद और नेक कमाई के सलाहकार प्रो. जी. डी. मेहंदीरता ने पत्नी मीना मेहंदीरता की स्मृति में प्रदान किया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका आशा सुमन ने विद्यालय के विकास में भामाशाह की भूमिका बताई। इस अवसर पर राजगढ़ के समाजसेवी लायंस कलब के अध्यक्ष खेम सिंह आर्य ने कहा कि नेक कमाई फाउंडेशन ने राजगढ़ क्षेत्र में स्कूलों के विकास में बेहतरीन कार्य किया है। इस अवसर पर चिकित्सक डा. गौरव सक्सेना तथा उमेश मंडावरा ने विचार व्यकत किए। कार्यक्रम में खेल में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर नंदनी, छवि और अनुष्का को नेक कमाई की ओर से सम्मानित किया गया। इसमें मिड डे मिल बनाने वाली सहित विद्यालय में बेहतरीन कार्य करने वाले स्टाफ को सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक नरेन्द्र सैनी ने आभार जताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती ने कहा कि सरकारी स्कूलों में अब पहले से अधिक मूलभूत सुविधाएं और संसाधन है जिससे उनके विद्यार्थी बेहतर परिणाम दे रहे हैं। नेक कमाई ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया है। संरक्षक दौलत राम हजरती ने बच्चों के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन तथा जर्सिया व स्टेशनरी किट देने की घोषणा की। प्रो.म् जी. डी. मेहंदीरता ने कहा कि इस विद्यालय में बच्चों को संसाधनों की कमी नहीं होने दी जाएगी। संचालन आशा सुमन ने किया।

### केंद्रीय विद्यालय शिफ्टिंग पर बवाल

## 24 घंटे का अल्टीमेटम नहीं मानी मांग तो राजगढ़ बंद

जयपुर टाइम्स



**राजगढ़(निसं.)** केंद्रीय विद्यालय को रैणी के दलालपुरा में शिफ्ट करने के निर्णय के खिलाफ सोमवार को राजगढ़ में तीखा विरोध दर्ज कराया गया। राजगढ़ कस्बेवासियों ने तहसील परिसर में एकत्रित होकर उपखण्ड अधिकारी सीमा मीणा को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कड़ा ऐतराज जताया एडवोकेट मुकेश जैमन ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति राजगढ़ उपखंड के लिए हुई थी, लेकिन राजनीतिक लाभ के चलते इसे राजगढ़ से हटाकर रैणी के दलालपुरा ले जाया गया, जो पूरी तरह गलत और जनभावनाओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से राजगढ़ का शैक्षिक और समग्र विकास बाधित हो रहा है, जिसे क्षेत्र की जनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी जैमन ने आरोप लगाया कि पूर्व में भी प्रशासन को इस गंभीर मुद्दे से अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला। उन्होंने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 24 घंटे के भीतर केंद्रीय विद्यालय को रैणी के दलालपुरा से निरस्त कर राजगढ़ कृषि उपज मंडी स्थित भूमि पर शिफ्ट नहीं किया गया, तो बुधवार से राजगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों के लोग सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन करेंगे। साथ ही राजगढ़ के बाजार अनिश्चितकालीन बंद रखने का भी ऐलान किया गया है ज्ञापन सौंपने के दौरान राजगढ़ क्षेत्र की बड़ी संख्या में जनता मौजूद रही। लोगों ने एक स्वर में कहा कि यह लड़ाई केवल एक विद्यालय की नहीं, बल्कि राजगढ़ के भविष्य और विकास की है। प्रशासनिक निर्णय में बदलाव नहीं होने पर आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी भी दी गई।

## अस्पताल गेट पर बेतरतीब खड़े वाहन बने मरीजों की मुसीबत

### एम्बुलेंस जाम में फंसी

जयपुर टाइम्स




**राजगढ़(निसं.)** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर के मुख्य गेट के बाहर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों ने मरीजों और उनके परिजनों की परेशानी बढ़ा दी है सोमवार को इस अव्यवस्था का गंभीर नतीजा तब सामने आया, जब एक एम्बुलेंस गंभीर मरीज को लेकर अस्पताल पहुंची, लेकिन गेट के बाहर खड़े वाहनों के कारण जाम में फंस गई प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अस्पताल गेट के आसपास दोपहिया व चारपहिया वाहन बिना किसी नियम के खड़े कर दिए जाते हैं। एम्बुलेंस के पहुंचने पर कुछ देर तक स्थिति जस की तस बनी रही। बाद में आसपास मौजूद कर्मचारियों और लोगों ने वाहनों को इधर-उधर हटाकर किसी तरह एम्बुलेंस को रास्ता दिलाया स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल गेट पर वाहन खड़ा करना अब रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है। कई बार मरीजों को स्ट्रेचर पर लाने-ले जाने में भी दिक्कत होती है, वहीं आपातकालीन सेवाओं के लिए बने रास्ते पर भी अतिक्रमण जैसा हाल रहता है मरीजों और उनके परिजनों ने आरोप लगाया कि इस संबंध में पहले भी कई बार शिकायत की गई, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकला लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल गेट के बाहर नो-पार्किंग ज़ोन स्पष्ट रूप से चिन्हित किया जाए, नियमित निगरानी की व्यवस्था हो और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए साथ ही पुलिस विभाग के सहयोग से व्यवस्था सुधारने की आवश्यकता जताई गई, ताकि भविष्य में किसी मरीज की जान जोखिम में न पड़े स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर थोड़ी-सी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक ठोस कदम उठाता है

## जिला कलक्टर ने ली पेयजल आपूर्ति व्यवस्था एवं जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा बैठक

### शहर के चार जोनों में 1 जनवरी से होगी 48 घण्टे के समय अंतराल पर पेयजल सप्लाई

### ग्रीष्म ऋतु के दौरान सुचारू पेयजल सप्लाई हेतु स्वीकृत 81 नए ट्यूबवेलों को मार्च माह तक चालू कराने का दिया लक्ष्य

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में जिले की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था एवं जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि जलदाय विभाग के समस्त अधिकारी टीम भावना से कार्य करते हुए स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों को निश्चित समयानुसार धरातल पर अमलीजामा पहनावे। उन्होंने जल जीवन मिशन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जल जीवन मिशन के तहत एक माह के दौरान ही 6 हजार से अधिक नए घरेलू जल कनेक्शन किए जाने पर संतोष जाहिर कर जलदाय विभाग की अधीक्षण अभियन्ता को आगामी माह में इससे अधिक लक्ष्य अर्जित करने के दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आगामी मार्च माह तक शेष सभी घरेलू कनेक्शन करने हेतु मासिक लक्ष्य दिए।

### ग्रीष्म ऋतु में सुचारू पेयजल सप्लाई की तैयारियां शुरू

उन्होंने निर्देश दिये कि अलवर शहर में पेयजल की सुचारू सप्लाई हेतु स्वीकृत सभी 81 नए ट्यूबवेल को मार्च माह तक पूर्णतः चालू कराने के दिशा-निर्देश दिये। साथ ही 45 ट्यूबवेलों की डिपनिंग कार्य को इसी माह 31 दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आपूर्ति सुचारू रहे इसके लिए स्वीकृत कार्यों को मार्च माह तक पूर्ण करावे। साथ ही नए कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर यथाशीघ्र स्वीकृत करावे। उन्होंने अमृत 2.0 योजना की विस्तृत समीक्षा कर योजना के अंतर्गत जिले के चार ब्लॉकों खेडली, लक्ष्मणगढ़, गोविन्दगढ़ एवं रामगढ़ में 52.13 करोड़ रूपये की राशि के स्वीकृत कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

# हिंदुत्व और राष्ट्र प्रेम के पर्याय हैं संघ समर्पित भाजपा नेता मदन दिलावर

## बेहद गरीब परिवार से जन्मे हाडोती के दलित नेता की है संघर्षपूर्ण जीवन यात्रा

### अयोध्या के राम जन्मभूमि आंदोलन में भी निभा चुके महत्वपूर्ण भूमिका, भाजपा के तीन अलग-अलग मुख्यमंत्री के मंत्रिमंडल के भी रहे हैं सदस्य

जयपुर टाइम्स

जयपुर(रामेश्वर लाल जाट)। अपने जीवन के शुरू के दुख भरे दिनों में कभी साड़ी बेचकर और कभी सब्जी बेचकर अपना और अपने परिजनों का पेट भरने वाले हाडोती अंचल के प्रमुख बड़े दलित नेता मदन दिलावर की अब तक की जीवन यात्रा का सफर किसी सुपरहिट हिंदी फिल्म के उस प्रमुख हीरो की तरह है। जिसमें वह गरीबी में जन्म लेता है और फिर अपनी मेहनत लगन और धैर्य से समाज और देश में ऊंचा सम्मान पा लेता है जी हां जो लोग मदन दिलावर के बचपन से अच्छी तरह से वाकिफ हैं और जिन लोगों ने दिलावर की कठिन संघर्ष यात्रा को अपनी आंखों से देखा है। वे सब खुद मुखर होकर बोलते हैं कि दिलावर जैसा बनने के लिए ठीक उसी तरह से हिम्मत और धैर्य रखना पड़ेगा जैसे गाड़िया लोहार के पास लोहा को बार-बार तपाया जाता है वैसे तो प्रदेश की हाडोती क्षेत्र में भाजपा में एक से बढ़कर एक बड़े नेता सालों से रहे हैं लेकिन इन सभी नेताओं में दिलावर ने भी खुद को अपने आप में हिंदुत्व वादी राष्ट्र प्रेम सच्चा गौ सेवक और संघ समर्पित नेता के रूप में साबित करके दिखाए यही वजह रहेगी दिलावर भैरों सिंह शेखावत वसुंधरा राजे और वर्तमान में भजनलाल सरकार के मंत्रिमंडल के सदस्य हैं दिलावर भाजपा के उन नेताओं में है जो सदन के अंदर और सदन के बाहर निडर होकर शेर की तरह दहाड़ते हुए बोलते हैं। जब हिंदुत्व राष्ट्र प्रेम और गाय माता के हितों के लिए बोलते हैं तो इनकी जुबान के साथ इनके शरीर का हर अंग बोलने लग जाता है जिसकी वजह से सामने वाला चाहे कोई कितना ही ताकतवर और दबंग क्यों ना हो उसे बैक फुट पर होना ही पड़ा। यही राजनीति करने की दिलावर की सबसे बड़ी खासियत रही चाहे प्रदेश मे अपनी पार्टी की सरकार रही हो या फिर कांग्रेस पार्टी की हमेशा दिलावर ने नियम और सिद्धांतों की राजनीति की है दिलावर ने हमेशा हिंदुत्व और राष्ट्र प्रेम को सबसे आगे रखते हुए अपने पॉलीटिकल करियर को आगे बढ़ाया और कभी भी ऐसा कोई कदम नहीं उठायाऔर ऐसा कोई पार्टी विरोधी कार्य नहीं किया ।



### बचपन और युवा अवस्था में कभी साड़ी और कभी सब्जी बेचकर परिजनों का दिया साथ

मदन दिलावर का जन्म प्रदेश के बारा जिले की अटरू तहसील के अरनोदा गांव में एक साधारण से दलित गरीब परिवार में हुआ इनके पिता का नाम माधव लाल और माता का नाम गोपी बाई था जब दिलावर का जन्म हुआ उस समय राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश में दलित आदिवासी वर्ग के लोगों की हालत काफी खराब थी। यह वर्ग बहुत ही दयनीय अवस्था में अपना जीवन जीते थे इसलिए दिलावर का बचपन भी बहुत ही तंगी और कठिन परिस्थिति में बीता। लेकिन कठिन और विपरीत परिस्थितियों में संघर्षपूर्ण तरीके से जीने की ललक दिलावर को बचपन से ही हो गई थी इसलिए इन्होंने संघर्ष को जीवन की सच्चाई मानकर उसका सामना किया और अपनी स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई का खर्चा चलने अपने परिवार का पेट भरने के लिए और अपने माता-पिता को आर्थिक संबल देने के लिए इन्होंने कभी सब्जी बेचकर धन संग्रह किया तो कभी अहमदाबाद से थोक में साड़ियां लाकर कोटा के बाजार में उन्हें बेचकर अपने परिवार को आर्थिक ताकत दी। दिलावर काफी इंटेलिजेंट स्टूडेंट थे, लेकिन दलित और गरीब होने का अभिशाप उन्हें उनकी योग्यता के अनुरूप कार्य करने के लिए अड़चन पैदा करता रहा लेकिन इन्होंने कभी भी हिम्मत नहीं हारी। धैर्य और संयम के साथ एक तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखों में जाकर खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से ताकतवर और मजबूत बनाते रहे तो दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के संगठन में भी बढ़-चढ़कर काम करते रहे और अपना रास्ता पॉलिटिक्स में बनाते रहे इस दौरान इन्होंने जोधपुर में इंजीनियरिंग में डिप्लोमा भी हासिल किया।

### कुशा भाऊ ठाकरे पहले ही नजर में दिलावर की निष्ठा और समर्पण भाव को जान गए थे

जानकार लोगों का कहना है कि मदन दिलावर संघ से बचपन से ही जुड़ गए थे और संघ की शाखों में नियमित रूप से जाया करते थे जिसकी वजह से अनुशासन, संयम, राष्ट्र प्रेम और हिंदुत्व के प्रति उनकी गहरी निष्ठा और आस्था बचपन से ही हो गई थी । हालांकि 1960 से पहले प्रदेश के हाडोती आंचल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का ज्यादा अस्तित्व नहीं था और यहां कांग्रेस पार्टी का अच्छा साम्राज्य रहा लेकिन 1960 के बाद कोटा और आसपास के जिलों में संघ का तेजी से प्रचार प्रसार और विस्तार हुआ जिसकी वजह से कोटा बहुत जल्दी ही संघ की एक श्रेष्ठ कार्यस्थली बन गया जिसमें दिलावर जैसे युवा लोगों के आगमन से संघ का कोटा बूंदी झालावाड़ बारा जिले में संघ का अच्छा प्रभाव दिखने लगा था और यहां राजस्थान और देश भर के संघ से जुड़े बड़े-बड़े स्वयंसेवकों के आने-जाने का सिलसिला लगा रहता था। इसी क्रम में 1984 में तत्कालीन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के दावेदार के रूप में माने जाने वाले कुशा भाऊ ठाकरे बारा जिले में पार्टी के किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा मौजूद थे जिसमें एक दिलावर भी थे। उस समय दिलावर को कोई पार्टी में ज्यादा जनता नहीं था ठाकरे ने वहां मौजूद पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से पूछा कि आप में से ऐसा कौन है जो बिना चुनाव के टिकट की इच्छा रखें पार्टी के लिए काम कर सके अगर कोई हो तो अपना हाथ खड़ा करें जिस पर वहां किसी ने भी हाथ खड़ा नहीं किया लेकिन दिलावर अकेले थे जिन्होंने वहां हाथ खड़ा करके बिना टिकट की लालसा के पार्टी के लिए काम करने की दृढ़ता दिखाई । यह देखकर ठाकरे दिलावर से काफी प्रभावित और खुश हुए तब से दिलावर को प्रदेश भाजपा के संगठन में कार्य करने के लिए अच्छी और बड़ी जिम्मेदारी मिलने का सिलसिला शुरू हो गया। इस तरह से दिलावर ने शुरू में ही अपने व्यवहार और बर्ताव से पार्टी के बड़े नेताओं को अपने बारे में यह एहसास दिला दिया था कि वह विधायक या सांसद बनने के लिए नहीं बल्कि पार्टी की संगठन को मजबूती देने के बारे में ज्यादा सोचते हैं तब से लेकर अब तक दिलावर हमेशा भाजपा के कर्मठ और समर्पित नेता के रूप में काम करते हुए आ रहे हैं ।

### अयोध्या का राम मंदिर बनने के बाद ही दिलावर ने लोगों से अपने गले में माला पहनने की शुरू

मदन दिलावर स्कूल और कॉलेज के जमाने से ही हिंदुत्व और राष्ट्र प्रेम के प्रति गजब की श्रद्धा रखते थे इसीलिए अपने गृह जिले और आसपास के अन्य जिलों में सालों से विभिन्न हिंदूवादी संगठनों से सीधे जुड़े हुए हैं ।चाहे विश्व हिंदू परिषद हो या फिर बजरंग दल इन सब संगठनों में दिलावर की भूमिका हाडोती क्षेत्र में सबसे आगे रही। कोटा में बजरंग दल इकाई के अध्यक्ष भी रहे प्रदेश में जब-जब जहां-जहां हिंदुओं और गाय पर अत्याचार हुआ उन जगहों पर दिलावर सबसे पहले पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते नजर आए । अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन में भी दिलावर की जोरदार अग्रणी भूमिका रही चाहे अयोध्या के राम मंदिर के चंदे के लिए धन संग्रह करने की बात हो या फिर अयोध्या में बाबरी मस्जिद को विध्वंश करने का विषय हो दिलावर राजस्थान से जाने वाले कार सेवकों में सबसे आगे रहे अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन के दौरान दिलावर के भाषण रोंगटे खड़े कर देने वाले हुआ करते थे और हिंदुओं में जन जागृति पैदा करने के लिए उनकी ओर से दिए गए भाषण हमेशा चर्चा में रहे । अब भी कई बार जब हिंदुत्व और गाय माता की रक्षा करने की बात आती है तो दिलावर सड़क पर ही नहीं बल्कि राजस्थान विधानसभा में भी खुलकर हिंदुत्व और गौ माता की वकालत करते हैं उनके भाषण को सुनकर कई बार सदन में बैठे विपक्ष के लोग एतराज भी जताते हैं हंगामा भी करते हैं लेकिन दिलावर हिंदुत्व की रक्षा राष्ट्र प्रेम और गाय माता के हितों के लिए हर किसी से किसी भी समय किसी भी हालत में टकराने को तैयार रहते हैं । अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन के लिए जब-जब साधु संतों और आंदोलन से जुड़े लोगों की ओर से मुखर आवाज उठाई गई तो राम मंदिर के लिए दिलावर ने अपना तन मन धन सब कुछ न्योछावर किया। यहां तक की फरवरी 1990 में मदन दिलावर ने शपथ ली थी कि जब तक अयोध्या का राम मंदिर नहीं बन जाएगा तब तक चाहे वह विधायक बने, मंत्री बने ,सांसद बने ,केंद्रीय मंत्री बने, कुछ भी बने लोगों के हाथों से फूलों का हार या माला नहीं पहनेंगें। दिलावर अपनी शपथ पर अटल रहे इस दौरान दिलावर कई बार विधायक चुने गए, कई बार राजस्थान सरकार के मंत्री भी रहे, कई बार खुशी के बड़े-बड़े अवसर आए, लेकिन उन्होंने कभी भी खुशी के अवसर पर लोगों से फूलों की माला ग्रहण नहीं की। बाद में कुछ साल पहले जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संघ प्रमुख मोहन भागवत और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में जब अयोध्या के राम मंदिर का उद्घाटन हुआ तब जाकर मदन दिलावर ने खुद कहा कि अब उनकी प्रतिज्ञा पूरी हो चुकी है और अब वह लोगों से अपने गले में फूलों की माला डलवाएंगे अब दिलावर खुशी के अवसर पर अपने स्वागत सत्कार में अपना सर नीचा करके लोगों से फूलों की माल भी पहन रहे हैं ।



### स्कूलों में वंदे मातरम, राष्ट्रगान, बच्चों की ड्रेस, कोर्सेज को लेकर काफी सख्त निर्णय लिए दिलावर ने

शिक्षा मंत्री के तौर पर मदन दिलावर ने प्रदेश के सभी स्कूलों में रोजाना वंदे मातरम और राष्ट्रगान का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया है। दिलावर ने अपने अधीन विभागों में भी राष्ट्रगान और वंदे मातरम को अनिवार्य रूप से रोजाना गायन किया जाना सुनिश्चित किया है । इसकी अवहेलना करने वाले शिक्षकों अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात भी दिलावर ने साफ कहती है। इसके बाद सरकारी स्कूलों में वंदे मातरम और राष्ट्रगान का नियमित रूप से आयोजन होने लगा है इस निर्णय की सभी प्रशंसा कर रहे हैं । क्योंकि स्कूली बच्चों में अगर रोजाना सुबह-शाम इन दोनों राष्ट्रीय गीतों का गायन होगा तो निश्चित रूप से बच्चों में राष्ट्र प्रेम और राष्ट्रभक्ति की भावना और मजबूत होगी ।इसी तरह से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के विभिन्न कक्षाओं के कोर्सेज को लेकर भी दिलावर काफी गंभीर और सजग हैं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की किताबों में उस पाठ्य सामग्री को हटा दिया गया है जो राजस्थान के महान बहादुर शासको के शौर्य गाथा को कमजोर और उन्हें नीचा दिखाने की ओर इंगित कर रही थी इस तरह के पाठ निश्चित रूप से बच्चों का समग्र विकास करने में बड़ा बनते हैं और कहीं ना कहीं बच्चे राजस्थान और भारत के प्राचीन इतिहास के बारे में सही जानकारी हासिल नहीं कर पाते इसीलिए ऐसे अनेक पाठ दिलावर के अनुशंसा पर हटाए गए जिनको लेकर लोगों में खुशी भी है। दिलावर चाहते हैं कि स्कूलों के पाठ्यक्रम में उन विषयों को ज्यादा तवज्जो दिया जाना चाहिए जिन्हें पढ़कर बच्चे संस्कारवान बहादुर ईमानदार और देश के प्रति एक अच्छा नागरिक बन सके इसलिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के कोर्सेज पर भी दिलावर हमेशा नजर का रखते हैं और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के भाव से शामिल किए गए कोर्सेज को बोर्ड के पाठ्यक्रम से हटवाने की दिशा में दिलावर ने उत्कृष्ट कार्य भी किया ।

### माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं के शैक्षणिक शेड्यूल को सुधारने में दिलावर की बड़ी भूमिका

मदन दिलावर वर्तमान में स्कूली शिक्षा संस्कृत शिक्षा और पंचायत राज विभाग की अगवाई कर रहे हैं पिछले कई सालों से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं का संचालनऔर परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया ठीक तरह से संपादित नहीं हो पा रही थी जिसकी वजह से शैक्षणिक कैलेंडर का कार्यक्रम भी ठीक तरह से तैयार नहीं हो पा रहा था जिसकी वजह से स्कूलों में शैक्षणिक सत्र के आगाज होने और समापन होने की अवधी ठीक तरह से निर्धारित नहीं हो पाती थी। लेकिन पिछले 2 साल में शिक्षा विभाग की अगवाई करते हुए मदन दिलावर ने एक तरफ जहां माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं को सही समय पर संपादित करने की दिशा में कार्य किया है तो दूसरी तरफ परीक्षाओं का रिजल्ट भी निर्धारित अवधि में ही घोषित करने की दिशा में बोर्ड ने तेजी से कार्य किया है। जिसकी वजह से शैक्षणिक गतिविधियों में काफी क्रांतिकारी सुधार हुआ है और शैक्षणिक सत्र भी निर्धारित अवधि से शुरू होकर निर्धारित अवधि पर समाप्त होते दिखे हैं । अन्यथा पिछले कई सालों से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं की तारीख को लेकर छात्रों और शिक्षकों में हमेशा असमंजस की स्थिति बनी रहती थी और रिजल्ट को लेकर भी कोई गाइडलाइन नहीं होती थी लेकिन हृशिक्षा मंत्री के तौर पर दिलावर ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रशासन से जुड़े अधिकारियों के साथ नियमित रूप से बैठक का आयोजन करके परीक्षाओं के आयोजन और रिजल्ट घोषित करने जैसे विषय पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश देकर बोर्ड को पारदर्शक तरीके से परीक्षाओं का आयोजन निर्धारित समय पर करवाने के साथ ही निर्धारित अवधि में ही परीक्षाओं के परिणाम घोषित करने के कड़े निर्देश दिए दिलावर ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कार्यशैली और बोर्ड के संगठन को मजबूत और पारदर्शी बनाने में भी अथक प्रयास किया इसी का नतीजा है कि इस बार माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं आयोजन करने की तिथि का ऐलान बोर्ड की ओर से कर दिया गया है ताकि अगला शैक्षणिक सत्र सही समय पर शुरू हो सके ।

### सालों से चंबल पार्लियामेंट से है जुड़े, चंबल नदी के संरक्षण के लिए कर रहे कार्य

मदन दिलावर पिछले कई सालों से चंबल पार्लियामेंट से जुड़े हुए हैं। यह चंबल पार्लियामेंट चंबल नदी के संरक्षण के लिए कार्य कर रहा है यह संगठन चंबल नदी को प्रदूषण से बचाने चंबल नदी के अस्तित्व को बनाए रखना और चंबल के संरक्षण को लेकर कई सालों से सतत रूप से कार्य कर रहा है। इस संगठन की ओर से कई बार बड़े-बड़े आंदोलन भी किए गए इन आंदोलनों में दिलावर की बड़ी भूमिका रही है क्योंकि चंबल नदी हाडोती क्षेत्र से गुजरती है इसमें औद्योगिक नगरी कोटा भी शामिल है। जिसमें चंबल में शहर का कचरा डालने की बड़ी समस्या शुरू से ही रही है तमाम तरह के प्रबंधन और उपाय करने के बावजूद भी कोटा शहर का कचरा इस नदी में आकर गिर ही जाता है। कोटा में बड़े पैमाने पर फैक्ट्रियां भी है जिनका प्रदूषित पानी भी इस नदी में आकर गिरता है इसलिए इस नदी के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए और नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रहे विभिन्न संगठनों इत्यादि की ओर से चंबल पार्लियामेंट का गठन किया गया था । जिसमें विभिन्न दलों के राजनेता समाज सेवक और प्रबुद्ध नागरिक भी शामिल है इसलिए चंबल के संरक्षण और चंबल के अस्तित्व को बचाए रखने में जितनी बार भी आंदोलन हुए उन आंदोलनों में दिलावर की अग्रणी भूमिका रही है ।



### शिक्षकों के समय पर स्कूल आने और समय पर स्कूल छोड़ने और उनके नैतिक आचरण को लेकर भी दिलावर हैं गंभीर

समाज और देश में शिक्षकों को भगवान की तरह माना जाता है लेकिन कई बार मीडिया के माध्यम से शिक्षकों के कई ऐसे काले कारनामे भी उजागर हुए हैं जो शिक्षकों की छवि को पूरी तरह से कलंकित कर देते हैं। इसीलिए शिक्षा मंत्री के तौर पर मदन दिलावर चाहते हैं कि शिक्षक का समाज और देश में जो दर्ज है वह बना रहे इसके लिए शिक्षक अपने नैतिक आचरण को बनाए रखें । अपनी नैतिक जिम्मेदारी को समझें और अपने पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए बच्चों का समग्र विकास करें इसी दिशा में दिलावर ने पिछले कुछ महीनो में प्रदेश भर में विभिन्न स्कूलों का दौरा करके वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया । जिसमें कई जगहों पर शिक्षक निर्धारित समय पर स्कूल नहीं आए जिनके खिलाफ उन्होंने कार्रवाई भी की इसके अलावा स्कूलों में निरीक्षण के दौरान और भी कई तरह की शिकायतें शिक्षकों को लेकर ग्रामीणों ने पूछा छात्राओं ने शिक्षा मंत्री से की इसलिए दिलावर शिक्षक संगठनों से नियमित रूप से बातचीत करके शिक्षकों को समय पर स्कूल आने और समय पर स्कूल छोड़ने के लिए पाबंदी भी किया है क्योंकि दिलावर ने पिछले दिनों एक के बाद एक प्रदेश में रोजाना जगह स्कूलों में जाकर अचानक निरीक्षण किया उसके बाद शिक्षकों को भी यह एहसास होने लगा है कि इस बार शिक्षा मंत्री ज्यादा सजग और कठोर हैं इसलिए स्कूलों में शिक्षकों के निर्धारित अवधि में आने जाने का सिलसिला भी देखने को मिल रहा है जो अच्छी खबर है ।

### भाजपा के संगठन में बड़े-बड़े पदों पर मिली जिम्मेदारी

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूती देने और गति देने में दिलावर का शुरू से ही उत्कृष्ट योगदान रहा है। युवा अवस्था में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहने के दौरान भी दिलावर ने अपने गृह जिले और आसपास के जिलों में भाजपा के संगठन को गति देने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। पार्टी के संगठन में जिला और मंडल स्तर पर जिम्मेदारी मिली हो तब भी और जिम्मेदारी नहीं मिली हो तब भी इन्होंने हमेशा पार्टी को अपनी जन्म देने वाली मां से भी ज्यादा समझा और पूरे तन मन से पार्टी की सेवा की इसलिए पार्टी के संगठन में इन्हें कई बार बड़े-बड़े पदों पर जिम्मेदारी मिली उन जिम्मेदारी को उन्होंने बहुत ही शानदार ढंग से निभाया। प्रदेश भाजपा में भी महामंत्री उपाध्यक्ष मंत्री जैसे पदों पर कार्य करते हुए हमेशा संगठन को सर्वोपरि मानते हुए कार्य किया कभी भी विधानसभा या लोकसभा का टिकट हासिल करने के लालच में पार्टी के लिए कार्य नहीं किया । बल्कि पार्टी को अपनी माता समझकर बेटे का फर्ज निभाते हुए कार्य किया इसी वजह से कई सालों से प्रदेश के हाडोती क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश मेंमदन दिलावर भाजपा के प्रमुख दलित नेता माने हैं मदन दिलावर अब तक कुल छह बार विधायक रहे हैं जिसमें वर्ष 2018 और 2023 के विधानसभा चुनाव में दिलावर ने कोटा के रामगंज मंडी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक चुने गए इससे पहले दिलावर प्रदेश के जिले बारा जिले की अटरू विधानसभा सीट से वर्ष 1990, 1993, 1998 और 2003 में विधायक चुने गए दिलावर 1993 से 1998 तक राजस्थान में भैरों सिंह शेखावत सरकार में मंत्रिमंडल में शामिल रहे वर्ष 2003 में वसुंधरा राजे मंत्रिमंडल में रहे और अब प्रदेश की भजनलाल सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं वर्तमान में शिक्षा संस्कृत शिक्षा और पंचायत राज विभाग की अगुवाई कर रहे हैं । दिलावर की सबसे बड़ी बात यह है कि वे प्रदेश के तीन अलग-अलग मुख्यमंत्री के कार्यकाल में मंत्री रहे और कई बड़े-बड़े डिपार्मेंटों की जिम्मेदारी इन्हें दी गई लेकिन इनके अब तक के पॉलिटिकल जीवन में कभी भी किसी ने भी उनकी ईमानदारी पर उंगली नहीं उठाई ।

### शिक्षकों की समस्याओं कभी सतत समाधान कर रहे दिलावर, स्कूलों को मर्ज करने की प्रक्रिया शुरू

शिक्षा मंत्री के तौर पर मदन दिलावर का पिछले 2 साल में कार्यकाल काफी उत्कृष्ट रहा है दिलावर की ओर से शिक्षा विभाग में किए गए नवाचार और नए प्रयोगों और बड़े कदमों से प्रदेश के शिक्षा के ढांचे में काफी सुधार हुआ है । दिलावर भले ही कड़े निर्णय के लिए जाने जाते हो लेकिन शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए भी वे निरंतर प्रयासरत रहते हैं शिक्षकों की तबादलों को लेकर विवेक हमेशा गंभीर रहे हैं दिलावर चाहते हैं कि तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले शिक्षकों की इच्छा के अनुरूप हो तो इसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे इसके लिए दिलावर सतत प्रयास भी कर रहे हैं शिक्षक संगठनों की ओर से जब-जब दिलावर को शिक्षकों से संबंधित कोई मांग की जाती है तो उस पर दिलावर ने हमेशा सकारात्मक रूख अपनाया है। दिलावर कभी भी शिक्षकों का अहित नहीं चाहते लेकिन वह यह चाहते हैं कि जो सम्मान शिक्षकों का समाज और देश में है वह बना रहे इसके लिए शिक्षकों को अपनी जिम्मेदारी को और गंभीरता से लेना होगा इसके अलावा मदन दिलावर प्रदेश में उच्च प्राथमिक और प्राथमिक विद्यालयों के मर्ज करने की दिशा में भी लगातार काम कर रहे हैं प्रदेश में जिन स्कूलों में निर्धारित संख्या से कम बच्चे हैं या बच्चे हैं ही नहीं उन स्कूलों को नजदीक की स्कूल में मर्ज किया जा रहा है क्योंकि जहां बच्चे हैं ही नहीं वहां अगर शिक्षकों की नियुक्ति कर दी जाती है तो फिर इसका कोई मतलब ही नहीं रहता और सरकार पर आर्थिक बोझ और बढ़ता है इसलिए इस बार शिक्षा विभाग में काम नामांकन वाले स्कूलों को मर्ज करने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है जो अच्छी बात है ।

### प्रदेश की सभी ग्राम पंचायत को विकसित ग्राम पंचायत बनाने का सपना

मदन दिलावर खुद गांव की माटी में जन्मे हैं खेती भी करते हैं और किसानों के बीच में भी रहते हैं और दलित होने के नाते यह भी जानते हैं कि गांव में आदिवासी दलित और किसान निर्धन कमजोर लोग कितनी तकलीफ से जीवन जीते हैं । इसलिए पंचायत राज विभाग की जिम्मेदारी होने के नाते दिलावर की कोशिश यही है कि प्रदेश की हर ग्राम पंचायत विकसित और खुशहाल हो ग्राम पंचायत में आवश्यक संसाधन कंप्यूटर इत्यादि सभी हो जिससे पंचायत स्तर पर लोगों की समस्याओं का समाधान तुरंत हो सके और ग्राम पंचायत के तहत किए जाने वाले विकास कार्यों का संपादन भी तेजी से हो सके पिछले 2 साल में मदन दिलावर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत और सुदृढ़ करने के लिए अपनी ओर से कई तरह के नए सुझाव दिए जिन पर मुख्यमंत्री शर्मा ने अमल भी किया है ग्राम पंचायत में अटल सेवा केंद्र खोले जा रहे हैं इन केदो मैं बैठकर गरीब मजदूर किसान के बेटा बेटी विभिन्न सरकारी भर्ती परीक्षाओं की तैयारी अच्छी तरह से कर सकेंगे जिससे उन्हें रोजगार हासिल करने में काफी आसानी रहेगी इसी तरह से पंचायत स्तर पर ही अब उन पंचायत में जहां पर सहकारी समितियां अभी नहीं बन पाई है वहां सहकारी समितियां स्थापित करके किसानों से जुड़ी समस्याओं को इन सहकारी समितियां के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जाएगा जिसकी वजह से पंचायत स्तर पर ही किसानों को खाद बीज जैसी सुविधाएं हासिल हो सकेगी इस तरह के कई तरह के नवाचार पंचायत राज विभाग में किए गए हैं इसलिए पंचायत राज विभाग का भी मदन दिलावर पिछले 2 साल से बहुत ही शानदार तरीके से नेतृत्व करते हुए दिख रहे हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मदन दिलावर दोनों की कोशिश है कि प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत विकसित और आधुनिक हो इसी दिशा में शर्मा और दिलावर दोनों मिलकर काम कर रहे हैं ।

## कहानी

### काकी

उस दिन बड़े सवेरे जब श्यामू की नींद खुली तब उसने देखा–घर भर में कुहराम मचा हुआ है। उसकी काकी उमा एक कंबल पर नीचे से ऊपर तक एक कपड़ा ओढ़े हुए भूमि-शयन कर रही हैं, और घर के सब लोग उसे घेरकर बड़े करुण स्वर में विलाप कर रहे हैं। लोग जब उमा को श्मशान ले जाने के लिए उठाने लगे तब श्यामू ने बड़ा उपद्रव मचाया। लोगों के हाथों से छूटकर वह उमा के ऊपर जा गिरा। बोला– 'काकी सो रही हैं, उन्हें इस तरह उठाकर कहाँ लिए जा रहे हो? मैं न जाने दूँगा। ' लोग बड़ी कठिनता से उसे हटा पाए। काकी के अग्नि-संस्कार में भी वह न जा सका। एक दासी राम-राम करके उसे घर पर ही सँभाले रही। यद्यपि बुद्धिमान गुरुजनों ने उन्हें विश्वास दिलाया कि उसकी काकी उसके मामा के यहाँ गई है, परंतु असत्य के आवरण में सत्य बहुत समय तक छिपा न रह सका। आस-पास के अन्य अबोध बालकों के मुँह से ही वह प्रकट हो गया। यह बात उससे छिपी न रह सकी कि काकी और कहीं नहीं, ऊपर राम के यहाँ गई है। काकी के लिए कई दिन तक लगातार रोते-रोते उसका रुदन तो क्रमशः शांत हो गया, परंतु शोक शांत न हो सका। वर्षा के अनंतर एक ही दो दिन में पृथ्वी के ऊपर का पानी अगोचर हो जाता है, परंतु भीतर ही भीतर उसकी आर्द्रता जैसे बहुत दिन तक बनी रहती है, वैसे ही उसके अंतस्तल में वह शोक जाकर बस गया था। वह प्रायः अकेला बैठा-बैठा, शून्य मन से आकाश की ओर ताका करता। एक दिन उसने ऊपर एक पतंग उड़ती देखी। न जाने क्या सोचकर उसका हृदय एकदम खिल उठा। विश्वेश्वर के पास जाकर बोला– 'काका मुझे पतंग मँगा दो। ' पत्नी की मृत्यु के बाद से विश्वेश्वर अन्यमनस्क रहा करते थे। 'अच्छा, मँगा दूँगा।' कहकर वे उदास भाव से और कहीं चले गए। श्यामू पतंग के लिए बहुत उत्कंठित था। वह अपनी इच्छा किसी तरह रोक न सका। एक जगह खूँटी पर विश्वेश्वर का कोट टँगा हुआ था। इधर-उधर देखकर उसने उसके पास स्टूल सरकाकर रखा और ऊपर चढ़कर कोट की जेबें टटोलीं। उनमें से एक चवन्नी का आविष्कार करके तुरंत वहाँ से भाग गया। सुखिया दासी का लड़का भोला, श्यामू का समवयस्क साथी था। श्यामू ने उसे चवन्नी देकर कहा– 'अपनी जीजी से कहकर गुपचुप एक पतंग और डोर मँगा दो। देखो, खूब अकेले में लाना, कोई जान न पावे। ' पतंग आई। एक अँधेरे घर में उसमें डोर बाँधी जाने लगी। श्यामू ने धीरे से कहा, 'भोला, किसी से न कहो तो एक बात कहूँ। ' भोला ने सिर हिलाकर कहा– 'नहीं, किसी से नहीं कहूँगा। ' श्यामू ने रहस्य खोला। कहा– 'मैं यह पतंग ऊपर राम के यहाँ भेजूँगा। इसे पकड़कर काकी नीचे उतरेंगी। मैं लिखना नहीं जानता, नहीं तो इस पर उनका नाम लिख देता। ' भोला श्यामू से अधिक समझदार था। उसने कहा– 'बात तो बड़ी अच्छी सोची, परंतु एक कठिनता है। यह डोर पतली है। इसे पकड़कर काकी उतर नहीं सकतीं। इसके टूट जाने का डर है। पतंग में मोटी रस्सी हो, तो सब ठीक हो जाए। ' श्यामू गंभीर हो गया! मतलब यह, बात लाख रुपए की सुझाई गई है। परंतु कठिनता यह थी कि मोटी रस्सी कैसे मँगाई जाए। पास में दाम है नहीं और घर के जो आदमी उसकी काकी को बिना दया-माया के जला आए हैं, वे उसे इस काम के लिए कुछ नहीं देंगे। उस दिन श्यामू को चिंता के मारे बड़ी रात तक नींद नहीं आई। पहले दिन की तरकीब से दूसरे दिन उसने विश्वेश्वर के कोट से एक रुपया निकाला। ले जाकर भोला को दिया और बोला– 'देख भोला, किसी को मालूम न होने पाए। अच्छी-अच्छी दो रस्सियाँ मँगा दे। एक रस्सी ओछी पड़ेगी। जवाहिर भैया से मैं एक काग़ज़ पर 'काकी' लिखवा रखूँगा। नाम की चिट रहेगी, तो पतंग ठीक उन्हीं के पास पहुँच जाएगी। ' दो घंटे बाद प्रफुल्ल मन से श्यामू और भोला अँधेरी कोठरी में बैठे-बैठे पतंग में रस्सी बाँध रहे थे। अकस्मात् शुभ कार्य में विघ्न की तरह उग्ररूप धारण किए विश्वेश्वर वहाँ आ घुसे। भोला और श्यामू को धमकाकर बोले– 'तुमने हमारे कोट से रुपया निकाला है? ' भोला सकपकाकर एक ही डाँट में मुख़बिर हो गया। बोला– 'श्यामू भैया ने रस्सी और पतंग मँगाने के लिए निकाला था।' विश्वेश्वर ने श्यामू को दो तमाचे जड़कर कहा– 'चोरी सीखकर जेल जाएगा? अच्छा, तुझे आज अच्छी तरह समझाता हूँ।'

# जग सिरमौर बनाएं भारत



*सात-आठ दशक की अवधि में ही सुई तक न बनाने वाले देश से हम विश्व की प्रथम पांच आर्थिक महाशक्तियों में सम्मिलित हो गए। औद्योगिक क्रांति ने भारतवर्ष के सुदूर क्षेत्रों को भी स्पर्श किया और वैश्विक निर्यात में भारत की सहभागिता निरंतर उल्लेखनीय उत्कर्ष की ओर अग्रसर हो रही है। विश्व भर में तकनीक और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की उन्नति सम्माननीय बनी है। वैज्ञानिक समाज में भारत के प्रतिभाशाली व्यक्तित्व समादृत हो रहे हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने अकल्पनीय प्रगति की है और हम विश्वभर के देशों के उपग्रह अंतरिक्ष में भेज रहे हैं। चंद्रमा और मंगल के बाद भारत अपने अति-महत्वाकांक्षी आदित्य मिशन की ओर सुदृढ़ पगों से बढ़ रहा है। विश्व व्यापार में भारत प्रमुखता प्राप्त कर रहा है। विभिन्न खेलों में भारत शीर्ष स्थान पर है। सामरिक शस्त्रों और उपकरणों के उत्पादन और निर्माण में आत्मनिर्भरता की ओर जा रहा है। कृषि क्षेत्र में भारत ने अपने उपयोग हेतु संपूर्ण स्वावलंबन प्राप्त कर दान, अनुदान और विक्रय का मार्ग अपना लिया है। लघु एवं कुटीर उद्योगों को पुनर्जीवन प्राप्त हुआ है। विमानन क्षेत्र में भारत विश्व के विकसित कहे जाने वाले देशों से प्रतिस्पर्धा*

जब लोकतंत्र के नाम पर लोक कल्याण का विरोध ही राजनीति हो जाए तो वैसा ही दृश्य उपस्थित होता है जैसा कि इस सप्ताह भारत की संसद में और बाहर देखने को मिला। ग्रामीण भारत की प्रगति तथा आर्थिकी को त्वरा देने हेतु प्रस्तुत एक महत्वाकांक्षी विधेयक 'विकसित भारत - गारंटी फार रोजगार एंड आजीविका मिशन' के गुण-दोष की विवेचना की जगह विपक्ष इसके संक्षिप्त नाम और पूर्वकालीन नाम की तुलना को ही अपने कर्तव्य की पूर्ति के रूप में प्रदर्शित करता रहा। विडंबना यह कि ऐसा उन महात्मा गांधी के नाम पर हुआ, जिनका जीवन लक्ष्य ही समाज के सबसे अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के आंसू पोंछना था। भाव और भावना का यह बारीक अंतर ही इस संपूर्ण तुलना को 'गांधी विरुद्ध गांधी' बना देता है और याद आते हैं बापू के वे कष्ट भरे शब्द, 'हर कोई मेरी तस्वीरों और मूर्तियों पर माला चढ़ाने को उत्सुक है। कोई भी वास्तव में मेरा अनुसरण नहीं करना चाहता।'

वर्ष 2047 में भारत विदेशी परतंत्रता से मुक्ति के 100 वर्ष पूर्ण करेगा। 78 वर्ष की स्वाधीनता की यात्रा में भारत ने अनेक महत्वपूर्ण पड़ाव देखे हैं। वस्तुतः अंग्रेजी शासन की दासता से मुक्ति के बाद भारत का यात्रा-पथ कठिन, दुरूह, दुर्गम और दुष्कर था। परंतु भारत की शाश्वत, अक्षुण्ण, निरंतर तथा सनातन परंपरा और श्लाघनीय जिजीविषा ने असंभव को संभव कर दिखाया। विभाजन के दंश ने भारत की प्रगतिकामी प्रतिभा को कुंठित नहीं किया। आर्थिक क्षेत्र में भारतीयों की उद्यमशीलता ने अकल्पनीय शुभ-परिणाम प्रस्तुत किए। सात-आठ दशक की अवधि में ही सुई तक न बनाने वाले देश से हम विश्व की प्रथम पांच आर्थिक महाशक्तियों में सम्मिलित हो गए। औद्योगिक क्रांति ने भारतवर्ष के सुदूर क्षेत्रों को भी स्पर्श किया और वैश्विक निर्यात में भारत की सहभागिता निरंतर उल्लेखनीय उत्कर्ष की ओर अग्रसर हो रही है। विश्व भर में तकनीक और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की उन्नति सम्माननीय बनी है। वैज्ञानिक समाज में भारत के प्रतिभाशाली व्यक्तित्व समादृत हो रहे हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने अकल्पनीय प्रगति की है और हम विश्वभर के देशों के उपग्रह अंतरिक्ष में भेज रहे हैं। चंद्रमा और मंगल के बाद भारत अपने अति-महत्वाकांक्षी आदित्य मिशन की ओर सुदृढ़ पगों से बढ़ रहा है। विश्व व्यापार में भारत प्रमुखता प्राप्त कर रहा है। विभिन्न खेलों में भारत शीर्ष स्थान पर है। सामरिक शस्त्रों और उपकरणों के उत्पादन और निर्माण में आत्मनिर्भरता की ओर जा रहा है। कृषि क्षेत्र में भारत ने अपने उपयोग हेतु संपूर्ण स्वावलंबन प्राप्त कर दान, अनुदान और विक्रय का मार्ग अपना लिया है। लघु एवं कुटीर उद्योगों को पुनर्जीवन प्राप्त हुआ है। विमानन क्षेत्र में भारत विश्व के विकसित कहे जाने वाले देशों से प्रतिस्पर्धा कर रहा है। चिकित्सा के क्षेत्र में विश्व के अनेक देशों का सर्वाधिक प्रिय और सुरक्षित स्थान भारत ही बनता जा रहा है। विश्व के अनेक उन्नत देशों के बहुराष्ट्रीय वाणिज्य प्रतिष्ठानों में भारतीय मेधा से संयुक्त तथा भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रशिक्षित व्यक्ति नेतृत्व और शीर्षस्थ भूमिका में दृष्टिगोचर हो रहे हैं। अनेकानेक देशों में भारतीय उद्योगपतियों ने प्रमुख निर्माण तथा उत्पादन उपक्रमों को स्थापित किया है। अंतरराष्ट्रीय संगठनों एवं मंचों पर भारत का स्वर अत्यंत महत्त्वपूर्ण हो गया है। समस्त विश्व में संघर्ष निवारण के अवसरों पर भारत की भूमिका और भारत से अपेक्षा में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। भारत के नेतृत्व को वैश्विक मान्यता, सम्मान प्रतिष्ठा तथा महत्ता प्राप्त हो रही है। यह वस्तुतः भारत के सर्वतोमुखी उदय का काल है। भारतोदय की गाथा इस समय विश्व का सर्वप्रमुख विमर्श है।

2047 में विकसित भारत के पावन संकल्प के पूर्णकाम होने के मार्ग में अनेक चुनौतियां भी उपस्थित हैं, जिनकी उपेक्षा करना दुस्साहस होगा। सभ्य, कुलीन, नागरिक, शिक्षित, संपन्न तथा प्रतिष्ठित कहे और समझे जाने वाले कतिपय समूहों, व्यक्तियों, संस्थाओं और संगठनों में अभी भी औपनिवेशिक दासता और भारत के प्रति हीनता की मानसिकता अतिव्याप्त है और इससे मुक्ति पाने की राह सबसे कठिन है। भारत की सांस्कृतिक एवं बौद्धिक परंपरा के प्रति उपेक्षा, उपहास तथा सायास दूरी का भाव अभी भी शिक्षा, ज्ञान और विद्या के केंद्रों में सशक्त और समर्थ रूप से विद्यमान है। आधुनिकता को पाश्चात्यीकरण का पर्याय मान चुके बुद्धिजीवियों और कथित आधुनिकों की पश्चिमी संस्कृति, सभ्यता, इतिहास, प्रतीक, पुस्तक, लेखक, विचार, उत्सव, पर्व, वेशभूषा, आहार, जीवनशैली आदि के प्रति श्रेष्ठता और अनुकरणीयता निरंतर वर्धमान हो रही है। इस दुष्चक्र में भारतीय समाज के प्रत्येक वर्ग तथा क्षेत्र के अनवरत फंसते जाने का सत्य हम स्वीकार कर चुके हैं। इससे पार पाना सरल नहीं है। भारतीयकरण के हमारे अनेक प्रयास अनायास ही पाश्चात्य दृष्टि तथा प्रणाली के मूर्खतापूर्ण अनुकरण में परिवर्तित हो जाते हैं और यह भी एक विचलित करने वाली प्रवृत्ति है। हमेशा की भांति भारतवर्ष में आंतरिक विघ्नसंतोषी भी निरंतर क्रियाशील हैं, जो किसी व्यक्ति, दल, नेता से अपनी असहमति को निजी घृणा के स्तर तक ले जाकर उसे राष्ट्र के प्रति निष्ठा की अनुपस्थिति में रूपांतरित कर बठते हैं। राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते राष्ट्र के संसाधनों को बिना श्रम, बिना प्रयोजन, बिना कारण अमर्यादित रूप से बांटकर चुनावी लाभ लेने की दुष्प्रवृत्ति भी सार्वजनिक स्वीकृति और सहज मान्यता प्राप्त करती जा रही है, जो अत्यधिक चिंता का विषय है। विकसित भारत की यात्रा के कंटक कष्टदायक शूल न बनने पाएं- इसके लिए सभी दिशाओं से समग्र और समवेत प्रयत्न अपेक्षित हैं।

## सम्पादकीय

### जिन्हें मतदाता सूची से बाहर किया जाएगा उनका भविष्य क्या होगा?



बिहार की तर्ज पर अब अन्य राज्यों में भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को लेकर सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि बड़ी संख्या में लोगों के नाम इस सूची से हटाए जाने की आशंका है। चुनाव आयोग की ओर से हाल में जारी मसौदा सूची में तमिलनाडु में 97.40 लाख और गुजरात में 73.73 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। लोगों को मतदाता सूची से बाहर रखने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें समय पर आवश्यक दस्तावेज दर्ज न कराना भी शामिल है। अंतिम सूची जारी होने से पहले ऐसे लोगों को अपनी आपत्तियां और दावे पेश करने का मौका दिया जाएगा और संभव है कि कई मतदाताओं के नाम फिर से जुड़ जाएंगे। मसौदा सूची के आंकड़ों पर गौर किया जाए, तो उससे यही लगता है कि नाम दर्ज कराने के आखिरी अवसर के बाद भी बड़ी संख्या में लोग इस सूची से बाहर रह जाएंगे। सवाल है कि अगर इन लोगों के पास मतदान की पात्रता नही है, तो पहले इनका नाम क्यों और कैसे मतदाता सूची में था? बिहार में एसआइआर की प्रक्रिया को लेकर सबसे पहले पहचान पत्र के मसले पर विवाद पैदा हुआ था। चुनाव आयोग ने आधार कार्ड को नागरिकता का पहचान पत्र मानने से इनकार दिया था। बाद में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर आधार को पहचान पत्र के दस्तावेजों में शामिल किया गया। बिहार में भी मसौदा सूची में करीब पैंसठ लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए थे। हालांकि बाद में उसमें कई नाम जोड़े गए, इसके बावजूद अंतिम सूची में करीब सैंतालीस लाख लोग मतदाता सूची से बाहर हो गए। शीर्ष अदालत ने इस पर सूची से हटाए गए लोगों का कारण सहित विस्तृत ब्योरा मांगा। यही स्थिति अब अन्य राज्यों में भी देखने को मिल रही है। इस सबके बीच विशेष पुनरीक्षण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को भी कसौटी पर कसा जा रहा है। पश्चिम बंगाल में तो मसविदा सूची से हटाए गए लोगों का सत्तारूढ़ दल ने अपने स्तर पर सत्यापन करने की मुहिम शुरू कर दी है। ऐसे में यह सवाल महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि आखिर चुनाव आयोग पर आम लोगों और राजनीतिक दलों का भरोसा क्यों डगमगाने लगा है? इसमें दोराय नहीं है कि चुनावी प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखने के लिए मतदाता सूची में समय-समय पर संशोधन कर अपात्र लोगों या मृतकों के नाम हटाए जाने जरूरी है। मगर इस प्रक्रिया में पारदर्शिता का पैमाना भी उतना ही आवश्यक है, ताकि न तो किसी के मन में कोई आशंका रहे और न ही कहीं से कोई सवाल उठने की गुंजाइश बचे। यह चुनाव आयोग की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि अगर किसी को कोई आशंका हो, तो उसका तत्काल निराकरण किया जाए। ऐसा न होने पर आयोग की विश्वसनीयता पर अंगुली उठना स्वाभाविक है। एक अहम सवाल यह भी है कि जिन लोगों को मतदाता सूची से बाहर कर दिया जाएगा, उनका भविष्य क्या होगा? क्या वे देश के नागरिक बने रहेंगे या नहीं, क्योंकि देश के हर नागरिक को मतदान का अधिकार है और जब उनका यही अधिकार खत्म हो जाएगा, तो उनकी नागरिकता पर भी देर-सवेर सवाल उठेगा ही। यह चिंता इसलिए गंभीर है, क्योंकि देश भर में गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची से बाहर होने वाले लोगों की संख्या करोड़ों में हो सकती है।

# सूरा सो पहचानिये, जो लरै दीन के हेत

*इस धोखे और आपाधापी के बाद गुरु गोबिंद सिंह जी की माता गुजरी जी रास्ता भटक गईं और उनके साथ गुरु गोबिंद सिंह जी के दो छोटे बेटे नौ साल के बाबा जोरावर सिंह और छह साल के बाबा फतेह सिंह गिरफ्तार कर सरहिंद (जिला फतेहगढ़ साहिब) ले जाए गए। सरहिंद के फौजदार नवाब वजीर खां ने उन्हें नदी के किनारे सुनसान पड़े और चारों ओर से खुले एक ऊंचे बुर्ज में रखवाया। भीषण ठंड में पुआल में बैठकर ठिठुरते हुए दोनों बच्चों और माता गुजरी ने रात काटी। 23 दिसंबर, 1705 को सुबह माता गुजरी को वहीं छोड़ सशस्त्र सिपाही दोनों लड़कों को फौजदार के दरबार ले गए। दो दिन तक यह क्रम चला। नवाब ने बच्चों का मनोबल तोड़ने को यह भी कहा कि तुम्हारे बाप-भाई वगैरह सब मार दिए गए हैं, अब तुम उनसे कभी नहीं मिल पाओगे। हमारी बात मान लो तो ऐश करोगे। समझाया, प्रलोभन दिया और क्रूरतापूर्वक मार दिए जाने*

करीब 320 वर्ष पहले दिसंबर की भीषण ठंड में पंजाब में शौर्य और धर्मयुद्ध के इतिहास का अप्रतिम अध्याय लिखा जा रहा था। यह अध्याय है गुरु गोबिंद सिंह के चारों बेटों और उनकी वृद्ध मां के आत्म-बलिदान का। यह विश्व इतिहास की एक विरल घटना है कि धर्म बदलने की बात न मानने के लिए नौ और छह साल के दो बच्चे शासक के आदेश से दीवार में जीवित चुनवा दिए गए हों। हाथ बंधे, कैद में नंगी तलवारों से घिरे गुरु गोबिंद सिंह जी के दोनों छोटे बेटे मुगल सत्ता के एक शक्तिशाली प्रतिनिधि से बकायदा जंग लड़ रहे थे। अपनी तेजस्विता और संकल्प बल से, यही उनके पास था। दिसंबर, 1704 के उत्तरार्ध में एक रात जब गुरु गोबिंद सिंह ने सुरक्षित जाने देने की बादशाह औरंगजेब की कुरान और पहाड़ी राजाओं की गाय की शपथ पर आनंदपुर साहिब छोड़ा तो वही हुआ, जिसका उन्हें अंदेशा था। मुगल और पहाड़ी राजाओं की संयुक्त सेना ने पीछे से उन पर हमला बोल दिया। धोखा देकर किए गए इस हमले की आपाधापी में कई सिख सैनिक मारे गए और गुरु गोबिंद सिंह जी का कीमती सामान, पोथियां, 'विद्यासागर' आदि रचनाएं व संस्कृत से अनुवाद कराया गया साहित्य वगैरह नदी में नष्ट हो गए। गुरु परिवार भी बिखर गया। इस धोखे और आपाधापी के बाद गुरु गोबिंद सिंह जी की माता गुजरी जी रास्ता भटक गईं और उनके साथ गुरु गोबिंद सिंह जी के दो छोटे बेटे नौ साल के बाबा जोरावर सिंह और छह साल के बाबा फतेह सिंह गिरफ्तार कर सरहिंद (जिला फतेहगढ़ साहिब) ले जाए गए। सरहिंद के फौजदार नवाब वजीर खां ने उन्हें नदी के किनारे सुनसान पड़े और चारों ओर से खुले एक ऊंचे बुर्ज में रखवाया। भीषण ठंड में पुआल में बैठकर ठिठुरते हुए दोनों बच्चों और माता गुजरी ने रात काटी। 23 दिसंबर, 1705 को सुबह माता गुजरी को वहीं छोड़ सशस्त्र सिपाही दोनों लड़कों को फौजदार के दरबार ले गए। दो दिन तक यह क्रम चला।



नवाब ने बच्चों का मनोबल तोड़ने को यह भी कहा कि तुम्हारे बाप-भाई वगैरह सब मार दिए गए हैं, अब तुम उनसे कभी नहीं मिल पाओगे। हमारी बात मान लो तो ऐश करोगे। समझाया, प्रलोभन दिया और क्रूरतापूर्वक मार दिए जाने को डराया। कहा- इस्लाम अपना लो, रिहा कर दिए जाओगे। बच्चे तनकर कहते- मार दो, मगर धर्म नहीं छोड़ेंगे। नवाब भी हैरान-परेशान था, उसने ऐसे निडर और संकल्प के धनी लड़के नहीं देखे थे। वे ऐसे कड़क जवाब देते रहे कि उसने झल्लाकर तीसरे दिन उन्हें जिंदा दीवार में चुनवा देने का आदेश दे दिया। ये बच्चे कई रातों के जगे और कई दिनों के भूखे थे, तब भी। दोनों बच्चे अडिग थे, उनके चेहरे पर शिकन नहीं। दीवार चुन दी गई और दम घुटने से दोनों की सांसें थम गईं। 'सूरज प्रकाश' और 'गुरबिलास' के अनुसार दोनों के सिर कलम किए गए। कहा जाता है कि दीवार गिर गई तो बाद में जल्लाद ने उनके सिर काटे। उधर 22 दिसंबर, 1704 को चमकौर में हुए युद्ध में गुरु गोबिंद सिंह जी के दोनो बड़े बेटे 18 साल के साहिबजादा अजीत सिंह, 14 वर्षीय बाबा जुझार सिंह और 37 सिख वीरगति को प्राप्त हुए। यह विश्व इतिहास का अनूठा युद्ध है, जिसमें करीब एक लाख की मुगल सेना भीषण युद्ध के बाद भी कच्ची गढ़ी में गुरु गोबिंद सिंह जी तक पहुंच नहीं पाई। गुरु गोबिंद सिंह जी के साथ उनके दो बड़े बेटे और मात्र चालीस सिख थे। गुरु गोबिंद सिंह जी ने बड़े उत्साह से अपने पुत्रों को गले लगा कर और पीठ थपथपा कर चार सिखों के जत्थे के साथ युद्ध मैदान में जाने को भेजा और बड़े बेटे के बाद छोटे बेटे का बलिदान भी देखा! अपने पितामह की तरह दोनों बालकों नौ साल के बाबा जोरावर सिंह और छह साल के बाबा फतेह सिंह ने प्राण तो दे दिए, लेकिन धर्म नहीं दिया।

# संकट में बांग्लादेशी हिंदू

यह अच्छा हुआ कि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की बर्बर तरीके से हत्या करने वालों को न्याय के कठघरे में खड़ा करने और वहां के सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की आवश्यकता पर बल दिया, लेकिन इतना ही पर्याप्त नहीं। भारत को बांग्लादेश पर इसके लिए दबाव भी बनाना होगा कि वहां अल्पसंख्यकों और विशेष रूप से हिंदुओं के जान-माल की रक्षा सुनिश्चित हो सके। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि दीपू चंद्र दास को पीट-पीटकर मारने और उसके शव को भीड़ के सामने जलाने वालों को गिरफ्तार कर लिया गया है, क्योंकि यह गिरफ्तारी तब हुई जब रोंगटे खड़े कर देने




वाली इस वहशी घटना का वीडियो वायरल हो गया। बांग्लादेश के हिंदू इसलिए कट्टरपंथियों के निशाने पर हैं, क्योंकि पदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत में शरण ले रखी है और इस बहाने कट्टरपंथी ताकतें भारत के खिलाफ माहौल बनाने में जुटी हुई हैं। इस माहौल का सबसे बुरा असर वहां के हिंदुओं पर पड़ रहा है। बांग्लादेश के हिंदू एक लंबे समय से खतरे में हैं। जब बांग्लादेश बना तब वहां करीब 15-16 प्रतिशत हिंदू थे, लेकिन आज उनकी संख्या आठ प्रतिशत से भी कम रह गई है। यह एक तथ्य है कि पूर्वी पाकिस्तान में भी हिंदुओं का उत्पीड़न हुआ और इस पाकिस्तानी क्षेत्र के बांग्लादेश बन जाने के बाद भी। चूंकि वहां उत्पीड़न का सिलसिला कायम है, इसलिए उनका पलायन भी थम नहीं रहा है। यदि यही हालत रही तो बांग्लादेश के हिंदुओं की वही दयनीय दशा हो सकती है जो पाकिस्तान में है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार भले ही हिंदुओं समेत सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा का वादा करती रहती हो, लेकिन तथ्य यह है कि शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद वहां हिंदुओं पर अत्याचार का जो सिलसिला कायम हुआ, वह अंतरिम सरकार गठित होने और उसकी कमान मोहम्मद यूनुस की ओर से संभालने के बाद भी थमा नहीं। पिछले 16 महीनों में बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाने की तमाम घटनाएं घट चुकी हैं। उनकी जान-माल के साथ उनके मंदिरों को भी निशाना बनाया जा रहा है। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि जो कट्टरपंथी ताकतें यह सब कर रही हैं, उन्हें अंतरिम सरकार का सहयोग एवं संरक्षण प्राप्त है। ऐसी कुछ ताकतें तो इस सरकार को अपना समर्थन भी दे रही हैं।

# राजकार्य में बाधा प्रकरण में पुलिस का करारा वार, 5-5 हजार की ईनामी दो वांछित महिलाएं गिरफ्तार

### फुलेरा थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार की आक्रामक कार्यशैली से फरार आरोपियों में मचा हड़कंप

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस)।** फुलेरा थाना पुलिस ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि कानून से भागने वालों के लिए अब कोई ठिकाना सुरक्षित नहीं है। थाना अधिकारी राजेंद्र कुमार यादव ने यहां आते ही अपराधियों की धरपकड़ शुरू कर दी जिसके कारण अपराधी सहम गए हैं। राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने के गंभीर प्रकरण में फुलेरा पुलिस ने सख्त और सुनियोजित कार्रवाई करते हुए 5-5 हजार रुपये की ईनामी दो वांछित महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई से अपराधियों में खौफ और आमजन में पुलिस के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ है। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा डूडी, आईपीएस ने बताया कि 8 नवंबर 2025 को फुलेरा थाना पुलिस वर्ष 2019 के लूट प्रकरण में वांछित आरोपी मूलचन्द्र उर्फ मूल्या की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी। इसी दौरान आरोपी व उसके परिजनों ने पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर शासकीय कार्य में गंभीर बाधा उत्पन्न की। पुलिस के साथ हुई इस दुस्साहसिक घटना के बाद फुलेरा थाने में राजकार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया गया। इस मामले में मुख्य आरोपी मूलचन्द्र उर्फ मूल्या सहित अन्य आरोपियों को पहले ही सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है और घटना में प्रयुक्त स्कूटी भी जब्त की जा चुकी है। लेकिन प्रकरण में शामिल दो महिला आरोपी पांची देवी व प्रेम देवी लगातार फरार चल रही थीं। पुलिस अधीक्षक ने इनकी गिरफ्तारी पर 5-5 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था।

### थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार की सख्ती रंग लाईः

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के पर्यवेक्षण में थानाधिकारी फुलेरा राजेन्द्र कुमार ने मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लिया। उनकी स्पष्ट रणनीति, लगातार मॉनिटरिंग और टीम को दिए गए सटीक निर्देशों के चलते पुलिस ने गुप्त सूचना, तकनीकी सहायता और निरंतर दबिशों के माध्यम से 22 दिसंबर 2025 को दोनों वांछित महिला आरोपियों को धर दबोचा।

### अपराध की दुनिया से पुराना नाताः

गिरफ्तार आरोपी पांची देवी पत्नी रामदेव बावरिया (55), निवासी सोलावता थाना नरेना, हाल निवासी फुलेरा, थाना फुलेरा की कुख्यात हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ चोरी, लूट, अपहरण और राजकार्य में बाधा सहित कुल 10 संगीन आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। वहीं प्रेम देवी पुत्री रामदेव बावरिया (28) के खिलाफ भी राजकार्य में बाधा व मारपीट के मामलों में पूर्व में चालान पेश किए जा चुके हैं। इस पूरे ऑपरेशन में थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार के साथ हैड कांस्टेबल राधेश्याम, कांस्टेबल रमेश, रवि कुमार तथा महिला कांस्टेबल जमुना देवी व पतासी देवी की भूमिका सराहनीय रही। टीम की सतर्कता, समन्वय और जमीनी मेहनत ने इस गिरफ्तारी को अंजाम तक पहुंचाया। फुलेरा पुलिस की इस बेधड़क और निर्णायक कार्रवाई ने साफ संदेश दे दिया है कि शासकीय कार्य में बाधा डालने, पुलिस पर हमला करने या कानून को चुनौती देने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। थाना अधिकारी राजेन्द्र कुमार की सख्त, निष्पक्ष और परिणाम देने वाली कार्यशैली की चारों ओर जमकर सराहना हो रही है।

## समर्पण ध्यान योग संस्था ने कराया मेडिटेशन



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** चाकसू कस्बे में सेंट ज्योतिबा कॉन्वेंट स्कूल में डॉक्टर रविन्द्र नारोलिया की ओर से ध्यान केन्द्र योग का अभ्यास करवाया गया। वहीं डायरेक्टर हनुमान सैनी व समस्त स्टाफ मौजूद रहा। समर्पण ध्यान योग (हिमालयन मेडिटेशन) संस्था की ओर से ध्यान करवाया गया। रविन्द्र नारोलिया ने बताया कि ध्यान से छात्र-छात्राओ को जीवन में होने वाले फायदे बताए गए। ध्यान से जीवन में स्थिरता आती है। ध्यान योग से अच्छे परीक्षा परिणाम प्राप्त होते है। स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी के बारे में संक्षिप्त में बताया गया। आज का ध्यान कल के विश्व ध्यान दिवस के क्रम में विद्यालय में रखा गया था। सयुक्त राष्ट्र परिषद की ओर से 2024 में प्रथम बार विश्व ध्यान दिवस का आयोजन किया गया था। समर्पण ध्यान योग के प्रणेता सद्गुरु शिवकृपानंद स्वामी है जो वर्तमान में पूरे विश्व में ध्यान का प्रचार प्रसार कर विश्व शांति और वसुदैव कुटुम्बकम को सार्थक करने का प्रयास कर रहे है। यह ध्यान योग पूर्णतः निशुल्क है।

## छात्राओं को कक्षा 10 व 12 के बाद करियर विकल्पों की दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** कस्बे में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को दिशा देने के उद्देश्य से एनएसएचआरडी एनजीओ के तत्वावधान में करियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, डीपीएस स्कूल व रामानंद स्कूल में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान एफआईआईटी के निदेशक व एनएसएचआरडी एनजीओ के प्रतिनिधि कमल यादव व जितेंद्र प्रजापति ने विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं व 12वीं के बाद उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों, रोजगार के अवसरों व प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सही समय पर सही मार्गदर्शन मिलने से विद्यार्थी अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि व क्षमता के अनुसार करियर चुनने की सलाह दी। इस अवसर पर संगठन से बलराज सिंह शेखावत, रविशंकर सैनी, जितेंद्र प्रजापत, हनीफ खान उपस्थित रहे। वहीं राजकीय बालिका विद्यालय स्टाफ से प्रधानाचार्य राजेश कुमार गुर्जर, सुरेंद्र स्वामी, नीतू जेवरिया, राजेन्द्र जाट, रामनिवास यादव, मधुसूदन शर्मा, लक्ष्मी चन्द्रोह व रघुवीर सिंह मौजूद रहे। डीपीएस स्कूल के निर्देशक महेश चंद यादव, चिरंजीलाल, रामानंद विद्यालय के निदेशक महेश यादव, कमलेश यादव सहित अनेक लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। विद्यालय प्रशासन ने इस प्रकार के मार्गदर्शन कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

## उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने किया फैशन एक्सपो के पोस्टर का विमोचन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर गारमेंट्स क्लब की ओर से चंदनवन सीतापुरा में 9 और 10 जनवरी 2026 को जयपुर गारमेंट्स क्लब एक्सपो इंटरनेशनल लेवल फैशन कलरफुल ड्रेस के साथ आयोजित किया जाएगा। सांगानेरी प्रिंट से बने परिधान रैंप शो में शोकेस किए जाएंगे। फैशन के मिश्रण के माध्यम से एथनिक और फ्यूजन वियर श्रेणी के तहत डिज़ाइनर अनारकली कुर्तियां, प्लाज़ो सूट सेट, इंडो-वेस्टर्न आदि डिस्प्ले किए जाएंगे। वहीं सोमवार को पोस्टर विमोचन राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के नेतृत्व में किया गया। पोस्टर विमोचन में जयपुर गारमेंट्स क्लब के अध्यक्ष दीपक जैन, अशोक गुप्ता, सिद्धार्थ जैन, केशव शुक्ला, शंकर जोशी, रामरतन रूंडला आदि लोग मौजूद रहे। इस एग्जीबिशन में देश भर के गारमेंट्स एजेंट्स भी शामिल हैं। जयपुर के अनुभवी गारमेंट्स मैन्युफैक्चरर्स अपनी-अपनी गारमेंट्स स्टॉल के माध्यम से अपने कलेक्शन का प्रदर्शन कर बायर्स से ऑर्डर लेंगे। यहां इस एग्जीबिशन में नेपाल, लंदन, बैंगलोर, हैदराबाद, चेन्नई, भोपाल, ओडिशा, दिल्ली, गोवा, रायपुर, कोटा आदि जगहों से कस्टमर्स की ओर से होलसेल में सभी मैन्युफैक्चरर्स को ऑर्डर दिए जाएंगे। इस फेयर में अनुमानित 2000 होलसेलर कस्टमर आएंगे। इस एग्जीबिशन में कॉटन, रेयॉन, शिफॉन, सिल्क से बनी कुर्ती, प्लाज़ो सेट, अनारकली, इंडियन और वेस्टर्न परिधान डिस्प्ले किए जाएंगे। जयपुर गारमेंट्स क्लब के अध्यक्ष दीपक जैन और सेक्रेटरी अशोक गुप्ता ने जयपुर के टॉप 60 मैन्युफैक्चरर्स को यह प्लेटफॉर्म दिया है। जयपुर गारमेंट्स क्लब की ओर से एग्जीबिशन को लगाकर इस समर के गारमेंट्स सीजन में काफी अच्छे बिजनेस की उम्मीद है।

## अंगदान जागरूकता अभियान का आयोजन, छात्र-छात्राओं को दिलाई शपथ

जयपुर टाइम्स




**नावां शहर(निस)।** उपखंड मुख्यालय स्थित राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय में आज अंगदान जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा वर्ग को अंगदान के महत्व से अवगत कराना और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना रहा। अभियान के दौरान नर्सिंग महाविद्यालय के प्राचार्य रामनिवास मूंड ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'अंगदान महादान है, इससे कई लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है।' उन्होंने शरीर के विभिन्न अंगों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अंगदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताया। कार्यक्रम में विधि महाविद्यालय के प्राचार्य मनीष कूदना ने अंगदान से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना किसी प्रकार के पैसों के लेन-देन के किया गया अंगदान पूरी तरह कानूनी है। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं से गांवों में जाकर लोगों के मन में अंगदान को लेकर मौजूद रूढ़िवादी धारणाओं को दूर करने और जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी बताया कि कौन-कौन से अंगों का दान कानूनन मान्य है और किन अंगों का दान नहीं किया जा सकता। मुख्य अतिथियों में शामिल सीबीईओ हरलाल कालेर व एसीबीओ मालचंद नेटवाल ने भी अंगदान के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में नर्सिंग महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 'अंगदान महादान' का संदेश देते हुए अंगदान को बढ़ावा देने की शपथ ली। कार्यक्रम में नर्सिंग व विधि महाविद्यालय के स्टाफ सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### उपजिला अस्पताल भूमि आवंटन विवाद गहराया

## सर्व समाज ने भरी हुंकार, राजास में जमीन आवंटन निरस्त कर नावां में ही बनाए उप जिला अस्पताल

### ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

जयपुर टाइम्स



**नावां शहर (निस)।** डीडवाना जिले के नावां में उप जिला चिकित्सालय के भूमि आवंटन को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। जिला प्रशासन की ओर से ग्राम राजास में भूमि आवंटन के विरोध में नावा नगर में जनआक्रोश देखने को मिला। बड़ी संख्या में सामाजिक संगठनों, युवाओं और आम नागरिकों ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि उप जिला अस्पताल नावां नगर क्षेत्र में ही बनाया जाए। ज्ञापन में बताया गया है कि वर्ष 2022 में नावां नगर की खसरा संख्या 1631 व 1632 की भूमि पहले ही उप जिला चिकित्सालय के लिए आवंटित की जा चुकी है, जो आज भी राजस्व रिकॉर्ड में नगरपालिका नावां के नाम दर्ज है और उपजिला अस्पताल भवन निर्माण के लिए पर्याप्त भूमि भी उपलब्ध है। साथ ही उक्त भूमि शहर के मध्य स्थित है। उस भूमि पर लगाया गया न्यायालय का स्थगन आदेश भी अगस्त 2024 में समाप्त हो चुका है और न्यायालय ने सशर्त निर्माण कराने के आदेश दिए थे। ऐसे में बिना पूर्व आवंटन को निरस्त किए नई भूमि आवंटित करना नियमों के खिलाफ है। लोगों ने बताया कि राजास की भूमि नावां से 8 से 10 किलोमीटर दूर है, जो नगरपालिका सीमा से बाहर स्थित है। वहां पहुंचने के लिए आवागमन के साधन भी पर्याप्त नहीं हैं, जिससे आमजन को इलाज के लिए भारी परेशानी होगी। वाल्मीकि समाज, कुमावत समाज, नामदेव दर्जी समाज, जैन समाज सहित कई संगठनों ने एक सुर में कहा कि उप जिला अस्पताल नावा के अधिकार का सवाल है। यदि राजास में जरूरत है तो वहां अलग अस्पताल खोला जाए। युवाओं ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन से निर्णय वापस लेने की मांग की।

### रथ यात्रा से सरकार की योजनाओं का प्रचार

## विधायक कुलदीप धनखड़ ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

जयपुर टाइम्स



**पावटा(निस)।** विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ के नेतृत्व में सोमवार को निकाली गई रथ यात्रा नगर पालिका क्षेत्र के लाडाकाबास, बड़नगर, भांकरी व जोधपुरा गांवों में पहुंची। रथ पर लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से ग्रामीणों को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान विधायक कुलदीप धनखड़ ने मौके पर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। इन योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों तक पहुंच रहा है।धनखड़ ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और इसी उद्देश्य से गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर बालाजी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता भागीरथमल यादव, राजस्थान बीज निगम अध्यक्ष जगदीश यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रिशाल सिंह, जिला महामंत्री सुरेंद्र सिंह चौधरी, जिला प्रवक्ता राजेश शर्मा, पावटा पंचायत समिति उप प्रधान टीटू सिंह, लाडाकाबास के पूर्व सरपंच मदन यादव, बूथ अध्यक्ष महिपाल यादव, मुखराम धनखड़ सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वीकेंड के बाद भी सरस राजसखी राष्ट्रीय मेले में बरकरार रही रौनक

### राजसखी मेला स्कूली बच्चों के लिए स्वदेशी और महिला उद्यमिता से जुड़ने का सशक्त मंच

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** सरस राजसखी राष्ट्रीय मेला-2025 में वीकेंड के बाद भी उत्साह और चहल-पहल कम नहीं हुई। सोमवार को मेले के पाँचवें दिन सामान्य कार्यदिवस होने के बावजूद मेला परिसर में भीड़ देखने को मिली। शिल्प, हस्तकला और स्वदेशी उत्पादों के प्रति लोगों की बढ़ती रुचि ने मेले को एक जीवंत उत्सव का रूप दे दिया। परिवारों के साथ आए दर्शकों ने विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकारों की ओर से निर्मित उत्पादों की सराहना की और स्थानीय स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) महिलाओं के उत्पादों की जमकर खरीदारी की। इसी क्रम में टाइनी टॉट्स इंग्लिश स्कूल के स्कूली बच्चों ने भी मेले का भ्रमण किया। बच्चों ने महिला उद्यमिता, ग्रामीण आजीविका और स्वदेशी उत्पादों को नज़दीक से समझा, जो उनके लिए आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण शैक्षिक अनुभव रहा। महिला उद्यमिता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मेले के अंतर्गत राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) की ओर से कमला पोद्दार ग्रुप के सहयोग से एक विशेष उत्पाद संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एसएचजी महिलाओं को डिज़ाइन नवाचार, गुणवत्ता सुधार और बाज़ार की मांग के अनुरूप उत्पाद विकसित करने संबंधी व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया गया। जूट उत्पादों पर आधुनिक प्रिंट, पेंटिंग तकनीकों और पारंपरिक कला के समकालीन उपयोग पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यशाला में शामिल महिलाओं ने बताया कि विशेषज्ञ मार्गदर्शन से उनके उत्पादों की फिनिशिंग और आकर्षण में सुधार हुआ है, जिससे भविष्य में बिक्री और बाज़ार में प्रतिस्पर्धा की संभावनाएँ बढ़ेंगी। शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मेले की रौनक को और बढ़ा दिया। मंच पर पंजाब की पारंपरिक लोक प्रस्तुतियों—गिद्दा और भांगड़ा—ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरा परिसर उत्साह व तालियों से गूंज उठा। सरस राजसखी राष्ट्रीय मेला-2025 स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ महिला उद्यमिता, कौशल विकास और सांस्कृतिक एकता का प्रभावी मंच बनकर उभर रहा है।

## एस.के.एन. कृषि महाविद्यालय, जोबनेर में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स



**जयपुर/जोबनेर।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर में नवप्रवेशित स्नातक (त्र) विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन (अभिनंदन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफ़ेसर (डॉ.) पुष्पेन्द्र सिंह चौहान रहे। डॉ. चौहान ने कहा कि विद्यालय से महाविद्यालय में प्रवेश के साथ ही विद्यार्थियों की जिम्मेदारी स्वयं की हो जाती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर जहां माता-पिता की भी जिम्मेदारी रहती है, वहीं महाविद्यालय जीवन में विद्यार्थियों को स्वयं अनुशासन में रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कॉलेज जीवन में अनुशासन, समय प्रबंधन व आत्मनियंत्रण के माध्यम से ही उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव है। डॉ. चौहान ने विद्यार्थियों से महाविद्यालय व छात्रावास के नियमों का पालन करने, नियमित उपस्थिति बनाए रखने, स्वास्थ्य व शैक्षणिक प्रदर्शन पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। साथ ही खेल, एनसीसी, एनएसएस व सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने और भविष्य में जिस क्षेत्र में जाना हो, उसके लिए अभी से स्वयं को तैयार करने की सलाह दी। डॉ. चौहान ने विद्यार्थियों से माता-पिता, गुरु व राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को सदैव स्मरण रखने, जरूरतमंदों की सहायता करने, विभिन्न छात्रवृत्तियों एवं अवसरों की जानकारी प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने तथा अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिष्ठाता व संकायाध्यक्ष डॉ. डी. के. गोठवाल ने विद्यार्थियों से अनुशासन बनाए रखने, वरिष्ठ विद्यार्थियों का सम्मान करने तथा विश्वविद्यालय की रैगिंग निरोधक (एंटी-रैगिंग) नियमावली का पूर्णतः पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने हिन्दी के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा में दक्षता बढ़ाने, नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा अनावश्यक गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी। निदेशक छात्र कल्याण डॉ. के. सी. शर्मा ने विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यहां के विद्यार्थी देश-विदेश में विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तकालय का अधिकाधिक उपयोग करने और समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की प्रेरणा दी। ?डॉ. एल.आर. यादव प्रभारी यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी व फार्म प्रभारी ने विश्वविद्यालय के अनुसंधान कार्यों जैसे ग्वारसीड्स, शुष्क बागवानी, मसालों और तारामीरा पर होने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में बताया। सांस्कृतिक सचिव डॉ. ओ. पी. गढ़वाल ने सांस्कृतिक गतिविधियों के संबंध में विद्यार्थियों को अवगत कराया।

कार्यक्रम में सहायक निदेशक छात्र कल्याण डॉ. गजानंद जाट ने महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों का स्वागत किया।

डॉ. प्रतिभा मनोहर (प्रभारी छात्रवृत्ति) ने विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों एवं फेलोशिप योजनाओं की जानकारी दी।

डॉ. पी. एस. शेखावत, मुख्य छात्रावास अधीक्षक ने छात्रावास की सुविधाओं व नियमों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

## प्रतिभाशाली युवा कलाकारों को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुँचाने की पहलः जिला स्तरीय युवा महोत्सव आज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य के प्रतिभाशाली युवा कलाकारों की खोज कर उन्हें प्रोत्साहन, सुविधा व मार्गदर्शन प्रदान करते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार कर स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से राजस्थान युवा बोर्ड की ओर से शिक्षा विभाग के माध्यम से जयपुर जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्य शिक्षा अधिकारी दीपक शुक्ला ने बताया कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन मंगलवार को शहीद लेफ्टिनेंट अभय पारीक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गांधी नगर, जयपुर में किया जाना निश्चित हुआ है। वहीं, चयनित प्रतिभागियों की सहभागिता से बुधवार को संभाग स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। शुक्ला ने बताया कि युवा महोत्सव का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की उभरती हुई प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी कला को पहचान मिल सके और वे भविष्य में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर सकें। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं में रचनात्मकता, आत्मविश्वास व सांस्कृतिक चेतना का विकास होगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव में राज्य की दुर्लभ, पारंपरिक व लुप्तप्राय लोक कला व संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन व प्रोत्साहन के उद्देश्य से स्थानीय युवा कलाकारों की ओर से विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

# 26 को प्रदेश भर में भाजपा वीर बालक दिवस मनाएगीः सुरेंद्र पाल सिंह टीटी

## भाजपा आमजन तक पहुंचाएगी साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह,बाबा फतेह सिंह जी की शहादत और शौर्य के किस्से

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 26 दिसंबर को देशभर में वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर सिख गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्र साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वीर बाल दिवस कार्यक्रम प्रदेश समन्वयक सरदार सुरेंद्रपाल सिंह टीटी ने बताया कि पार्टी द्वारा मंडल से लेकर प्रदेश स्तर तक विशेष सभाओं का आयोजन किया जाएगा जिनमें युवाओं को साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान साहस और देशभक्ति से अवगत कराया जाएगा। इसके साथ ही स्थानीय गुरुद्वारों में शब्द कीर्तन मंडल एवं जिला स्तर पर प्रभात फेरियों का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि साहिबजादों की शहादत को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में मंडल से लेकर जिला स्तर तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जयपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। वीर बाल दिवस कार्यक्रम प्रदेश समन्वयक सरदार सुरेंद्रपाल सिंह टीटी ने बताया कि वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं जिला स्तरीय बौद्धिक संगोष्ठियां स्कूलों एवं कॉलेजों में विचार संगोष्ठियां तथा भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही 26 दिसंबर को राजकीय विद्यालयों में एक घंटे के विशेष सत्र के दौरान बच्चों को वीरता और शहादत की प्रेरणादायक कहानियां सुनाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता मंडल स्तर पर डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का प्रदर्शन करेंगे तथा साहिबजादों की शहादत पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाएंगे जिससे उनकी गौरवशाली गाथा जन-जन तक पहुंच सके। इस प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद ?वशिष्ठ कार्यक्रम प्रदेश संयोजक आशीष चौपडा प्रदेश सह संयोजक प्रीति शर्मा और ऋषि मीणा मंच पर उपस्थित रहे।




## माइनर की पटरी टूटने से कई बीघा फसल जलमग्न



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** सैपऊ क्षेत्र में तसीमो माइनर की पटरी टूटने से किसानों की कई बीघा खेतो में खड़ी फसल जलमग्न हो गई है। जैसे ही किसानों को माइनर की पटरी टूट कर खेतों में पानी भरने की भनक लगी तो बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और देखा तो पसीना बहा कर उगाई गई गेहूं और सरसों की फसल पानी में डूबी मिली ऐसे में लोगों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के खिलाफ काफी रोष जताया। सूचना के बाद विभाग के अधिकारियों ने माइनर को बंद कर दिया। किसानों का आरोप है कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों की ओर से माइनर मैं पानी छोड़ने से पहले सफाई नहीं कराई गई। विभाग के अधिकारियों की ओर से की गई अनदेखी का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ा है। पानी का दबाव बढने से तसीमो माइनर की कच्ची पटरी नंदपुरा के समीप टूट गई। किसान घूरे ने बताया कि नहर में लंबे समय से घास फूस उगने के अलावा जर्जर हालत में पड़ी हुई थी। उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते नहर की सफाई कर दी जाती, तो किसानों की फसलों को नुकसान से बचाया जा सकता था।

## अलवर की दिशा गॉड एवं चारु यादव ने जीता स्वर्ण पदक, जिले का नाम किया रोशन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।।** अजमेर जिले के सरवाड़ कस्बे में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय सीनियर महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अलवर जिले की होनहार मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में अलवर की दिशा गॉड एवं चारु यादव ने अपने-अपने वजन वर्ग में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर अलवर जिला मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष दिनेश भार्गव, सचिव देवेंद्र सिंह रावत, दीपक गर्ग, साधना शर्मा, भूपेंद्र सिंह राठौड़, अजीत यादव, मनीष सैनी, विकास शर्मा, महावीर सिंह राजोरिया, राकेश शर्मा, संजय शुक्ला, विशन कालरा, विनीत जुनेजा सहित संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वहीं, बॉक्सिंग कोच सुनील सैनी, संजीव शर्मा, दीपक प्रजापत, गिरीश शर्मा, हुकम सिंह गॉड एवं अभिषेक खान सहित अन्य प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों की इस सफलता को कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं नियमित प्रशिक्षण का परिणाम बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संघ पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि अलवर की ये प्रतिभाशाली मुक्केबाज आने वाले समय में राज्य के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।



## सतर्कता शाखा की कार्रवाई, 39 हजार का



## कैरिंग चार्ज वसूला, 9 केंटर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने अवैध व अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाया। नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान 39 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूला गया तथा 9 केंटर सामान जब्त किया गया। सतर्कता टीम ने झारखंड महादेव मंदिर के सामने, धूदिया स्कूल 200 फीट बायपास, गोपालपुरा बायपास, बिरला मंदिर शांतिपथ, जेएलएन मार्ग, मालवीय नगर, जगतपुरा, आमागढ़, घाट गेट, सांगानेरी गेट, जोहरी बाजार, हवामहल बाजार, छोटी व बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया, किशनपोल, चांदपोल बाजार सहित कई क्षेत्रों में अस्थायी अतिक्रमण हटवाया। कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए सामान को निगम के गोदाम में भिजवाया गया। साथ ही अतिक्रमण करने वालों को भविष्य में समय पर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई। सतर्कता शाखा ने स्पष्ट किया कि आगे भी अतिक्रमण पाए जाने पर भारी चालान व सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मानसरोवर व हवामहल-आमेर जोन में शहरी समस्या समाधान शिविर जारी

**जयपुर(कासं)।** नगर निगम जयपुर की ओर से राज्य सरकार के निर्देशानुसार 16 से 24 दिसंबर तक 'शहरी समस्या समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को मानसरोवर व हवामहल- आमेर जोन में फॉलोअप शिविर आयोजित हुए, जहां वार्डवार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। शिविरों का निरीक्षण जयपुर सांसद मंजू शर्मा व हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का निस्तारण पारदर्शिता, संवेदनशीलता से किया जाए, ताकि नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।ननगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि शिविरों में जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, भवन निर्माण स्वीकृति, सीवर कनेक्शन, पीएम स्वनिधि सहित विभिन्न सेवाओं का एक ही स्थान पर समाधान किया जा रहा है। शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित हो रहे हैं।नमानसरोवर जोन में भवन निर्माण स्वीकृति व विवाह प्रमाण पत्र जैसे प्रकरणों का त्वरित निस्तारण होने पर नागरिकों ने नगर निगम व राज्य सरकार की सराहना की। वहीं मालवीय नगर व हवामहल-आमेर जोन में भी सैकड़ों आवेदनों का तत्काल निस्तारण किया गया।

# ग्रामीणों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पंचायत समिति क्षेत्र के कानूता गांव में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 115 लोगों को गिरदावरी एप के बारे में जानकारी दी गई। जाति, मूल निवास प्रमाण पत्र 80, नामांतरण 22, खाता शुद्धिकरण 8 किए गए। शिविर में तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक, विकास अधिकारी रवि कुमार, ग्राम विकास अधिकारी सुनीता मीणा, जुगलकिशोर, गजेंद्रसिंह, प्रशाक भगवती बीरड़ा, संतोष मेघवाल-मगरासर, पेमाराम बिरड़ा आदि भी मौजूद रहे। इसी प्रकार शहरी समस्या समाधान शिविर के तहत 36 से 42 तक का शिविर नगर परिषद में आयोजित किया गया। जिसमें 22 पट्टा, नवीनीकरण 11, 3 निर्माण स्वीकृति, लीज होल्ड से फ्री-होल्ड पटटे 2 की पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। यू.डी. टैक्स के आवेदन 5, घर-घर कचरा संग्रहण शिकायत 8, जीवीपी 4, नाली मरम्मत 1, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 44, जनआधार संशोधन व अद्यतन 18, एन.एफ.एस.ए. आधार सिडिंग, ई-केवाईसी. 30, प्रधानमंत्री स्वनिधि 07, स्ट्रीट लाईट मरम्मत 2 के प्रकरण प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारित किए गए। इसी प्रकार उर्जा विभाग के विद्युत सप्लाई मे व्यवधान 02, पेयजल पाईलाईन लीकेज 02 प्रकरण प्राप्त हुए। शिविर में पार्षद रिछपाल बिजारणिया, पार्षद रेंवतमंल पंवार, दीनदयाल पारीक, पुरूषोतम शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि पन्नालाल सोनी, राकेश प्रजापत ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर प्रभारी सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, सहायक अभियंता सुश्री चारवी, व नगर परिषद व अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

## मदन राठौड़ का कांग्रेस सांसद रंजीता रंजन पर किया जोरदार पलटवार, दुष्प्रचार करने का लगाया आरोप

जयपुर टाइम्स



**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन द्वारा दिए गए बयानों पर कड़ा और तथ्यात्मक पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को भगवान राम के नाम से ही नफरत है। राम जी का नाम सुनते ही कांग्रेस को बेचैनी होने लगती है। राम हमारी जीवनशैली, संस्कृति और राष्ट्र की आत्मा हैं। उन्हीं की प्रेरणा से हम आगे बढ़ते हैं और प्रगति करते हैं लेकिन कांग्रेस हमेशा से ही भारतीय संस्कृति और आस्था का अपमान करती आई है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार ने मजदूरों के हित में ठोस फैसले किए हैं। हमारी सरकार ने बेरोजगारों व ग्रामीणों की पीडा को समझते हुए 100 दिन के रोजगार को बढ़ाकर 125 दिन तक करने का प्रावधान किया है। कांग्रेस के समय मनरेगा भ्रष्टाचार और दलालों का अड्डा था, जबकि भाजपा ने इसे पारदर्शी और जवाबदेह बनाया है। नेशनल हेराल्ड मामले पर कांग्रेस की कथित खुशी पर सवाल उठाते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि कोर्ट ने कांग्रेस नेताओं को आरोपों से मुक्त नहीं किया है। माननीय न्यायालय ने जांच एजेंसियों को कानूनी तरीके से तकनीकी कमियों को दूर करते हुए चार्जशीट पेश करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में कांग्रेस का जश्न मनाना समझ से परे है और यह जनता को गुमराह करने का प्रयास है। कांग्रेसी नेता जूली,डोटासरा और गहलोत को सिर्फ एक ही परिवार की चिंता है उसके अलावा जनता के कल्याण या राष्ट्र की चिंता नहीं है। अरावली मामले पर कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस जानबूझकर भ्रम फैला रही है। वास्तविक स्थिति यह है कि अरावली क्षेत्र का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा –हिरसा अभयारण्य राष्ट्रीय उद्यान और आरक्षित वनों के अंतर्गत आता है, जहाँ खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके अलावा पूरे अरावली क्षेत्र में से केवल लगभग 2.56 प्रतिशत क्षेत्र ही सीमित, नियंत्रित और कड़े नियमों के तहत खनन के दायरे में आता है। उन्होंने आगे कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जब तक इंडियन काउंसिल ऑफ फॉरेस्टरी रिसर्च एंड एजुकेश द्वारा अरावली क्षेत्र की विस्तृत वैज्ञानिक मैपिंग और सस्टेनेबल माइनिंग मैनेजमेंट प्लान तैयार नहीं हो जाता तब तक कोई नया खनन पट्टा जारी नहीं किया जा सकता। ऐसे में अरावली के नष्ट होने की बात करना गहलोत जी और कांग्रेस का सिर्फ भ्रम फैलाने का प्रयास है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस को झूठे आरोप लगाने की बजाय अपने शासनकाल के भ्रष्टाचार तुष्टिकरण और विफल नीतियों पर जवाब देना चाहिए। भाजपा विकास सुशासन पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक मूल्यों के साथ देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## निःशुल्क नेत्र मोतियाबिंद जांच व नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के बाडी में अग्रवाल फाउंडेशन बाड़ी के तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन शहर के निजी मैरिज होम शंभू रिसोर्ट बाड़ी में मंगलवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाया जाएगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक कुमार गोयल ने बताया कि यह शिविर प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। शिविर में मोतियाबिंद वाले रोगियों की भोजन व परिवहन व्यवस्था निःशुल्क रहेगी।

## साफ-सफाई व पौधों के संरक्षण का कार्य

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में हुनर शक्ति फाउंडेशन व शिवाजी शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत माता सती मंदिर बरेह मोरी धौलपुर परिसर में व्यापक साफ-सफाई व पौधों के संरक्षण का कार्य किया गया। हुनर शक्ति फाउंडेशन संस्थापक प्रशांत शर्मा ने बताया। इस अभियान का उद्देश्य धार्मिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहा कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर की सफाई की गई कचरे का उचित निस्तारण किया गया और आसपास लगे पौधों की देखभाल करते हुए उन्हें सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया। संस्था सचिव नीरज झा ने बताया कि बचपन बचाओ अभियान मंजिल शक्ति अभियान शिक्षा आपके द्वार अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा नवाचार कार्यक्रम से बच्चों को जागरूक करना है साथ ही वहाँ पर उपस्थित बच्चों एवं अध्यापको व स्वयंसेवकों ने पौधों में पानी दिया, उनकी निराई-गुड़ाई की और लोगों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करते हैं। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान विनोद चौहान, व्यवस्थापक प्रमोद शर्मा, पवन सिसोदिया, राजेन्द्र, सोनू शर्मा, जोगेंद्र राजपूत उपस्थित रहे।

### मनरेगा कानून में बदलाव का विरोध

## अजमेर में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, हजारों लोग जुटे

### गरीब के अधिकार पर हमलाः डोटासरा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/अजमेर।** मनरेगा का नाम परिवर्तित करने व योजना को कमजोर करने के विरोध में सोमवार को अजमेर में आयोजित विरोध-प्रदर्शन में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मनरेगा एक कानूनी अधिकार था, लेकिन नए प्रावधानों से गरीबों से काम मांगने का हक छीना जा रहा है। डोटासरा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के नए कानून में केंद्र सरकार तय करेगी कि कहां काम मिलेगा और कहां बजट जाएगा, जिससे राजनीतिक भेदभाव बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी के बाद काम के अधिकार को समाप्त किया जा रहा है, जो गरीबों के पेट पर लात मारने जैसा है। 125 दिन काम देने के दावे को उन्होंने खोखला बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने 11 साल में औसतन मात्र 46 दिन का ही रोजगार दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि पहले मनरेगा का पूरा बजट केंद्र देता था, लेकिन अब 60:40 के अनुपात में राज्य सरकारों पर बोझ डाला जा रहा है, जिससे आर्थिक संकट झेल रहे राज्यों के लिए रोजगार देना मुश्किल हो जाएगा। डोटासरा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से गांव-ढाणी तक जाकर इस कानून के दुष्प्रभाव बताने और गरीब, युवा व महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पतंजलि के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय प्रभारी परमार्थ देव से मुलाकात की

### सीकर के जिला व तहसील प्रभारियों ने स्वामी रामदेव से लिया आशीर्वाद



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** पतंजलि योग पीठ, हरीद्वार में आयोजित पांच दिवसीय जिला व तहसील प्रभारी शिविर का सोमवार को समापन हुआ। शिविर के अंतिम दिन सीकर जिले के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय कार्यालय राजीव दिक्षित भवन में मुख्य केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव से मुलाकात कर आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि समाज हित में आमजन को योग आयुर्वेद के साथ जोड़कर स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। केंद्रीय प्रभारी राकेश मित्तल ने गौ सेवा व विषमुक्त खेती के लिए किसानों को जागरूक करने की आवश्यकता बताई। इससे पहले रविवार को सीकर के कार्यकर्ताओं ने स्वामी रामदेव महाराज का आशीर्वाद लिया। इस दौरान भारत स्वाभिमान के जिला संयोजक बृजमोहन मील, पतंजलि प्रभारी रामावतार यादव, तहसील प्रभारी वासुदेव शर्मा, श्रीपाल सिंह, गौतम चनेजा, अंकित कुमावत, राकेश तुनवाल, छोटूराम शेरावत, झाबर मल बडसरा, जय सिंह जांगिड़ व कैलाश बाजिया उपस्थित रहे।

## मोदी सरकार ने मनरेगा की हत्या की, काम का अधिकार छीन लिया : रंजीता रंजन

**जयपुर** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सांसद रंजीता रंजन ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया संवाददाता सम्मेलन में रंजीता रंजन ने कहा कि मोदी सरकार ने सुधार के नाम पर लोकसभा में एक और बिल पास करके दुनिया की सबसे बड़ी रोज़गार गारंटी स्कीम - मनरेगा को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने महात्मा गांधी की सोच को खत्म करने और सबसे गरीब भारतीयों से काम का अधिकार छीनने की जान-बूझकर की गई कोशिश है। मनरेगा गांधीजी के ग्राम स्वराज काम की गरिमा और डिसेंट्रलाइज़्ड डेवलपमेंट के सपने का जीता-जागता उदाहरण है लेकिन इस सरकार ने न सिर्फ़ उनका नाम हटा दिया है बल्कि12 करोड़ मनरेगा मज़दूरों के अधिकारों को भी बेरहमी से कुचला है। रंजीता रंजन ने कहा कि दो दशकों से मनरेगाकरोड़ों ग्रामीण परिवारों के लिए लाइफ़लाइन रहा है और कोरोना महामारी के दौरान आर्थिक सुरक्षा के तौर पर ज़रूरी साबित हुआ है। रंजीता रंजन ने कहा कि 2014 से प्रधानमंत्री मोदी मनरेगा के बहुत ख़िलाफ़ रहे हैं। उन्होंने इसे कांग्रेस की नाकामी की जीती-जागती निशानी कहा था। पिछले 11 सालों में मोदी सरकार ने इस योजना को कमज़ोर किया है और उसमें तोड़फोड़ की है बजट में कटौती करने से लेकर राज्यों से कानूनी तौर पर ज़रूरी फंड रोकने जॉब कार्ड हटाने और आधार-बेस्ड पेमेंट की मजबूरी के ज़रिए लगभग सात करोड़ मज़दूरों को बाहर करने तक। इस जानबूझकर किए गए दबाव के नतीजे में पिछले पाँच सालों में मनरेगा हर साल मुश्किल से 50-55 दिन काम देने तक सिमट गया है।

## ग्रामीणों के आकर्षण का केन्द्र बने विकास रथ, योजनाओं की जानकारी से हो रहे रूबरू

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित '2 साल : नव उत्थान–नई पहचान, बढ़ता राजस्थान–हमारा राजस्थान' अभियान के अंतर्गत जयपुर जिले में विकास रथों के माध्यम से जनसंवाद को नई गति मिली है। जिले की सभी विधानसभाओं में संचालित यह अभियान सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को सीधे आमजन से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। विकास रथों के रूप में संचालित एलईडी वैन गांवों और ढाणियों तक पहुंचकर राज्य सरकार द्वारा बीते दो वर्षों में किए गए विकास कार्यों की झलक आमजन को दिखा रही हैं। ऑडियो-विजुअल माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, बिजली, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा किसानों के हित में लिए गए निर्णयों को सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है। इस अभियान की विशेषता यह है कि योजनाओं की केवल जानकारी ही नहीं दी जा रही, बल्कि उनकी पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और प्रत्यक्ष लाभों को भी आम भाषा में समझाया जा रहा है। इससे ग्रामीण नागरिक स्वयं को योजनाओं से जुड़ा हुआ महसूस कर रहे हैं और सरकारी प्रयासों के प्रति विश्वास मजबूत हो रहा है। गांवों में विकास रथों के आगमन पर उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र होकर एलईडी प्रस्तुतियों को देख रहे हैं, जिससे विकास रथ ग्रामीण क्षेत्रों में आकर्षण का केंद्र बनते जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जयपुर जिले की सभी 17 विधानसभाओं में यह जनसंपर्क अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। विकास रथों के माध्यम से सरकार की विकास यात्रा को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने, पारदर्शिता स्थापित करने और जनभागीदारी को सशक्त करने की दिशा में यह पहल प्रभावी भूमिका निभा रही है।

# रथ यात्रा ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की दिशा और सरकार की प्रतिबद्धता को किया रेखांकित

## माण्डल में कैबिनेट मंत्री कुमावत ने सरकारी योजनाओं के लिए किया जागरूक

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर '2 साल: नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान' कार्यक्रम के तहत सोमवार को सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों में विकास रथ यात्रा पहुंची। इस विकास रथ यात्रा के इसका स्वागत किया। साथ ही स्थानीय विधायक व पशुपालन, गोपालन, डेयरी व देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने भी ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इसके अलावा यह विकास रथ यात्रा ग्राम पंचायत डरी, मणिहारी, बालराई, गुडा एंदला, साकदड़ा में भी विकास रथ यात्रा के पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। जगह-जगह जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति ने इस आयोजन को जनआस्था और सहभागिता का प्रतीक बना दिया। यात्रा के दौरान ग्राम पंचायतों के सरपंच, वार्ड पंच तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सेवा सुशासन रथ के माध्यम से राज्य सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और प्रशासनिक पहलों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने न केवल योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी, बल्कि मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरदर्शिता की इस पहल से नीतियों और योजनाओं की वास्तविक जानकारी सीधे गांव तक पहुंच रही है, जिससे पारदर्शिता और विश्वास दोनों मजबूत हो रहे हैं। सेवा सुशासन की इस विकास रथ यात्रा ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की दिशा और सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए यह संदेश दिया कि शासन की उपलब्धियां तभी सार्थक हैं, जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह परमार, पाली की पूर्व प्रधान के प्रतिनिधि पुखराज पटेल, मंडल अध्यक्ष मांगू सिंह डेंडा, महामंत्री दिलीप पटेल, मंडल महामंत्री भंवर सिंह, प्रशासक प्रतिनिधि नारायण, तहसीलदार कल्पेश, बीडीओ पाली भगवान सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष हुकम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष चैनाराम देवासी, मंडल मंत्री पूर्णदास, पूर्व मंडल महामंत्री मुकेश सिरवी, बूथ अध्यक्ष गंगा सिंह, सह संयोजक मन की बात घेवरचंद परमार, सह संयोजक रथ यात्रा मेघाराम परमार सरपंच सूराराम माली, प्रशासक किशन सिंह आदि मौजूद रहे।


ग्राम पंचायत माण्डल पहुंचने पर ग्रामीणों ने

## श्मशान भूमि में अवैध खनन को बंद करवाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** सतकुड़िया के ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर शमशान भूमि में हो रहे अवैध खनन को बंद करवाने,अवैध कब्जा हटाने व श्मशान के लिए भूमि आवंटित कर रेकॉर्ड में दर्ज करवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि ग्राम सतकुड़िया के आराजी नंबर 389 में करीब 200 वर्ष से अधिक पुराना शमशान स्थित हैं। ग्रामवासियों की ओर से पूर्व में कई बार उक्त आराजी में स्थित शमशान को दर्ज रेकॉर्ड करने के लिए सरकारी अधिकारियों से गुहार लगाई गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो पाई। ज्ञापन में बताया कि कुछ रसूखदार व्यक्तियों व भूमाफिया की ओर से उक्त शमशान की भूमि पर कब्जा कर लिया गया हैं तथा कुछ भूमि पर अवैध खनन किया जा रहा है। जिसकी भी कई बार शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई है। शमशान के पास स्थित एक एग्रीमेन्ट खदान की बिजली आपूर्ति के लिए विद्युत विभाग की ओर से शमशान में जबरन ट्रांसफार्मर लगा दिया गया।ग्रामीणों ने बताया कि खनिज संपदा से भरपूर इस बेशकीमती भूमि पर रसूखदार खान माफिया की लंबे समय से नजर हैं। समय रहते शमशान भूमि को आवंटित कर रेकॉर्ड में दर्ज नहीं किया गया तो रसूखदार व्यक्तियों व भूमाफिया की ओर से समस्त भूमि पर कब्जा कर लिया जाएगा। शमशान भूमि पर हो रहे अवैध खनन व बिजली विभाग की ओर से लगाए गए अवैध ट्रांसफॉर्मर पर शीघ्र कार्यवाही की मांग की गई।

## शिविर में नाम संशोधन, बंटवारे व नामांतरण के प्रकरणों का निस्तारण




जयपुर टाइम्स

**बिजौलिया(निस)।** ग्राम पंचायत उमाजी का खेड़ा में उपखंड अधिकारी अजित सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर में राजस्व अभिलेखों में नाम संशोधन संबंधी आवेदन पर उमाजी का खेड़ा की खाता संख्या 75 में राजस्व अभिलेखों का सुधार करते हुए रामपाल पुत्र रूपा के स्थान पर सही नाम रामलाल पुत्र रूपचन्द दर्ज किया गया। गोपाल धाकड़ व नाथू धाकड़ निवासी फतहपुरा के बंटवारे से संबंधित प्रकरण का तहसीलदार ललित डिडवानिया ने दोनों पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर मौके पर ही निस्तारण किया।राजस्व रिकॉर्ड में शुद्धि के 8 व नामांतरण के 31 प्रकरणों के निस्तारण के साथ ही 228 कृषि मिनी किट व 7 पालनहार योजना के किट वितरित किए।

## बिजौलिया की बेटी डॉ. युक्ता कोतवाल को पीएचडी की उपाधि



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** बिजौलिया की बेटी डॉ. युक्ता कोतवाल की ओर से मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर से मानव संसाधन प्रबंधन विषय में शोध पूरा करने पर राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया। डॉ. युक्ता कोतवाल भीलवाड़ा जिले के बिजौलिया निवासी समाजसेवी और देवनारायण गुर्जर सेवा संस्थान बिजौलियां के अध्यक्ष सुधीर कोतवाल की सुपुत्री है। डॉ. युक्ता कोतवाल मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र से गुर्जर समाज की पहली व भीलवाड़ा जिले की दूसरी बेटी हैं जिन्होंने पीएचडी की हैं।कस्बेवासियों द्वारा कस्बे का नाम रोशन करने पर डॉ. युक्ता व इनके माता-पिता को बधाई दी गई हैं।

## मुक्तिधाम में कॉलोनी काटने का आरोप, ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के फिरोजपुर गांव में श्मशान भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शिकायत की है। ग्रामीणों का आरोप है कि भू-माफियाओं की ओर से श्मशान घाट की भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि भू-माफिया की ओर से लगभग नौ बीघा निजी भूमि खरीदी गई है, लेकिन उससे सटी श्मशान घाट की सरकारी भूमि पर भी अवैध रूप से कब्जा कर कॉलोनी के लिए प्लॉट काटे जा रहे हैं। इससे गांव की धार्मिक और सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंच रही है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है।

## बोर्ड ऑफ विजिटर्स ने संयुक्त रूप से जिला कारागृह का औचक निरीक्षण किया

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों की अनुपालना में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव व विशिष्ट न्यायाधीश एससी-एसटी नम्रता पारीक की अध्यक्षता में गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स की ओर से संयुक्त रूप से जिला कारागृह का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नालसा की ओर से जारी एसओपी में वर्णित दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित किए जाने व आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण दौरान सभी गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स की ओर से जेल में स्थित बैरकों में जाकर सभी बंदियों अण्डरट्राइल व कन्विट बंदियों से अलग-अलग बातचीत की और बंदियों से उनके केस के प्रकरण जमानत आगामी पेशी तारीख इत्यादि के बारे में भी जानकारी ली और बंदियों से जातिगत भेदभाव के बारे में पूछा गया तो सभी बंदियों ने जातिगत भेदभाव होना नहीं बताया। साथ ही बंदियों से जेल में लेट्रिनों व बाथरूमों की सफाई के संबंध में भी जानकारी लेने व सफाई करने में जातिगत भेदभाव के बारे में भी सभी बंदियों से पूछा गया तो सभी बंदियों ने जातिगत भेदभाव होना नहीं बताया। साथ ही रसोईघर में भी खाने के बारे में जानकारी ली गई और खाने बनाने में भी बंदियों से किसी भी प्रकार की जातिगत भेदभाव के बारे में पूछने पर बंदियों ने जातिगत भेदभाव नहीं होना बताया। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों के अनुसरण में अंकित बिंदुओं के बारे में भी जानकारी दी तथा सभी विचाराधीन बंदियों से सचिव ने जानकारी ली कि ट्रायल कार्यवाही के दौरान किसी भी बंदी को अदालतों के सामने पेश होने में कोई भी परेशानी आती है। साथ ही निरीक्षण दौरान पीएलएसी के कामकाजों के बारे में भी जानकारी ली व उनके केस रजिस्टरों का भी निरीक्षण किया। सभी बंदियों को निशुल्क विधिक सहायता के बारे में भी जानकारी दी। एलएडीसीज अधिवक्ताओ को बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करने एवं निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करवाने के भी एलएडीसीज अधिवक्तागणों को निर्देश प्रदान किए। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर हरिराम मीणा, जिला साक्षरता अधिकारी वीरी सिंह, सहायक निदेशक कृषि अधिकारी पीडी शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी विकास कुमार, साक्षरता व सतत शिक्षा अधिकारी वनय सिंह, समाज कल्याण अधिकारी देवेंद्र सिंह, स्टेनो राहुल डण्डौतिया, वरिष्ठ सहायक जगदीश सिंह जादौन, चीफ एलएडीसी अमित कमठान डिप्टी चीफ एलएडीसी पप्पू सिंह गुर्जर, असिस्टेंट एलएडीसी दीपक सिकरवार, मीता अग्रवाल, आराधना शर्मा, जेल अधीक्षक सुमन मीणा सहित कारागृह का स्टाफ मौजूद रहे।

## धौलपुर में उमड़ा श्रद्धा का जनसैलाब: कलश यात्रा के साथ 'श्रीमद्भागवत कथा' का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** शहर पूरी तरह भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। धौलपुर समस्त भक्त मंडल व श्री किशोरी कृपा सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित होने वाली सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आगाज सोमवार को विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। काली माई मंदिर से शुरू हुई यह कलश यात्रा बजरिया, तोप तिराया, सब्जी मंडी , पैलेस होते हुए कथा स्थल 'राधा बिहारी मंदिर' (पैलेस रोड) पहुँची, जहाँ भक्तों ने जयकारों के साथ आसमान गूंजा दिया। पीत वस्त्रों में सजी महिलाओं ने बढ़ाई शोभा, कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और बालिकाओं ने भाग लिया। सिर पर मंगल कलश धारण किए, पीले वस्त्रों में सजी महिलाएं मंगल गीत गाती हुई चल रही थीं। ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजे की धुन पर थिरकते श्रद्धालुओं के कारण पूरे मार्ग में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। स्थानीय निवासियों ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया। कथा के मुख्य आयोजक समस्त भक्तमंडल धौलपुर व श्री किशोरी कृपा सेवा संस्थान के पदाधिकारी पूरी व्यवस्थाओं को संभालते नजर आए। कार्यक्रम के संरक्षक और प्रमुख सेवादारों में भोला गुप्ता , संगीता गुप्ता, विजय शर्मा, सुनील जगरिया, उपेन्द्र दीक्षित, रामकिशोर पाठक, विक्की गुप्ता, सुनीता लवानिया , सीमा अग्रवाल, नीलम शर्मा, स्नेहा, ललिता गुर्जर, किशन यादव सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक और मातृशक्ति शामिल रहीं। कथा प्रवक्ता आचार्य योगेश कृष्ण जी महाराज वृंदावन वाले ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। ईश्वर से मिलाने का काम श्रीमद् भागवत कथा करती है। इसलिए हमें कथा का रसपान अवश्य करना चाहिए कथा प्रवक्ता योगेश कृष्ण महाराज ने कहा कि कथा का वाचन 28 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा।




## अरावली पर्वतमाला संरक्षण के समर्थन में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** सेवा दल की जिला अध्यक्ष समृद्धि दीक्षित के तत्वाधान में कार्यक्रम की शुरुआत जिला कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर सूत की माला व कांग्रेस सेवादल की टोपी अर्पण कर मौन विरोध प्रदर्शन के साथ हुई। इस अवसर पर 'रघुपति राघव राजा राम' का सामूहिक गायन कर गांधी जी को नमन किया गया। इसके पश्चात अरावली पर्वतमाला को कमजोर करने वाले निर्णयों के विरोध में कांग्रेस सेवादल की ओर से जिला कलेक्टर को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष समृद्धि दीक्षित ने संबोधित करते हुए कहा कि अरावली पर्वतमाला केवल पहाड़ नहीं, बल्कि उत्तर भारत का पर्यावरणीय सुरक्षा कवच है। अरावली को कमजोर करने वाले निर्णय भविष्य की पीढ़ियों के अधिकारों पर सीधा प्रहार हैं। 100 मीटर से कम ऊँचाई के आधार पर अरावली की परिभाषा सीमित करना पर्यावरण संरक्षण की भावना के विपरीत है, जिससे अवैध खनन और अंधाधुंध विकास को बढ़ावा मिलेगा। कांग्रेस सेवादल अरावली संरक्षण के लिए हर स्तर पर संघर्ष करता रहेगा। इसके पश्चात ओबीसी प्रकोष्ठ धौलपुर जिलाध्यक्ष सोनू यादव ने कहा कि अरावली पर्वतमाला का संरक्षण सामाजिक न्याय और पर्यावरणीय संतुलन दोनों के लिए आवश्यक है। यदि अरावली नष्ट होती है तो इसका सबसे बड़ा नुकसान ग्रामीण, किसान और वंचित वर्ग को होगा। ओबीसी प्रकोष्ठ कांग्रेस सेवादल के साथ मिलकर अरावली बचाओ आंदोलन को मजबूती से आगे बढ़ाएगा। कार्यक्रम में यंग ब्रिगेड सेवादल धौलपुर जिलाध्यक्ष परवेश पठान ने कहा कि युवा शक्ति पर्यावरण संरक्षण के इस संघर्ष में पूरी मजबूती से खड़ी है। अरावली को बचाने के लिए युवा हर लोकतांत्रिक आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे और इस लड़ाई को जन-जन तक पहुँचाएंगे। कांग्रेस सेवादल ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि अरावली पर्वतमाला से संबंधित सभी न्यायिक आदेशों का सख्ती से पालन किया जाए, अवैध खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए तथा अरावली को संरक्षित पारिस्थितिक क्षेत्र के रूप में सुरक्षित रखा जाए। इस कार्यक्रम में राम भरोसी शर्मा, बनवारी लाल जाटव, शिब्बू लोधा, दीपक सक्सेना, राजेश कुशवाहा, अरविंद पचौरी, राजेश गौड़, दाऊ दयाल त्यागी, लोकेंद्र कंडेरा, अभिषेक यादव, सुमन, अनिल अरेला, प्रेमचंद, कृष्णा, विक्रम पहाड़िया, सुरेंद्र सिंह, विनीता, कमलेश, मीना, ममता, सरिता, पूजा, लॉगश्री, तुलसी, गंगा देवी, रामाधार गुर्जर, अमु, राजकुमार, सुनील, सचिन शर्मा, राहुल बघेल, पंकज, नरेंद्र यादव, प्रदीप अवस्थी, इक़बाल सैफी रमेश चंद महामना सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन व सेवादल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## ठंडी हवाओं से माहौल सर्द, बदला खान-पान, अलाव जलाकर सर्दी से बचाव में लगे लोग

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर/सरमथुरा(निस)।** उत्तर भारत की ओर से ठंडी हवाएं आने से सर्दी के तेवर तेज होने लगे हैं। दिनभर माहौल के सर्द रहने से लोगों की दिनचर्या बदलने लगी है। ठंडी हवाओं और कमजोर धूप ने लोगों को सुबह देर तक घरों में रहने और शाम को जल्दी घर लौटने पर मजबूर कर दिया है। मौसम के इस बदलाव का असर बाजारों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। शहर के पुराना बस स्टैंड सहित कई स्थानों पर ऊनी कपड़ों की दुकानें सज गई है। बाजार में स्वेटर, जैकेट, मफलर और टोपी की बिक्री तेजी से बढ़ रही है। वहीं लोगों ने गर्म कपड़ों व अलाव जलाकर सर्दी से बचाव की कोशिश में जुट गए है। साथ ही सर्दी के असर से खानपान की आदतों में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। ठंड बढ़ने के साथ ही बादाम, काजु, छुआरे और अंजीर जैसे सूखे मेवों की बिक्री में इजाफा हुआ है। लोग स्वास्थ्य और ऊर्जा के लिए इनका अधिक सेवन कर रहे हैं। इधर बाजारों में मूंगफली, गरम मंगोड़े और अन्य तली-भुनी चीजों की बिक्री भी तेजी से बढ़ रही है। ठंड के मौसम में लोग गरमागरम स्नैक्स का आनंद लेने के लिए दुकानों पर भीड़ रहती है। वहीं सर्दी के प्रकोप के कारण बाजारों में भी संन्नाटा फैलने लगा है।

### रैन बसेरा शुरू करने में लेटलतीफी, असहाय लोगों की पीड़ा बढ़ी:

कस्बा में पालिका द्वारा सर्दी के मौसम में गरीब, असहाय लोगों के लिए रैन बसेरा की शुरुआत की जाती रही है। लेकिन पालिका की ओर से कस्बा में रैन बसेरा खोलने में लेटलतीफी की जा रही है। जिसके कारण लोगों की दुविधाएं बढ़ गई है। हालांकि पालिका प्रशासन ने शहर में रैन बसेरा खोलने के लिए तैयारियां तो शुरू कर दी गई है लेकिन अभी तक जिला प्रशासन से स्वीकृति नही मिल पाने के कारण योजना ठंडे बस्ते में पड़ी है। जिसका खामियाजा गरीब, मजदूर वर्ग व असहाय लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

## अरावली पर्वत श्रृंखला को लेकर प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**किशोरपुरा/उदयपुरवाटी(निस)।** अरावली चेतना संस्थान सेवा समिति व अरावली संघर्ष समिति उदयपुरवाटी की तरफ से उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री भारत सरकार से मांग की गई कि अरावली भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला है जो लगभग 2.5 अरब साल विश्व की पुरानी प्रर्वत है जो हिमालय पर्वत से भी पुरानी मानी जाती है, वह अपने अस्तित्व की गंभीर लड़ाई लड़ रही है। आज तक अरावली ने कई सभ्यताओं को जन्म दिया है सभ्यताएं फली फूली हैं। हाल ही में भारत के सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है कि अरावली पर्वत और पहाड़ियां जो 100 मीटर से अधिक को ही अरावली क्षेत्र माना है, जो मात्र 57' क्षेत्र है, उनको पहाड़ मानने की प्रशासनिक प्रवृत्ति सामने आई है जिससे अरावली का विशाल भू भाग90-92' हिस्सा कानूनी संरक्षण खो देगा। अरावली की चट्टानी संरचना वर्षा जल को रोककर उसे जमीन में समाहित रखने की अद्भुत क्षमता रखती है। पश्चिमी राजस्थान के लिए अरावली का कमजोर होना सूखे को स्थायी बना देगा और दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दक्षिणी भारत को भी मरुस्थल बना देगी तथा अरावली से निकलने वाली सभी नदियां सुख जाएंगी जिससे सूखे की चपेट में ये सभी पांचों राज्य आएंगे भारत की संरचना को गंभीर चोट पहुंचेगी जिससे जलवायु परिवर्तन होना स्वाभाविक है। प्राकृतिक संस्थान समाप्त हो जाएंगे। इस अवसर पर वक्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार को चेताया कि अरावली का दोहन राजस्थान वासी नहीं होने देगा। अरावली पर हमला हमारे राजस्थानियों के घर पर हमला माना जाएगा और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव को लोगों ने कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि यादव को अलवर की जनता ने जिताया है वो किसी अदानी अंबानी के लिए नहीं जीते हैं जो अरावली पर जनता को दरकिनार करके सरकार की हां में हां कर रहे हैं। सरकार वतानुकूलित कमरों में बैठाकर हमारे अरावली का फैसला नहीं कर सकती अरावली हमारा राजस्थानियों का घर है। केंद्र की मोदी सरकार अदानी अंबानी को अरावली का प्राकृतिक दोहन नहीं करने देंगे। सरकार को अपना फैसला वापस लेना होगा और सुप्रीम कोर्ट में अपनी बात कहनी होगी और अरावली पर शिकंजा कसने का षड्यंत्र कर रही है, उस पर पीछे हटना होगा। अरावली राजस्थानियों स्वाभिमान का प्रश्न है। अरावली ने आज तक राजस्थानियों की रक्षा की है। इस अवसर पर संयोजक के.के.सैनी ने कहा कि इस सप्ताह गांव गांव अभियान-अरावली बचाओ आपके द्वार व अभियान-जन जागृति आपके द्वार के स्लोगन के तहत मीटिंग कर यही हालात रहे तो सप्ताह भर बाद में एक बड़ी रैली कर बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। के के सैनी ने बताया कि अरावली से संबंधित फैसले पर पुनर्विचार समीक्षा याचिका के लिए सुप्रीम कोर्ट से भी आग्रह किया गया है। इस अवसर एडवोकेट के के सैनी उदयपुरवाटी, संयोजक अरावली चेतना संस्थान सेवा समिति के नेतृत्व में एसडीएम की अनुपस्थिति में उनके पीए को दिया गया है, जिसमें मोहन लाल अध्यक्ष, राकेश जमालपुरिया पार्षद प्रतिनिधि, श्याम लाल पार्षद, अजय तसीड पार्षद, एडवोकेट मोती लाल सैनी, एडवोकेट हंसराज कबीर, लीगल इंचार्ज महासचिव, नथूराम जल संघर्ष समिति अध्यक्ष, एडवोकेट राकेश कुमार लिगल सेल अध्यक्ष, बुद्धराम सुबेदार बजावा पूर्व सरपंच, रमेश सैनी सरपंच प्रतिनिधि बागोरा, जयंत मूड अध्यक्ष मरू सेना मूल चंद पूर्व सरपंच पौंख, हंसा वर्मा ब्लाक अध्यक्ष महिला, दोस्त रसगणिया बजावा, भूराराम छापोली, सुनिल शेरावत पंच कोट, राजू वर्मा, बाबूलाल चंवरा महासचिव, सांवर मल खटाना अध्यक्ष इकाई ककराना, एडवोकेट मुकेश सैनी, शैलेन्द्र जाट, सुभाष भाकर, भवानी शंकर आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
23 दिसम्बर, 2025

## जिला स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने वाली छात्राओं का किया अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** पीएमश्री श्रीयूनियन क्लब राबाउमावि राजलदेसर के सुरम्य प्रांगण में प्रधानाचार्य मोहन सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने वाली छात्राओं का अभिनंदन किया गया। जिला स्तरीय युवा महोत्सव में भाषण प्रतियोगिता में नेहा शर्मा ने तीसरा स्थान,पेंटिंग में दिव्या सोनी ने  तीसरा स्थान व सामुहिक लोक नृत्य में लक्ष्मी कंवर, डिम्पल प्रजापत,रूचिका पारीक, कैलाश राजपुरोहित, भावना जाट व विमला प्रजापत ने द्वितीय स्थान जिला स्तर पर हासिल किया। सभी बालिकाओं के विधालय पधारने पर विद्यालय स्टाफ की ओर से मोमेंटो पाठ्य सामग्री पारितोषिक स्वरूप भेंट कर बालिकाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मोहन सिंह व व्याख्याता इंद्रसिंह फगेड़िया ने आशीर्वाद स्वरूप अपने विचार रखते हुए बालिकाओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में व्याख्याता महेश कुमार सांखोलिया, विमला चौधरी, रश्मि महर्षि, रमेश खीचड़, वरिष्ठ अध्यापक शिशपाल, आंनद सिंह, अनिता मीणा,अध्यापक कपिल मीणा, मीना कुमारी वर्मा, नानूराम मोनिका बारूपाल, रोशनी छींपा, ऋषिका सहारण,ओए प्रमोद कुमार, कम्प्यूटर अनुदेशक मनिष शर्मा, प्रयोगशाला सहायक दिंपाकर शर्मा, योगिता पुरोहित, व्यवसायिक शिक्षा प्रभारी दीलिप सिंह कुड़ी व पींकी मंडल सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रिखा राम तालणिया ने किया।

## तोदी महाविद्यालय में अंतर्सदन खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीन दिवसीय अंतर्सदन खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत, प्रशासक प्रमेंद्र सिंह शेखावत व महाविद्यालय सचिव आशकरण शर्मा की ओर से खेल ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के साथ किया गया।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. नाथावत ने स्वागत भाषण देते हुए खिलाड़ियों को अनुशासन व खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने और स्वस्थ शरीर व मानसिक विकास के लिए जीवन में किसी न किसी खेल को अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रशासक प्रमेंद्र सिंह शेखावत ने अपने खेल अनुभव साझा करते हुए खिलाड़ियों को निरंतर प्रयास व उत्साहपूर्वक सहभागिता के लिए शुभकामनाएं दीं। सचिव आशकरण शर्मा ने भी खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पंकज शर्मा की ओर से खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलाई गई। प्रतियोगिताओं के प्रथम दिन छात्रा वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में कल्पना चावला सदन विजेता और सरोजनी नायडू सदन उपविजेता रहा। वहीं छात्र वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में गांधी सदन ने प्रथम तथा रमन सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खेलों का आयोजन शारीरिक शिक्षक लिछमण सिंह, सुरेन्द्र सिंह व पंकज शर्मा के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आनंद शर्मा ने किया। प्राचार्य ने बताया कि शेष प्रतियोगिताएं आगामी दो दिनों में आयोजित होंगी और अंतिम दिन पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न होगा।

## पाटन पुलिस के हत्थे चढ़ा पांच साल से फरार इनामी अपराधी

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** पाटन पुलिस ने करीब पांच साल से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी अपराधी सोनू वर्मा को गुजरात के हिम्मतनगर से गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी घटना के बाद से ओडिशा, महाराष्ट्र और गुजरात में अलग-अलग स्थानों पर छिपकर रह रहा था। प्रकरण संख्या 164/2021, 29 मार्च 2021 को दर्ज मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 323, 341, 377, 382, 504, 506 भादसं, 3/4 पोक्सो एक्ट व 67 आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस अधीक्षक सीकर की ओर से आरोपी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज एच.जी.आर. सुहास और पुलिस अधीक्षक सीकर प्रवीण नायक नुनावत के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना लोकेश मीणा व वृत्ताधिकारी सुशील मान के सुपरविजन में पाटन थाना पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और मोबाइल सीडीआर के आधार पर आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर उसे हिम्मतनगर से दस्तयाब किया। पुलिस के अनुसार आरोपी का एक सहयोगी कुलदीप वर्मा वर्ष 2022 में फरारी के दौरान मृत्यु को प्राप्त हो चुका है। गिरफ्तार आरोपी सोनू वर्मा पुत्र रोहिताश वर्मा, उम्र 24 वर्ष, निवासी नलका मोहल्ला डाबला थाना डाबला से पूछताछ जारी है। कार्रवाई में थानाधिकारी रमेश सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## 8 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त, अभियुक्त गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** अवैध मादक पदार्थो तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत तारानगर पुलिस उप अधीक्षक रोहित सांखला के सुपरविजन में तारानगर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है थानाधिकारी सतपाल बिश्नोई ने बताया कि कस्बे के चूरू बाईपास के पास अभियुक्त कैलाश के कब्जा में रखे प्लास्टिक कट्टा से 08 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ जप्त कर अभियुक्त कैलाश के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है। थानाधिकारी सतपाल बिश्नोई ने बताया कि उक्त मामले की जांच दूधवाखारा थानाधिकारी सीआई महेन्द्र मीणा कर रहे है। बिश्नोई ने बताया कि उक्त कार्यवाही में बलवान सिह, दिलावर सिह, धर्मवीर सिह, विजयसिह आदि की विशेष भूमिका रही।

### कोई महात्मा गांधी से नफरत कर सकता है लेकिन उनकी विचारधारा से नहीं: कस्वां

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर केन्द्र की भाजपा सरकार की ओर से मनरेगा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को कमजोर करने, महात्मा गांधी के नाम को हटाने और रोजगार के कानूनी अधिकार को समाप्त करने की साजिश के विरोध में चूरू जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला अध्यक्ष व सुजानगढ विधायक मनोज मेघवाल की अध्यक्षता में चूरू जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय आपणी योजना के सामने शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। धरने को संबोधित करते हुए सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि कोई महात्मा गांधी से नफरत कर सकता है, लेकिन उनकी विचारधारा से नही, उनकी विचारधारा आज भी दुनिया के हर कोने में गरीब और मजदूरों की आवाज है। कस्वां ने कहा कि कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया है। आने वाले




दिनों में लगातार वार्डो, ब्लॉकों में प्रदर्शन करेंगे, इस आंदोलन को ग्रासरूट लेवल तक लेकर जाएंगे। चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व सुजानगढ विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे और सोनिया गांधी यूपीए की चेरपर्सन थी तब देश के करोड़ो लोगो को रोजगार देने के लिए यह नई योजना लाई गई थी। देश के किसानों और गरीब आदमी को रोजगार देने के लिए यह बेमिसाल योजना लाई गई थी जिसका नाम महात्मा गांधी मनरेगा योजना था। आज भाजपा सरकार इस योजना को खत्म करना चाहती है जिसको हम कभी नही करने देगे। सादुलपुर की पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पुनिया ने कहा कि मोदी सरकार ऐतिहासिक योजना मनरेगा को मिटाने पर तुली है। भाजपा सरकार महात्मा गांधी का नाम हटाकर न केवल उनकी विरासत पर हमला कर रही है, बल्कि ग्रामीण मजदूरों के कानूनी अधिकार को भी छीन रही है। इस अवसर पर रियाजत खान, धर्मेन्द्र बुडानिया, रामप्रताप कांटिवाल, पीसीसी सचिव मुस्ताक खान, शहर अध्यक्ष असलम खोखर, किशोर धान्धू, गोविन्द महनसरिया, संजय कस्वां, विद्याधर बेनिवाल, आशाराम सैनी, सोहनलाल मेघवाल, आदूराम न्यौल, प्रदीप तोदी, मोहम्मद हुसैन निर्बाण, जितेन्द्र राजवी, संजय पुनिया, कल्याण सिंह, लाल मोहम्मद बिहाणी, गिरधारीलाल बांगडवा, रमेश इंदोरिया, अनिल चाकलाण, आशाराम सैनी, वेदप्रकाश सहारण, इदरिश गौरी, अशोक पुनिया, रामेश्वर प्रजापति, परमेन्द्र सिहाग, सुनिता कपुरिया, सुरेश कल्ला, शमशेर भालू खां, विद्याधर मेघवाल, अरविन्द बाघ, बजरंग सैन, पवन सैनी, आरिफ पिथिसर आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्यारेलाल दानोदिया व जिला उपाध्यक्ष जमील चौहान ने किया। इस दौरान रामजीलाल शर्मा, विकास मील, हर्ष लाम्बा, आरिफ रिसालदार, जयचंद मेघवाल, बरकत खान, अजीज दिलावर खानी, अली मोहम्मद भाटी, समीउल्लाह गौरी, सलीम पीए, अब्दुल मजीद, विमल शर्मा, सुरेन्द्र ढण्ड, शिवकुमार शर्मा, सोयल डीके, तोफिक खान, इस्माईल भाटी, सद्दाम हुसैन, योगेश ढाका, रामचन्द्र सुण्डा सहित सैकडो कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 8 स्कूलों के 264 विद्यार्थियों को यंग्स क्लब ने उपलब्ध करवाए स्वेटर




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ की ओर से सोमवार को स्थानीय राजकीय पी सी बी उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित स्वेटर्स वितरण कार्यक्रम में 8 सरकारी विद्यालयों के 264 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर्स उपलब्ध करवाए गए। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि दिल्ली निवासी सविता मेंहदीरत्ता की स्मृति में उनके पुत्र सी ए संदीप मेंहदीरत्ता व पोतों कनव, कवश मेंहदीरत्ता के सौजन्य से एडवोकेट विनय भोजक की प्रेरणा से आयोजित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुनीता पूनिया ने की। मुख्य अतिथि बीएसएनएल के सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबंधक महेश कुमार भोजक ने कहा कि नर सेवा ईश सेवा है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन में सेवा को आत्मसात करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य रणवीर सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सहयोग के लिए यंग्स क्लब का आभार व्यक्त किया। सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय पी सी बी विद्यालय, राज उच्च प्राथमिक विद्यालय संख्या 2, ग्रामीण क्षेत्रों भीवसर, सारोठिया, ढाणी रावतान, डूंगरास आथूना, लालपुरा, चारियां, मुरडाकिया सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी लाभान्वित हुए। मंचासीन विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त सीबीईओ धन्नाराम प्रजापत, प्राचार्य प्रभुदयाल स्वामी, हरि प्रसाद तोदी, राजकुमार क्याल, श्याम सुंदर स्वर्णकार, क्लब सचिव महावीर मीरनका ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित किया। संचालन गिरधर शर्मा ने किया। अतिथियों का माल्यार्पण से स्वागत क्लब प्रतिनिधि ललित सोनी, योगेंद्र भोजक, शिक्षक मंगलाराम, सरदार सुखचैन सिंह, ममता महरिया, पूसाराम स्वामी, राशिद अली, सुनीता शर्मा, गणेशाराम गोदारा, रामेश्वरी चौधरी ने किया।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने महिलाओं को सौंपा 2 लाख रूपए आर्थिक सहायता का चेक

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के निवास पर दो महिलाओं को आर्थिक सहायता राशि का चैक सौपा। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया ने बताया कि बनवारीलाल धानक गांव पुनरास तारानगर चूरू के पुत्र सोहनलाल एवं कृष्ण कुमार व पौत्र संजय कुमार की लगभग दो वर्ष पूर्व नहर में डुबने से मृत्यु हो गई थी परंतु कोई पोस्टमार्टम नहीं होने से कानूनी पेचीदगियो में मामला फंस गया और किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं होने से सरकारी सहायता से वंचित था। जब इस बात से एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री सीता राम लुगरिया ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ को अवगत करवाया तो उन्होंने पीड़ित परिवार की व्यथा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के सामने रखी और राजेन्द्र राठौड़ व जिला कलेक्टर चुरु की अनुशंसा पर सहायता राशि देना स्वीकृत किया। प्रत्येक मृतक व्यक्ति के परिजन सावित्री देवी पत्नी बनवारीलाल धानक को दो दो लाख रुपए का चेक व मुकेश देवी पत्नी कालुराम धानक को दो लाख रुपए का चेक राजेन्द्र राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया ने प्रदान किया। इस पर पीड़ित परिवार ने राजेंद्र सिंह राठौड़ को गरीबों का मसीहा बताया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि जरूरतमंद की सेवा करना हर व्यक्ति का कर्तव्य होता है। जिस प्रकार प्रदेश में एक संवेदनशील सरकार है उस सरकार से हर आम व्यक्ति को आशा है और जब मुख्यमंत्री  को पता लगा। इस समस्या के बारे में तो उन्होंने गरीब की सहायता करने के लिए शीघ्र ही कदम उठाया। उन्होंने कहा कि हमारे वरिष्ठ नेता सीताराम लुगरिया ने जब मुझे इस बारे में अवगत करवाया कि इस गरीब परिवार का सहारा छिन गया है तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से वार्ता कर उनको यह सहायता दिलवाई है। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा की गरीब को गणेश मानकर सेवा कार्य करना पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की राजनीति का हिस्सा रहा है। इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी की सरकार भी गरीब के हित का काम कर रही है। इस अवसर पर एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया ने आभार जताते हुए कहा कि यह धनराशि इस परिवार के लिए भरण पोषण के लिए उपयोगी साबित होगी। इस राशि से इनके बिछड़े हुए परिजन तो नहीं मिल सकेंगे लेकिन इससे इन्हें जीवन यापन में सहायता मिल सकेगी। इस अवसर पर,जिला महामंत्री चंद्रा राम गुरी, पूर्व प्रधान विक्रम कोटवाद, अभिषेक चोटिया, पूर्व जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश नाई, संत कबीर शिक्षा समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह धानक जिला मंत्री सत्तार खान, जिला प्रवक्ता सुशील लाटा, रवि दाधीच, राजीव शर्मा, नीरज जांगिड, निजू नाई सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवती की मौत

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** थाना क्षेत्र में दुंकर रोड पर सोमवार को ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवती की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक मौक़े से फरार हो गया। सूचना मिलते ही बीदासर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका को एंबुलेंस की सहायता से बीदासर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को मोर्चरी में रखवाया गया। जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान 28 वर्षीय सुशीला मण्डा पत्नी शंकर मण्डा, निवासी बालेरा के रूप में हुई है। सुशीला दो बच्चों की मां थी और बीदासर से बालेरा की ओर स्कूटी से जा रही थी इस दौरान पास से गुजर रहे ट्रक को ओवरटेक करते समय स्कुटी का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना



पर थानाधिकारी दिलीप सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## पंचायत समिति बीदासर में ग्रामीण समस्या समाधान शिविर, ग्रामीणों को मिला लाभ

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** पंचायत समिति सभागार में सोमवार को ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का आयोजन उपखण्ड अधिकारी अमीलाल यादव की अध्यक्षता में किया गया। एसडीएम यादव ने सभी विभागीय अधिकारियों को सरकार की योजनाओं के माध्यम से अधिकाधिक ग्रामीणों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। शिविर के दौरान राजस्व विभाग की ओर से 68 किसानों को किसान गिरदावरी ऐप की जानकारी दी गई, जबकि 13 किसानों के मोबाइल में गिरदावरी ऐप डाउनलोड करवाया गया। इसके अलावा 4 कृषकों का एफआरसी किया गया। पंचायतीराज विभाग की ओर से विश्वकर्मा पेंशन योजना में 3 श्रमिकों का चिन्हिकरण किया गया।




साथ ही 6 व्यक्तिगत शौचालयों के आवेदन प्राप्त किए गए तथा 6 प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग की ओर से पालहार योजना के 5 व पेंशन योजना के 32 लाभार्थियों का सत्यापन किया गया। चिकित्सा विभाग की टीम ने 190 ग्रामीणों को स्वास्थ्य परामर्श दिया तथा 48 लोगों की बीपी व शुगर की जांच व स्क्रीनिंग की गई। वहीं विद्युत विभाग की ओर से 7 क्षतिग्रस्त बिजली पोल हटाकर उनके स्थान पर नए पोल लगाए गए। शिविर में ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याएं रखीं, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया,शिविर में विकास अधिकारी राजुराम, तहसीलदार राजु देवी बुनकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

# लोहे के पाइप चोरों की अंतरराज्यीय गैंग का भंडाफोड़, 5 आरोपी गिरफ्तार

### पाइप चुराते पकड़ी गई गैंग, पाइपों से भरा ट्रक व स्विफ्ट कार जब्त

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर पुलिस ने लोहे के पाइप चोरी की लगातार हो रही वारदातों का खुलासा करते हुए एक अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से चोरी करते हुए गैंग के 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से लोहे के पाइपों से भरा ट्रक, एक स्विफ्ट कार सहित अन्य वाहन भी जब्त किए गए हैं। डीएसपी रोहित सांखला ने बताया कि तारानगर निवासी साबिर हुसैन ने थाने में रिपोर्ट दी थी कि उनकी फर्म मैसर्स मोहम्मद



तैयब ठेकेदार के नाम से अमृत अटल मिशन योजना 2.0 के तहत तारानगर कस्बे में पानी की पाइप लाइन डालने का ठेका है। इसके लिए जून 2025 में जिंदल कंपनी से 933 लोहे के पाइप खरीदकर सैनिक बस्ती स्थित खाली जगह पर रखे गए थे। अक्टूबर और दिसंबर के दौरान अलग-अलग तिथियों में सैकड़ों पाइप चोरी हो गए, जिस पर चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। डीएसपी रोहित सांखला के निर्देशन में थानाधिकारी सीआई सतपाल बिश्नोई के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। रविवार अलसुबह पुलिस को सूचना मिली कि चोर पाइप भर रहे हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी ट्रक, स्विफ्ट कार और बोलेरो से भागने लगे। कंट्रोल रूम के जरिए नाकाबंदी करवाई गई, जिसके बाद गांव राजपुरा से हडियाल रोड पर आरोपियों को दबोच लिया गया।

### इस तरह देते थे चोरी की वारदात को अंजाम:

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले खाली जगहों पर रखे पाइपों की रेकी करते, फोटो व लोकेशन अपने गिरोह के ग्रुप में साझा करते थे। इसके बाद रात के समय ट्रक कंटेनर लेकर 10-12 लोग पहुंचते और मशीनों व हाथों से पाइप भरकर गांवों के रास्तों से फरार हो जाते थे।

### पुरानी वारदातें भी कबूलीं

आरोपियों ने 20-21 दिसंबर की रात दूधवाखारा थाना क्षेत्र के गांव आसलू सहित मध्यप्रदेश के रतलाम क्षेत्र में भी लोहे के पाइप चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है। अन्य चोरियों के संबंध में गहन अनुसंधान जारी है। पुलिस ने साकिब पुत्र दीनू, रासिद पुत्र दीन मोहम्मद, मौसिम पुत्र जफरूदीन, समीम पुत्र जैकम और वारिस पुत्र स्व. जफरू को गिरफ्तार किया है। डीएसपी रोहित सांखला व सीआई सतपाल बिश्नोई ने आमजन से अपील की है कि लोहे के पाइप या अन्य कीमती सामग्री खुले में न रखें और सुरक्षित स्थान पर निगरानी में रखें, ताकि चोरी की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# अरावली बचाओ अभियान को ग्रामीणों का समर्थन, जन-जागरूकता तेज करने का निर्णय



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं/किशोरपुरा गुढ़ा(निस)।** अरावली पर्वतमाला के संरक्षण को लेकर ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाते हुए अरावली बचाओ अभियान को समर्थन दिया। मनकसास टोडी वाले बालाजी प्रांगण में अरावली चेतना संस्थान सेवा समिति की आपातकालीन बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता बजावा के पूर्व सरपंच बुद्धराम सूबेदार ने की। बैठक में समिति संयोजक एडवोकेट के.के. सैनी (उदयपुरवाटी) ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि 100 मीटर से कम ऊंचाई वाले पहाड़ों को अरावली की श्रेणी से बाहर किए जाने से अवैध खनन बढ़ने की आशंका है। इससे पेड़-पौधों, वन्यजीवों, जैव विविधता और पर्यावरण को गंभीर नुकसान होगा, साथ ही मरुस्थलीकरण बढ़ने का खतरा भी रहेगा। अध्यक्षता करते हुए बुद्धराम सूबेदार ने अरावली बचाने के लिए जन-जागरूकता अभियान को घर-घर तक ले जाने पर जोर दिया और उदयपुरवाटी उपखंड स्तर पर बड़ी बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। बैठक में गांव-ढाणी व वार्ड स्तर पर लोगों को जागरूक करने, निष्क्रिय पदाधिकारियों के स्थान पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की नियुक्ति कर संगठन को मजबूत करने और अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए निगरानी तंत्र विकसित करने का निर्णय भी लिया गया। संचालन एडवोकेट के.के. सैनी ने किया।

# राजस्थान सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन पखवाड़ा



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 15 दिवसीय सुशासन पखवाड़ा के अंतर्गत मण्डावा विधानसभा क्षेत्र के हंसासरी, धनुरी, लादूसर, कांट ग्रामों का दौरा किया गया। इस अवसर पर पखवाड़े के माध्यम से राज्य सरकार की ओर से विगत दो वर्षों में किए गए विकास कार्यों व जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामवासियों को दी गई। कार्यक्रम के दौरान सुझाव पेटिका के माध्यम से आमजन से सुझाव प्राप्त किए गए तथा ग्रामवासियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम मे पूर्व सांसद नरेन्द्र कुमार, कार्यक्रम विधानसभा प्रभारी सुभाष पूनिया, एस.सी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र भाटिया, मंडावा विधानसभा सह संयोजक सुधीर चौमाल व अमित एईएन व नरेंद्र पिलानिया सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

# स्मारिका विमोचन कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** स्वामी खेतादास मंदिर लोहार्गल में सोमवार को प्रथम स्मारिका का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में योगेंद्र चांदोलिया, सांसद दिल्ली, बी एल नवल,अध्यक्ष अखिल भारतीय रैगर महासभा, दयानंद कुरडिया अध्यक्ष प्रांतीय रैगर महासभा, विक्रम सिंह जाखल विधायक नवलगढ़, विनोद कुमार गहनोलिया अध्यक्ष स्वामी खेतादास मंदिर लोहार्गल,डॉ. सत्यनारायण धौलपुरिया, गुलाबचंद बारोलिया, राजेंद्र कनवाड़िया आदि मंचासीन अतिथि रहे। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय रैगर महासभा के पदाधिकारियों की ओर से प्रथम स्मारिका का विमोचन किया गया। मंच संचालन महावीर प्रसाद सबलानिया, मदन लाल डीग्वाल ने किया। कार्यकारिणी सदस्य महावीर प्रसाद सबलानिया दयालाराम मौर्य परशुरामपुरा, गिरधारी लाल कनवाडिया छापोली सुरेश कुमार कनवाड़िया गंगानगर हनुमान प्रसाद खटनावलिया मंडावा व कार्यकर्ताओं ने समारोह का प्रबंधन किया। समारोह में बड़ी संख्या में समाजबंधु,महिलाएं बच्चे उपस्थित रहे। अन्त में विनोद कुमार गहनोलिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# वीर बाल दिवस कार्यक्रम को लेकर जिला स्तरीय समिति गठित

## योगी को बनाया जयपुर देहात उत्तर का जिलाध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना /पाटन (निंस.)।** प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार वीर बाल दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस क्रम में कुजेता, कोटपूतली निवासी योगी अशोक सुरेलिया एडवोकेट को जयपुर देहात उत्तर जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। योगी अशोक सुरेलिया वर्तमान में जिला कार्यालय प्रभारी जयपुर देहात उत्तर के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका, प्रशासनिक अनुभव व समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति पर संगठन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में वीर बाल दिवस कार्यक्रम को जिला स्तर पर भव्य व प्रेरणादायी रूप में आयोजित किया जाएगा। योगी अशोक सुरेलिया ने इस अवसर पर शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे और कार्यक्रम के माध्यम से वीर बालकों के बलिदान और गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

# मंडावा में उपभोक्ता जागरूकता को लेकर टॉक शो का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील की पहल पर कंज्यूमर वॉइस न्यायोत्सव के तहत जिला उपभोक्ता समिति मंडावा व जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को होटल राधिका में उपभोक्ता जागरूकता विषय पर विस्तृत टॉक शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों की सरल व व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने अपने संबोधन में कहा कि उपभोक्ता आज के समय में बाजार व्यवस्था की रीढ़ हैं। यदि उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति सजग रहेगा तो न केवल वह स्वयं शोषण से बचेगा, बल्कि बाजार में पारदर्शिता और गुणवत्ता भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019, ऑनलाइन खरीदारी से जुड़े अधिकार, भ्रामक विज्ञापनों के विरुद्ध कार्रवाई और शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह ने कहा कि उपभोक्ता जागरूकता समाज को सशक्त बनाती है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे किसी भी सेवा या वस्तु को खरीदते समय बिल अवश्य लें और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें। विशिष्ट अतिथि मधुसूदन खेमानी ने उपभोक्ता मामलों में समय पर शिकायत दर्ज कराने और दस्तावेज सुरक्षित रखने के महत्व पर जोर दिया। टॉक शो के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित उपभोक्ताओं ने बिजली, पानी, दूरसंचार, बैंकिंग, बीमा, स्वास्थ्य सेवाओं एवं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़ी समस्याओं को लेकर प्रश्न पूछे। विशेषज्ञों की ओर से इन सभी प्रश्नों का सरल भाषा में समाधान बताया गया, जिससे उपभोक्ताओं को व्यवहारिक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।कार्यक्रम का संचालन जिला उपभोक्ता समिति मंडावा के संरक्षक सुभाष बावलिया ने किया। उन्होंने उपभोक्ता समिति की भूमिका, कार्यप्रणाली व उपभोक्ताओं को मिलने वाली सहायता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में उपभोक्ताओं से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की उपभोक्ता शिकायत होने पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अथवा उपभोक्ता समिति से संपर्क करें।

टॉक शो में बड़ी संख्या में नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी वर्ग व उपभोक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को उपभोक्ता जागरूकता की दिशा में एक सार्थक पहल बताया गया। इस अवसर पर सुभाष बावलिया, मधु खेमानी बाबूलाल शर्मा, सूर्य प्रकाश लाहौरा, महीपाल मील, पवन कुमार शर्मा, प्रभुदयाल शर्मा, गोविंद जोशी, जितेंद्र सिंह शेखावत, रवि मिश्रा, हरीराम नायक, राजेन्द्र सनोदिया, संजय मील, सुरेन्द्र सुरोलिया, हनुमान प्रसाद रैगर, गोपाल देवड़ा, नवदीप भूतिया, सुशील लुहारूवाला सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# सुशासन पखवाड़ा के तहत विकास रथ यात्रा, जनसुनवाई व विकास कार्यों का लोकार्पण

## चनाणा, किठाना, गिडानिया व सुल्ताना में विधायक राजेंद्र भांबू ने की जनसुनवाई

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** भजनलाल सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'बढ़ता राजस्थान, हमारा राजस्थान - नव उत्थान, नई पहचान' अभियान के अंतर्गत सुशासन पखवाड़ा के दौरान विकास रथ यात्रा का आयोजन किया गया। विधायक राजेन्द्र भांबू के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत चनाना, किठाना, गिडानिया व नगरपालिका सुलताना में जनसुनवाई आयोजित की गई। साथ ही विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास व लोकार्पण किए गए। जनसुनवाई के दौरान विधायक राजेन्द्र भांबू ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक सुशासन, पारदर्शिता और विकास पहुँचाना है। विकास रथ यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को आमजन तक पहुँचाया जा रहा है। इस अवसर पर सुशासन पखवाड़ा के प्रभारी रतन सिंह तंवर, संयोजक मुकेश पातुसरी, सह-संयोजक बाबूलाल माहिच, विशम्भर पुनिया, सुलताना से राजकुमार जांगिड़, किठाना सरपंच हीरेंद्र धनखड़, सुरेन्द्र बड़सरा, सुरेश बड़सरा, राजकुमार मुंड, सुरेन्द्र भांबू, महेन्द्र सेन, राजपाल, राजवीर, जयप्रकाश सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गई और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समग्र विकास के संकल्प को दोहराया गया।

# बाटड़ानाऊ में अवैध संबंधों को लेकर की गई थी महिला की हत्या

## आरोपी युवक गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** उपखंड के बाटडानाऊ गांव में एक सप्ताह पहले धारदार हथियार से एक महिला की हत्या करने के मामले में लक्ष्मणगढ़ पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी राजाराम लेघा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मृतका के पड़ौस में ही रहने वाला राजेन्द्र मेघवाल (38 वर्ष) है। पुलिस ने आरोपी को 20 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान हत्या का कारण अवैध संबंध सामने आया है।

### घर में अकेली पाकर किया था हमला:

मृतका के बेटे सुरेन्द्र की ओर से पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार 14 दिसम्बर को वह किसी काम से मानासी गया हुआ था। घर पर उसकी मां भगवानी देवी अकेली थी। इस दौरान उनके घर के पास स्थित बाड़े में लकडिय़ा काटने का काम कर रहा गांव का राजेन्द्र घर में घुस गया और भगवानी देवी पर धारदार हथिया से हमला कर दिया। वारदात के बाद गंभीर घायल होने पर भगवानी देवी वहीं गिर गयी। इसी दौरान छत पर खेल रहे भगवानी देवी के नौ वर्षीय भतीजे ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने गंभीर घायल भगवानी देवी को फतेहपुर के धानुका अस्पतात में भर्ती करवाया, जहां से उसे सीकर रैफर किया गया लेकिन सीकर के एस के अस्पताल पहुंचने तक भगवानी देवी की मृत्यु हो गई। थानाधिकारी राजाराम लेघा ने बताया कि आरोपी राजेन्द्र द्वारा दिए बयानों में सामने आया कि मृतका भगवानी देवी के आरोपी राजेन्द्र के साथ कई वर्षों से अवैध संबंध थे। भगवानी देवी के पति फूसाराम का निधन चार साल पहले ही हो गया था। राजेन्द्र पहले शराबी था, बाद में भगवानी देवी के कहने पर उसने शराब भी छोड़ दी थी। करीब एक साल पहले राजेन्द्र को शक हुआ कि भगवानी देवी किसी और से भी फोन पर बात करती है तथा उसका किसी अन्य से भी संबंध है। इसके बाद से आरोपी राजेन्द्र उस पर नजर रख रहा था और उसे मारने की फिराक में था। आखिरकार 14 दिसम्बर को मौका मिलते ही उसने भगवानी देवी की हत्या कर दी। आरोपी राजेन्द्र खुद भी शादीशुदा है तथा उसके एक 20 साल का बेटा व 18 तथा 16 साल की दो बेटियां है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि वारदात के बाद आरोपी पैदल ही खेतों में भाग गया। करीब एक सप्ताह तक आरोपी राजेन्द्र खेतों के रास्ते भागता फिर रहा था। इस दौरान उसने कहीं कुछ खाया नहीं और खेतों में बने टांकों से पानी पीकर काम चला रहा था। पुलिस ने आरोपी को सालासर के नजदीक स्थित बड़ाबर के बीहड़ में गिरफ्तार किया। आरोपी के लगातार भूखे रहने की बात पता लगने पर पुलिस ने उसे लक्ष्मणगढ़ थाने में लाकर खाना खिलाया। मृतका भगवानी देवी के दो बेटे है।

# *राष्ट्रीय सैनी सभा की कोर कमिटी की बैठक आयोजित*



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ के डूंडलोद नगर पालिका में राष्ट्रीय सैनी सभा की राष्ट्रीय स्तरीय कोर कमिटी बैठक डूंडलोद सैनीपूरा में सम्पन्न हुई। जिसमें संस्था के आगे की रणनीति को लेकर विचार विमर्श हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सैनी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश कुमार सैनी, राष्ट्रीय महासचिव जय भगवान सैनी, राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट बाबूलाल सैनी, जयपुर हाईकोर्ट राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष तेजपाल सिंह सैनी, राष्ट्रीय संगठन सचिव मनोहर लाल सैनी, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी महेश कुमार सैनी, प्रदेश महासचिव उत्तरप्रदेश प्रवीण सैनी, प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान डॉ श्रवण कुमार सैनी ,महिला प्रदेश अध्यक्ष उषा सैनी, डॉ मनोज कुमार सैनी प्रदेश महासचिव प्रदेश कोषाध्यक्ष मुख्य अतिथि को माला व साफा पहना कर भव्य स्वागत किया। जिसमें राजस्थान के अलग अलग जिलों से जिला अध्यक्ष मीटिंग में पहुंचे। जिला अध्यक्ष डॉ महेश कुमार सैनी ने बताया कि समाज के उत्थान के लिए संस्था क्या कर सकती इस पर सभी आए हुए अतिथियों से विचार विमर्श किया। सीताराम सैनी नगर अध्यक्ष डूडलोद व सुभाष चौबदार पत्रकार प्रदेश मीडिया प्रभारी राजस्थान ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर महिला शक्ति में लक्ष्मी सैनी एडवोकेट महिला जिला, अध्यक्ष युवा झुंझुनूं ऋतु सैनी बगड़ महिला जिला अध्यक्ष झुंझुनूं अंजू सैनी बिरोल जिला संरक्षक झुंझुनूं मौजूद रही। मनीष कुमार सैनी जिला अध्यक्ष युवा झुंझुनूं ओमप्रकाश सैनी, चिड़ावा जिला संरक्षक झुंझुनूं नीलम सैनी एडवोकेट, उदयपुरवाटी जिला उपाध्यक्ष झुंझुनूं राजकुमार सैनी, नगर अध्यक्ष सूरजगढ़ बाबूलाल सैनी, विधानसभा अध्यक्ष मंडावा हरिराम सैनी, जिला उपाध्यक्ष झुंझुनूं महेश सैनी चिराना, विधानसभा सचिव नवलगढ़ प्रभु हलवाई, जिला संरक्षक झुंझुनूं डॉ अनूप सैनी, नवलगढ़ व डूंडलोद नवलगढ़ के सैनी समाज के नागरिक मौजूद रहे।

## मंडावा के लाल असम में दिखाएंगे कमाल

# करणी कृपा स्कूल के 17 खिलाड़ियों का नेशनल थांग-ता प्रतियोगिता में चयन




जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** शेखावाटी की धरती से अब खेल की दुनिया में एक नई इबारत लिखी जा रही है। मंडावा स्थित करणी कृपा स्कूल के 17 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने अपनी कड़ी मेहनत और संस्था के मार्गदर्शन से सब जूनियर नेशनल थांग-ता प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर विद्यालय और समूचे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। संस्था के एकेडमिक डायरेक्टर डॉक्टर दिशांत ने बताया कि यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 22 दिसंबर से 24 दिसंबरबतक असम की राजधानी गुवाहाटी में आयोजित की जा रही है। राजस्थान की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए ये बच्चे 'थांग-ता' में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। उन्होंने बताया कि स्टेट लेवल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन और खेल कौशल के दम पर गुंजन जांगिड़, सचिन सिंह, अब्दुला खत्री, प्रियंका शेखावत, रुद्र खांडल, कनिष्का शेखावत, सुमित, रविन्द्र सिंह, मानवेंद्र सिंह राठौड़, मयंक बुडानिया, हीना शेखावत, चैतन्य मीणा, हितेश पचार, जागृति शेखावत, रोहित माहवार, युवराज सिंह और प्रशांत सिंह का नेशनल प्रतियोगिता में चयन हुआ है।

### स्कूल में जश्न का माहौल:

इस बड़ी उपलब्धि पर स्कूल प्रशासन और शिक्षकों में भारी उत्साह है। विद्यालय के डायरेक्टर गणेश सिंह शेखावत व एकेडमिक डायरेक्टर डॉक्टर दिशांत ने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई करते हुए कहा, 'यह हमारे स्कूल के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। इन बच्चों ने साबित कर दिया है कि अनुशासन, समर्पण और बेहतरीन प्रशिक्षण से किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है। हमें पूरा विश्वास है कि ये खिलाड़ी नेशनल लेवल पर मेडल जीतकर मंडावा और राजस्थान का मान बढ़ाएंगे।


**कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

कमांक : न.प. सु. / भूमि शाखा / 2025 / 9747 दिनांक 22-12-2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा कृषि भूमि नियमन अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के सम्बंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे 7 बाद मियाद गुजरने पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी ।

| क. सं. | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | ख.नं. | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय/ व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्रीमती सुमन देवी पत्नी श्री केशुदास स्वामी | सुजानगढ़ | 523/5 15 | 518.55 | आवासीय |

आयुक्त
नगरपरिषद, सुजानगढ़

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**
E-mail id:- raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504

क्रमांकः– न.पा.रा. / 2025–26 / 10876 दिनांकः– 19.12.2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for 01 Work is invited from interested bidders upto 02-01-2026, 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) (www.eproc.rjasthan.gov.in)
NIB Code – DLB2526A9265
UBN Code – DLB2526WSRC27679
राज.संवाद / सी / 25 / 16194 अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर**

क्रमांक : डी-1672-81 दिनांक : 16/12/2025

**ई-निविदा सूचना सं. 32/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत सड़क मरम्मत एवं एलएसजी सड़क निर्माण कार्य कुल 03 कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर. पी. डब्ल्यू.ए.-100 की शर्त लागू होगी। ई - निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A4742 के UBN No. निम्न प्रकार है :-

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2526WSOB18924 | 2. | PWD2526WSOB18925 |
| 3. | PWD2526WSOB18926 | | |

(विजय प्रताप कस्वां)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड - तारानगर
DIPR/C/18765/2025

**कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू**

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है:-

| क्र.सं. | बिड संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ईबोली सूचना संख्या 31/2025-26 | Galvanized Weld mesh size 5 inch X 5 inch Gap, Height 1.5 Mtr, Wire Dia 2 mm 30771 कि.ग्रा | 21.16 लाख | FOR2526GLOB 03876 |

ई बोली सें संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सें संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.Sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप वन संरक्षक.
चूरू
DIPR/C/18768/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता,
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड- सुजानगढ़**
E-Mail- eesuj.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांकः अअ / जनस्वा / निविदा / 2025-26/1725-1745 दिनांक 12.12.2025

**'ई' निविदा सूचना संख्या 35 से 36 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्ल्यू. एफ. एण्ड ए. आर. पार्ट -ना अपेडिक्स दिनांक 01.07.1999 से लागू एवं समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों (आज तक) के अनुरूप विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों एवं संबंधित कार्यों में अनुभव रखने वाली फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

निविदा फर्म ऑनलाईन वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in से कॉलम संख्या 06 में अंकित तिथि तक सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किये जा सकते है। वैब साईट पर तकनिकी बिड कॉलम संख्या 08 में अंकित तिथि को इस कार्यालय में प्रातः 11.30 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवंश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर तकनिकी बिड़ खोली जावेगी।

निविदा शुल्क / धरोहर राशि ई-ग्रास के माध्यम से जो कि अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड -सुजानगढ़ (डी. डी. ओ. कोड 13128) के नाम देय हो एवं ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क रू0 50.00 लाख तक 500 /- रूपये तथा 50.00 लाख से अधिक 1000 /- रूपये ई-ग्रास के माध्यम से जो कि MD, RISL Payable At Jaipur के नाम से देय हो इस कार्यालय में कॉलम संख्या 07 में अंकित तिथि एवं समय सांय 6.00 बजे तक जमा करवाना आवश्यक है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल (MSC ) हस्ताक्षर के माध्यम से वैब साईट http//eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

| NIB No | UBN No. |
|---|---|
| 35/2025-26 | PHE 2526 WSOB 09793 |
| 36/2025-26 | PHE 2526 WSOB 09794 |

(कैलाश चन्द माली)
अधिशाषी अभियन्ता,
जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड-सुजानगढ़
DIPR/C/18735/2025

**कार्यालय प्रधानाचार्य, पं. दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज, चूरू**
website- www.education.rajasthan.gov.in/mcchuru
Email- principal.mc.churu@rajasthan.gov.in Phone: -01562-251888

कमांक :-लेखा/निविदा/Ophthalmology Equipment/2025/692 दिनांकः 15-12-20235

**E-NIT- 22/2025-26**
**(UBN No.-MCC2526GLOBO0027)**

Online Bid for Supply of Ophthalmology Equipments are invited from interested bidders up to 06:00 PM on dated 24:12-2925 for Medical College, Churu. The estimated value of procurement is about Rs 99,50,000/-. Other particulars of the bid may be visited on the Procurement Portal htpp//sppp.rajasthan.gov.in of the State, https//eproc.rajasthan.gov.in.

Principal
PDU Medical College, Churu
DIPR/C/18698/2025

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
23 दिसम्बर, 2025

## नुक्कड़ सभाएं कर दी विधिक जानकारी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू व तालुका विधिक सेवा समिति सुजानगढ़ के निर्देश अनुसार पी एल वी विजयपाल स्योराण ने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों व उनकी योजनाओं की जानकारी देते हुए मोहल्लों में नुक्कड़ सभाएं की। पैरा लीगल वॉलंटियर ने लोगों को एकत्र कर विभिन्न कानूनी जानकारियां दी और बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को कई तरह के विशेष अधिकार प्राप्त हैं, जैसे- कोर्ट सहित सभी जगह 60 साल से ऊपर के नागरिकों को प्राथमिकता से सुनवाई का अवसर प्राप्त है, रोडवेज, ट्रेन यात्रा किराये में नियमानुसार छूट प्राप्त है। सन्तान, वारिस से गुजारा राशि पाने का भी कानूनी हक है। इसी प्रकार अन्य जानकारियां भी दी गई। जन उपयोगी सेवाओं के समाधान के लिए स्थाई लोक अदालत का सदुपयोग करने की भी जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह निषेध कानून के बारे में बताया गया।

## एबीवीपी ने किया ओपन वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सुजानगढ़ व विकास सेठिया मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में नया बास क्लब मैदान में ओपन वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ राजेश सुंदरिया, प्रदीप बाफना, तरुण कुमार लोढा, डॉ. शर्मिला सोनी, आशीष सोनी, ओमप्रकाश तूनवाल, जय सिंह राठौड़, सुभाष पारीक आदि ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। जिला संयोजक जयसिंह राठौड़ ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 10 से अधिक टीमों ने भाग लिया। विकास सेठिया मेमोरियल ट्रस्ट परिवार के सदस्य राजेश सुंदरिया ने विचार प्रकट किए। डॉ. शर्मिला सोनी ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से युवाओं के शारीरिक, मानसिक व सामाजिक विकास एवं युवाओं को नशा, मोबाइल गतिविधियों से दूर रखते हुए खेलों से जोड़ने की अच्छी पहल बताया। प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम राम सिंह जसवंतगढ़ को 5,100 पुरस्कार राशि व स्मृति चिन्ह व उपविजेता टीम आकाश गुर्जर सुजानगढ़ को 2,100 पुरस्कार राशि व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भारतभूषण तूनवाल, कुलदीप प्रजापत, महावीर पथानिया, युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी, नगर मंत्री शुभम प्रजापत, इकाई अध्यक्ष बच्चन सिंह जोधा, कृष्ण स्वामी, राहुल शर्मा, सिद्धार्थ, हर्ष, देवकीनंदन आदि मौजूद रहे।

## विकास रथ का स्वागत, सरकार की योजनाओं की दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** नगरपालिका कार्यालय परिसर में सोमवार को राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शहरी समस्या समाधान शिविर वार्ड 26 से 30 का आयोजन किया गया। शिविर में सुशासन विकास रथ का आगमन हुआ, जिसका स्वागत प्रधान संतोष मेघवाल एवं अध्यक्ष सीताराम प्रजापत ने फीता काटकर व तिलक लगाकर किया। इस दौरान प्रधान संतोष मेघवाल ने 'बढ़ता राजस्थान, हमारा राजस्थान' अभियान के तहत सरकार की नव उत्थान, नई पहचान और महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं अध्यक्ष सीताराम प्रजापत ने आमजन से सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। अधिशाषी अधिकारी भरत गौड़ ने अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया। विकास रथ के माध्यम से राज्य सरकार की ओर से पिछले दो वर्षों में किए गए विकास कार्यों का लाइव प्रसारण आम नागरिकों को दिखाया गया। शिविर में भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी, पार्षद ललित माली, बेगराज नाई, सांवरमल नाई, घीसाराम मेघवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण तिवारी, सच्चयालाल बेद, राम निवास माली, कानाराम जाट, शिवरतन दर्जी, पुसाराम चौहान, बजरंग मोदी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, पालिका कर्मचारी व नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सकील बल्खी ने किया।

## बीदासर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 3400 ट्रामाडोल गोलियों के साथ युवक गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** पुलिस ने रविवार देर रात को एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स से मिली सूचना के आधार पर नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। थानाधिकारी दिलीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नया बस स्टैंड से बीदासर निवासी वैभव नामक एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3400 ट्रामाडोल की गोलियां बरामद की हैं। थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि बीदासर क्षेत्र में नशे की दवाइयों की बड़ी मात्रा में अवैध बिक्री की जा रही है। सूचना की पुष्टि के बाद थानाधिकारी मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की आगे की जांच तपतीस साण्डवा थाना अधिकारी चौथमल को सौंपी गई है। पुलिस नशे के अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है।

# लॉयन्स क्लब की चार्टर संध्या में कमल तापड़िया को मिला लॉयन ऑफ द ईयर का खिताब

### गतिविधियों पर मंथन, वक्ताओं ने सेवा और समर्पण पर दिया बल

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय माहेश्वरी सेवा सदन में लायंस क्लब सुजानगढ़ की द्वितीय चार्टर संध्या पर -परचम.. कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष प्रशांत पारीक ने की। जबकि मुख्य अतिथि प्रान्तपाल एमजेएफ सुधीर वाजपेयी रहे। बतौर अति विशिष्ट अतिथि सह प्रान्तपाल द्वितीय एमजेएफ आर.एस. मदान, मुख्य वक्ता पूर्व प्रान्तपाल एमजेएफ लायन श्रवन केजरीवाल मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि रीजन चैयरमेन डॉ. एन.एस. नरुका और ज़ोन चैयरमेन एमजेएफ कमल तापड़िया ने मंच की शोभा बढ़ाई। सचिव अशोक जाजू और कार्यक्रम संयोजक लायन देवकृष्ण मालपानी, सह संयोजिका सुषमा मूंदड़ा भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब चार्टर के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। ध्वज वंदना मुरली राठी ने की और उसके बाद विश्व शान्ति के लिए मौन प्रार्थना कर राष्ट्र गान किया गया। अतिथियों का माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत करने के पश्चात क्लब अध्यक्ष प्रशांत पारीक ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि लॉयन होना मानवता के प्रति जिम्मेदारी का निर्वहन है। क्लब सचिव अशोक जाजू ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समाज सेवा में निरंतर आर्थिक सहयोग देने वाले भामाशाहों - सीताराम, पवन मौसूण, कमला सिंघी, सेठ चिमनीराम जाजोदिया चैरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी कुशलचंद, समाज सेवी सुभाष बेदी, गोपाल साबू, सुमेरमल कठोतिया, निर्मल कुमार नाहटा, केसरमल बटेसर का सम्मान किया गया। इसी कड़ी में क्लब सेवा गतिविधियों के लिए धन संग्रह कार्यक्रम में सर्वाधिक धन संग्रह करने वाले सदस्यों एडवोकेट रजनीकांत सोनी, देवेंद्र बेदी व एमजेएफ कमल तापड़िया को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पर्यावरण मित्र एडवोकेट रजनीकांत सोनी, देवकृष्ण मालपानी व देवेंद्र बेदी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। क्लब सदस्यों को 100 प्रतिशत अटेंडेंस अवॉर्ड, एक्टिविटी अवॉर्ड व टीम वर्क अवॉर्ड से नवाजा गया। अपने उद्बोधन में रीजन चौयरमेन डॉ. एन.एस. नरुका और जोन चेयरपर्सन एमजेएफ कमल तापड़िया ने सभागार में बड़ी संख्या में उपस्थित लॉयन साथियों को लॉयन फेलोशिप की मिसाल बताया और सराहना की। सह प्रान्तपाल द्वितीय एमजेएफ आर.एस. मदान ने अपने उद्बोधन में कहा कि लायंस क्लब सुजानगढ़ ने लॉयनवाद की परंपराओं को कायम रखते हुए सेवा के नए आयाम स्थापित किए हैं। मुख्य वक्ता एवं पूर्व प्रांतपाल श्रवण केजरीवाल ने कहा कि लायंस पिन धारण करना गर्व की बात है, लेकिन इसके साथ ही समाज के वंचित वर्ग के प्रति हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। समारोह के मुख्य अतिथि प्रान्तपाल लायन सुधीर वाजपेयी उद्बोधन में क्लब की गतिविधियों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने सचिव की ओर से प्रस्तुत प्रतिवेदन पर विशेष टिप्पणी करते हुए कहा कि लायंस क्लब सुजानगढ़ ने अल्प समय में ही सेवा का जो इतिहास लिखा है, वह पूरे जिले के लिए अनुकरणीय है। चाहे वह चिकित्सा शिविर हो, जरूरतमंदों की आर्थिक सहायता हो या अन्य सामाजिक सरोकार, इस क्लब ने हर क्षेत्र में अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया है। अध्यक्ष प्रशांत पारीक ने जोन चेयरपर्सन एमजेएफ कमल तापड़िया को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए -लायन ऑफ द ईयर.. के प्रतिष्ठित खिताब से नवाजा। डॉ मधुसूदन शर्मा मेमोरियल अवॉर्ड फॉर मोस्ट एक्टिव लॉयन का खिताब लॉयन व भामाशाह लॉयन कमला सिंघी को डॉ शर्मा के पुत्र डॉ अशोक शर्मा, जयपुर व उनके परिजनों की ओर से दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक लायन देवकृष्ण मालपानी ने सभी का आभार व्यक्त किया। सभा का कोषाध्यक्ष रोहित शर्मा, एडवोकेट अंकित चोटिया, सुनीता रावतानी ने किया। संजय गोयल, कैलाश खंडेलवाल, पवन मौसूण, कैलाश तंवर, रूपेश शर्मा, हरनारायण शारदा, भुवनेश अग्रवाल, अभिषेक पोद्दार, दीपेश शारदा, यश जगवानी, अभिलाष छाबड़ा, कमला सिंघी, सुनीता तापड़िया, सुनीता बेदी, मोनिका सोनी, कविता गोयल, चित्रा जगवानी, उषा तंवर, रेखा सोनी, प्रीति शारदा, सरिता जाजू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की भव्यता में चार चांद लगाने के लिए लायंस क्लब झुंझुनूं, झुंझुनूं गौरव, रतनगढ़ प्रेरणा, चूरू, सरदारशहर, रतनगढ़, वेस्ट तारानगर, फतेहपुर, फतेहपुर लक्ष्मीनाथ, तारानगर, चूरू समर्पण, सीकर, लायंस क्लब के पदाधिकारी व सदस्यों ने भी विशेष रूप से शिरकत की।

## धर्मेन्द्र कीलक का विभिन्न संस्थाओं ने किया सम्मान

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र कीलक के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न संस्थाओं की ओर से स्थानीय प्रगति नगर में उनका अभिनंदन किया गया। महंत स्वामी कानपुरी महाराज, संत महेशानंद महाराज और स्वामी रामशरण आचार्य के सान्निध्य में आयोजित अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी पवन तोदी ने की और मुख्य अतिथि विधायक मनोज मेघवाल रहे। जिला सरपंच संघ की ओर अभिनंदन पत्र भेंट कर संघ के जिला अध्यक्ष विकास सारण, रूपाराम कस्वां, पन्नाराम मेघवाल, सरपंच हरदेव बांगड़ा, चरला सरपंच प्रतिनिधि मनसुख गोदारा, मनोज ढाका, रूपाराम भामू, रणधीसर के मनसुख खेरिया, शंकरलाल ज्याणी आदि जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर सुजानगढ़ जाट समाज अध्यक्ष भंवरलाल बुगालिया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव रामजीलाल शर्मा, अशोक जाखड़ पूर्व प्राचार्य लादूराम झुरियां, सिद्ध समाज से मोहन नाथ सिद्ध जेतासर, दूंकर के तुलछाराम भामूं, पंचायत समिति पूर्व सदस्य केसराराम सींवर, कैमिस्ट एसोसिएशन के सुमनेश शर्मा, एवरग्रीन पब्लिक स्कूल के निदेशक रतन सैन, संगीत साधना संस्थान के सचिव मुकेश रावतानी, साहिद खान मेव, ओम प्रकाश तूनवाल, शंकरलाल पारीक, मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा, सचिव कमल नयन तोषनीवाल, रामनारायण सारण, जोगेंद्र भामू, विश्वनाथ माली, रामेश्वर लाल बिजारणियां, विश्व हिन्दू परिषद के कपिल पारीक, रामनिवास ज्याणी, देवाराम लोमरोड बम्बू, सीताराम स्वामी भंवरदास, नानूराम भुवाल, भंवरलाल गुलेरिया, पवन अग्रवाल गणेश बुरड़क लोढसर, मनोज बगड़िया चाडवास, हरी किलका, भागीरथ कुल्हरि, मदन सोनी, अशोक कीलका, सांवरमल जाजड़ा, हरि भामूं, गायत्री सेन, प्रमेंद्र कुकणा बीकानेर, जिलाध्यक्ष हरलाल ढाका चूरू, सेवानिवृत आर्मी मैन रामनिवास तेतरवाल आदि ने पुष्पाहार से स्वागत धर्मेन्द्र कीलक का स्वागत किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र कीलक ने कहा कि एक वर्ष के कार्यकाल में उन्हें सभी का सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि केवल जाट समाज ही नहीं अपितु मुझे सभी समाज और जाति वर्ग का पूर्ण सहयोग मिला, जो मुझे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा। संचालन डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने किया।

## सुमन्य सुरेका का किया भव्य अभिनंदन

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय अग्रसेन भवन में अग्रवाल मित्र मंडल के तत्वावधान में खेल प्रतिभा सम्मान समारोह में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश व राजस्थान का नाम रोशन करने वाले समन्यु सुरेका को सम्मानित किया गया। भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज गुप्ता व सत्यनारायण सुरेका को भी शॉल, स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कैलाश सराफ, सत्यनारायण सुरेका, नीलम सुरेका, पूनम गुप्ता खिलाड़ी समन्यु सुरेका मंचस्थ रहे। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत पवन माहेश्वरी, हर्ष जालान, अंकिता जालान, मीरा जालान, मुरारी सराफ संजना जालान, निंकु सराफ, जगदीश जालान आदि ने साफा पहनाकर व माल्यार्पण से किया। इस अवसर पर रानी सती महिला मंडल, सुजानगढ़ व्यापार मंडल, मोदी पब्लिक स्कूल, समाजसेवर शंकर समारिया, संतोष बेडिया, राजकुमार कनोई, लायंस क्लब की ओर से एमजेएफ कमल तापड़िया, रवि खेमका आदि ने भी सुमन्य सुरेका का सम्मान किया। कार्यक्रम में सोहनलाल जालान, श्याम रामगड़िया, मीरा जालान, सरिता सराफ, विद्या जालान, पवन जालान, खड़क सिंह बांठिया, पवन जोशी, सांवरमल अग्रवाल, ऋषभ जालान, सौरभ सराफ, वैभव सराफ, कुनाल जालान, गौरव अग्रवाल, भगौती प्रसाद जैसनसरिया, मुरलीधर अग्रवाल, रंजना माहेश्वरी, जितेंद्र मिरेंका, पवन दादलिका, पवन बेडिया आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दिशा माहेश्वरी ने किया। बता दें कि सुमन्य सुरेका ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन में आयोजित ताईक्वांडो में गोल्ड मैडल सहित कुल चार पदक जीते थे। इससे पहले सुरेका और उनके परिवार को बैंड बाजों और पुष्पवर्षा के साथ मंच तक लाया गया।

### रतिनाथ जी की तीसरी बरसी पर सूरत में भजन संध्या

## राजस्थान के प्रसिद्ध संत आकाश नाथ जी के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

जयपुर टाइम्स





**सालासर(निस)।** राजस्थान के प्रसिद्ध संत आकाश नाथ जी महाराज ने बऊ धाम के महान संत रतिनाथ जी महाराज की तीसरी पुण्य तिथि पर सूरत में प्रवासी बंधुओं की ओर से विशाल भजन संध्या का आयोजन किया। झारिया धाम के महंत आकाश नाथ जी के दर्शनों के लिए भारी भीड़ सुरत में उमड़ी। संत आकाश नाथ जी व उनके श्रद्धालुओं ने रति नाथ जी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद भजन संध्या का आगाज हुआ। गणेश आया रिद्धि सिद्धि लाया के भजन के साथ ही हाल नाथ जी महाराज के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इसके बाद रतिनाथ जी के भजनों की स्वर लहरियो से माहौल भाव विभोर हो गया। इस मौके पर विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ। जिनमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आकाश नाथ जी महाराज के सुरत पहुंचने पर पुष्प वर्षा से भव्य, दिव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर मोनू देवड़ा, मधु शर्मा, प्रदीप गाडियां, दिनेश सैनी, राधेश्याम, नदु सोनी, कोलकाता केडी पुजारी, बाबूलाल राव, गोपाल ढाका, सोनू, अमित, हेमंत पाराशर, अशोक सोनी, राजु डूडलोद, नरेंद्र कुमार, रवि, रुपेश शर्मा सहित हजारों भक्त मौजूद रहे।

## भगवान सत चित आनन्द स्वरूपः अवधेशानंद गिरी

जयपुर टाइम्स



**सालासर(निस)।** लक्ष्मणगढ रोड़ पर स्थित चमेली देवी अग्रवाल मांगलिक सभागार के पीछे अवधेशानन्द मिशन प्रभु प्रेमी संघ चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सालासर धाम मे चल रही सात दिवसीय श्रीराम कथा के चैथे दिन स्वामी अवधेशानन्द गिरी महाराज ने श्रीराम कथा के अनेक प्रसंग सुनाए। कथा मे महाराज ने कहा कि भगवान सत चित आनन्द स्वरूप हैं। जीवन का परम सत्य उसी अविनाशी, परम सत्ता का साक्षात्कार है और वही जीवन की सिद्धि है। वेद का शीर्षस्थ भाग उपनिषद् है। प्रणव ? को लक्ष्य बनाकर परमेश्वर तक पहुँचा जा सकता है। गुरु विश्वामित्र के साथ दोनों भाइयों को देखकर राजा जनक की समाधिसदृश अवस्थाय पुष्प-वाटिका में भगवान राम व माता सीता का प्रथम साक्षात्कारय और माता पार्वती की आराधना हेतु सीता माता का मन्दिर गमन ये सभी प्रसंग सहजता और दिव्यता के संगम बने। महाराज ने कहा कि धनुष यज्ञ के माध्यम से सहजता का महत्त्व विशेष रूप से उद्घाटित हुआ। जहाँ अनेक प्रतापी राजा असफल रहे, वहीं गुरु की आज्ञा पाकर श्रीराम ने शान्त, सरल भाव से धनुष भंग किया। कथावाचक ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारी रक्षा करें, पोषण करें, हम मिलकर साहस और ऊर्जा से साधना करें, हमारे अध्ययन में तेज, स्पष्टता और पवित्रता बनी रहेय और हमारे बीच कभी विद्वेष न पनपे। इस दौरान आयोजन समिति के महेन्द्र लोहारिया, नीरज गर्ग, सीमा प्रभु, राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व-कुलपति डॉ. रामसेवक दूबे, महामण्डलेश्वर पूज्य स्वामी ललितानन्द गिरि महाराज, महामण्डलेश्वर पूज्य स्वामी अपूर्वानन्द गिरि महाराज, महामण्डलेश्वर पूज्य स्वामी राजराजेश्वरानन्द गिरि महाराज, महामण्डलेश्वर पूज्य स्वामी कर्णपुरी महाराज, पूज्य श्रीमहन्त स्वामी अशोक गिरि, श्रीकिशन पुजारी, मिठनलाल पुजारी, काबर पुजारी, यशोदानन्दन पुजारी, रविशंकर पुजारी, सत्यप्रकाश, अरविन्द पुजारी, राकेश पुजारी नागरमल पुजारी, प्रथम पुजारी सहित हजारो श्रोता उपस्थित रहे।

## ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवती की मौत

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** थाना क्षेत्र में दुंकर रोड पर सोमवार को ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवती की मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद ट्रक चालक मौक़े से फरार हो गया। सूचना मिलते ही बीदासर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका को एंबुलेंस की सहायता से बीदासर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को मोर्चरी में रखवाया गया।जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान 28 वर्षीय सुशीला मण्डा पत्नी शंकर मण्डा, निवासी बालेरा के रूप में हुई है। सुशीला दो बच्चों की मां थी और बीदासर से बालेरा की ओर स्कूटी से जा रही थी इस दौरान पास से गुजर रहे ट्रक को ओवरटेक करते समय स्कुटी का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक की चपेट में आ गई , जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर थानाधिकारी दिलीप सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## एक लाख रुपए से अधिक का लगाया जुर्माना

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** एडीएम संतोष कुमार मीणा ने गोपालपुरा व आस-पास के औद्योगिक खनन क्षेत्र में निरीक्षण किया। जिस पर एक भारी वाहन में 15 टन वजनी मैसनरी स्टोन मिला। लेकिन चालक रामनिवास के पास कोई वैध ई रवाना या टीपी नहीं मिली। जिसके चलते वाहन पर 1 लाख, 6 हजार, 7 सौ रूपए का जुर्माना लगाया गया।

## रेड क्रॉस सोसाइटी ने 140 छात्राओं को वितरित की स्वेटर



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा चूरू की ओर से ताराचन्द मरदा की स्मृति में शरद मरदा, मरदा सेवा ट्रस्ट चूरू के सौजन्य से राजकीय सर्व हितकारी बालिका उमावि चूरू की 140 छात्राओं को स्वेटर वितरण की गई। कार्यक्रम संयोजक जगदीश शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर समसा एडीपीसी सरिता आत्रेय, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक चूरू बृजेंद्र दाधीच, रेड क्रॉस सोसायटी सचिव रघुनंदन शर्मा, उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर शर्मा, छतरसिंह डागा, बालकृष्ण बंशिया, सुनील भाउवाला के आतिथ्य व प्रधानाचार्य अमरसिंह कस्वां की अध्यक्षता में स्वेटर वितरित की गई। सर्वप्रथम मां सरस्वती के समकक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा चूरू के श्याम सुंदर शर्मा ने संस्था के सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मरदा सेवा ट्रस्ट चूरू की ओर से सरकारी विद्यालयों में स्वेटर वितरण कर पुण्य का कार्य किया है। सरिता आत्रेय ने भामाशाह व रेड क्रॉस का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विधालय के उपप्रधानाचार्य महावीर प्रसाद, राजेश कस्वां, मंजू सोनी, अंजू रोहिल्ला, सुशीला व राजकुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता अभिलाषा भाटी ने किया। प्रधानाचार्य अमरसिंह कस्वां ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## किसान सम्मेलन का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत मंगलवार को राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन मेडता सिटी, जिला नागौर में किया जाएगा। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बताया कि राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन के साथ ही झुंझुनूं जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम सूचना केंद्र सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान किसानों के हित में संचालित राज्य सरकार की योजनाओं, नवाचारों व उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी।